प्र-कुलगुरु, सावित्रीबाई फुले पुणे विद्यापीठ

**उच्च** शिक्षण हे प्रत्येक विद्यार्थ्याच्या आयुष्यातील एक अत्यंत महत्त्वाचे आणि स्वप्नपूर्तीचे वळण असते. आजची तरुण पिढी प्रचंड महत्त्वाकांक्षी, तंत्रज्ञानस्नेही आणि नवकल्पनांनी समृद्ध आहे. विविध प्रवेश परीक्षांच्या माध्यमातून हे गुणवंत विद्यार्थी स्वतःची बौद्धिक क्षमता आणि कठोर परिश्रम करण्याची तयारी सातत्याने सिद्ध करत आहेत. ही सकारात्मक ऊर्जा आणि अभ्यासाची चिकाटी देशाच्या उज्ज्वल भविष्याची मोठी ताकद आहे. परंतु, या स्पर्धात्मक टप्प्यानंतर जेव्हा प्रत्यक्ष पदवी किंवा पदव्युत्तर अभ्यासक्रमात प्रवेश घेण्याची वेळ येते, तेव्हा ती प्रवेश प्रक्रिया जेवढी सुटसुटीत, पारदर्शक आणि गतिमान असेल, तेवढाच विद्यार्थ्यांचा उत्साह द्विगुणित होतो. एक शिक्षणतज्ज्ञ आणि विद्यापीठीय प्रशासक म्हणून काम करताना मला असे वाटते की, प्रवेश पद्धती आणि प्रत्यक्ष मूळ अभ्यासक्रम या दोन महत्त्वाच्या टप्प्यांमध्ये एक सुंदर आणि सकारात्मक समतोल साधणे ही काळाची गरज आहे.

प्रवेश परीक्षांमुळे विद्यार्थ्यांमध्ये अभ्यासाची शिस्त आणि आव्हानांना सामोरे जाण्याची क्षमता निर्माण होते. मात्र, या टप्प्यानंतर जेव्हा विद्यार्थी महाविद्यालयाच्या वर्गात पाऊल ठेवतात, तेव्हा त्यांना खऱ्या अर्थाने 'शिकण्याचा आनंद' मिळायला हवा. मूळ अभ्यासक्रम हा केवळ गुणांपुरता मर्यादित नसून तो विद्यार्थ्यांच्या विचारप्रक्रियेला आकार देणारा, संशोधनवृत्ती वाढवणारा आणि प्रात्यक्षिक ज्ञान देणारा असतो, हेही ध्यानात घ्यायला हवे. जेव्हा प्रवेशाची प्रक्रिया विनासायास आणि वेळेत पूर्ण होईल, तेव्हा विद्यार्थी नव्या उमेदीने आणि तणावमुक्त मनाने वर्गात प्रवेश करतील. याचा थेट सकारात्मक परिणाम उच्च शिक्षणाच्या गुणवत्तेवर होईल.

शिक्षण व्यवस्थेचा मुख्य उद्देश विद्यार्थ्याला केवळ गुण मिळवणारा परीक्षार्थी न बनवता, त्याला स्वयंप्रेरित ज्ञानार्थी आणि अभ्यासू बनवणे असायला हवा. प्रवेश प्रक्रियेतील प्रशासकीय गुंतागुंत कमी होते, तेव्हा विद्यार्थ्यांचा मौल्यवान वेळ आणि ऊर्जा वाचते. या वाचलेल्या वेळेचा सदुपयोग विद्यार्थी अवांतर वाचन, नवनवीन कौशल्ये आत्मसात करणे, प्रात्यक्षिक प्रयोग आणि संशोधनात्मक विचारांसाठी करू शकतात. विद्यार्थ्यांना अभ्यासाची आणि विचार करण्याची पुरेशी मोकळीक मिळते, तेव्हाच त्यांच्यात त्याविषयीची सखोल आवड आणि त्यातूनच अभ्यासू वृत्ती निर्माण होते. विद्यार्थ्यांच्या प्रत्येक मिनिटाचा



उपयोग त्यांच्या बौद्धिक आणि सर्वांगीण विकासासाठी होणे हेच खऱ्या शिक्षणाचे ध्येय आहे.

**वेळ, ऊर्जा आणि वेळापत्रक**

विद्यार्थ्यांची शारीरिक, मानसिक ऊर्जा आणि त्यांचा वेळ ही आपली खरी मानवी संपत्ती आहे. आज डिजिटल तंत्रज्ञानाच्या मदतीने केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया (CAP) अधिक सक्षम आणि वेगाने राबवणे शक्य झाले आहे. कागदपत्रांची डिजिटल पडताळणी आणि सुटसुटीत प्रणालीमुळे प्रवेशाच्या फेऱ्या कमी वेळेत पूर्ण करता येतात. प्रवेश प्रक्रिया जलद झाल्यास संपूर्ण शैक्षणिक वर्ष वेळेवर चालते. परिणामी, शिक्षकांना अभ्यासक्रम घाईघाईने उरकण्याऐवजी विद्यार्थ्यांना संकल्पना शांतपणे समजून सांगण्यासाठी, प्रकल्प आणि अवांतर उपक्रमांसाठी पुरेसा वेळ मिळतो.

मूळ अभ्यासक्रमाचे शुल्क आणि शैक्षणिक खर्च हा पूर्वघोषित व नियोजित असल्याने पालकांना त्याचे आर्थिक नियोजन करणे सोपे जाते. विविध शासकीय शिष्यवृत्ती, शैक्षणिक कर्जाच्या सुविधा यामुळे उच्च शिक्षण आज समाजातील सर्व घटकांपर्यंत पोहोचले आहे. जर आपण प्रवेशपूर्व प्रक्रियेतील अनिश्चितता आणि अप्रत्यक्ष होणारा वेळेचा अपव्यय कमी करू शकलो, तर पालकांचा शिक्षण व्यवस्थेवरील विश्वास अधिक दृढ होईल. पालकांचे हे सकारात्मक पाठबळ विद्यार्थ्यांना तणावमुक्त वातावरणात अभ्यासावर लक्ष केंद्रित करण्यास मदत करते.

**सकारात्मक बदलांची दिशा**

शिक्षण व्यवस्था अधिक विद्यार्थीकेंद्रित बनवण्यासाठी खालील सुधारणा दिशादर्शक ठरतील:

१. डिजिटल पूर्व-पडताळणी : प्रवेश परीक्षेच्या अर्जासोबतच कागदपत्रांची पडताळणी पूर्ण केल्यास निकालानंतरचा मौल्यवान वेळ वाचेल.

२. कालबद्ध वेळापत्रक : निकालानंतर कमाल दोन ते तीन आठवड्यांत वर्ग सुरू होतील, असे नियोजन व त्याची काटेकोर अंमलबजावणी करावी.

३. मार्गदर्शन केंद्रे : महाविद्यालयांत सक्षम हेल्प डेस्क असावेत. त्यामुळे तांत्रिक त्रुटी टाळता येतील.

आपले विद्यार्थी केवळ परीक्षार्थी नसून उद्याचे संशोधक आणि नेतृत्वकर्ते आहेत. त्यांना प्रशासकीय प्रक्रियेत न अडकवता, त्यांच्या वेळेचा योग्य सदुपयोग करून खऱ्या अर्थाने ज्ञानार्थी आणि अभ्यासू बनवणे हे आपले प्राथमिक ध्येय आहे. प्रवेश प्रक्रिया ही विद्यार्थ्यांच्या स्वप्नांना पंख देणारी आणि त्यांचे स्वागत करणारी असावी. शिक्षण व्यवस्थेला अधिक सुलभ आणि ज्ञानकेंद्रित बनवून आपण आपल्या तरुण पिढीला प्रगतीचा एक नवा आणि उज्ज्वल मार्ग नक्कीच दाखवू शकतो.

अन्वयार्थ

# झेड प्लस सुरक्षेला सुरुंग आणि धार्मिकस्थळी पोलिसांच्या मर्यादा

**'झेड प्लस' सुरक्षा असलेले शिरोमणी अकाली दलाचे अध्यक्ष सुखबीरसिंग बादल यांच्यावरील हल्ल्यामुळे सुरक्षा यंत्रणांवर प्रश्नचिन्ह निर्माण झाले आहे.**



राजेश निस्ताने
वृत्तसंपादक, लोकमत, नांदेड

**नांदेडपासून** ११ किलोमीटर अंतरावरील मुगट (ता. मुदखेड) येथील श्री गुरुद्वारा माता साहिब देवाजी परिसरात पंजाबचे माजी उपमुख्यमंत्री आणि शिरोमणी अकाली दलाचे अध्यक्ष सुखबीरसिंग बादल यांच्यावर सेवादारानेच जीवघेणा हल्ला केला. या हल्ल्याने 'झेड प्लस' सुरक्षा व्यवस्थेलाच सुरुंग लावला आहे.

सुखबीरसिंग बादल हे दर्शन करून पायऱ्या उतरत असताना ६२ वर्षीय जसपालसिंग या सेवादाराने आपल्याकडील धारदार शस्त्राने बादल यांच्यावर केलेला प्राणघातक हल्ला नांदेडच्या स्पेशल प्रोटेक्शन युनिटचे (एसपीयू) पोलिस निरीक्षक संतोष केंद्रे यांच्या सतर्कतेमुळे उधळला गेला. झेड प्लस सुरक्षा भेदून बादल यांच्यावर झालेल्या हल्ल्याने देशभर खळबळ उडाली. सुरक्षेवरच प्रश्नचिन्ह लावले गेले. थेट पंतप्रधान नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यांचे फोन धडकले. मुख्यमंत्र्यांनी तपास 'एटीएस'कडे सोपविला असला, तरी बादल यांच्या पत्नी हरसिमरत कौर यांनी हा तपास 'एनआयए'कडे देण्यात यावा, अशी मागणी करणारे पत्र गृहमंत्र्यांना लिहिले आहे. बादल यांचे मेहुणे शिरोमणी अकाली दलाचे नेते बिक्रमसिंग मजीठिया यांनी नांदेड हल्ल्याचे कनेक्शन २०२४च्या अमृतसर हल्ल्याशी जोडताना सीबीआय चौकशीची मागणी केली आहे. बादल यांनी पंजाबहून आपली खास सुरक्षा यंत्रणा सोबत आणली होती. मात्र, त्यांच्या जिवावरील संकट हातावर निभावले ते केवळ नांदेड पोलिसांच्या सतर्कतेमुळेच.

'झेड स्पेशल' ही देशातील सर्वोच्च सुरक्षा व्यवस्था मानली जाते. ही सुरक्षा पंतप्रधान, राष्ट्रपती आणि विदेशी राष्ट्राध्यक्ष, पंतप्रधानांना पुरविली जाते. राज्याच्या स्तरावर 'झेड प्लस' हीच मुख्य सुरक्षा आहे. ही सुरक्षा मुख्यमंत्री, राज्यपालांना पुरविली जाते. बुलेटप्रूफ कार, १२ अधिकारी, कर्मचाऱ्यांचे दोन सुरक्षाकवच (रिंग अराउंड) व्हीआयपीभोवती तैनात असतात. याशिवाय वाय, एक्स या सुरक्षा व्यवस्थाही आहेत. मंत्री, खासदार, आमदारांना गरजेनुसार ही सुरक्षा पुरविली जाते.

सुखबीरसिंग बादल यांच्यावर यापूर्वी ४ डिसेंबर २०२४ रोजी अमृतसरच्या सुवर्ण मंदिरात हल्ला झाला होता. त्या संदर्भामुळे बादल यांच्या दौऱ्याच्या



निमित्ताने आयबी, एसआयडीने नांदेड पोलिसांना सतर्क केले होते. हल्ल्यामागील कारणांचा शोध घेण्यासाठी राज्याच्या व्हीआयपी सुरक्षा विभागाचे विशेष पोलिस महानिरीक्षक प्रवीण पडवळ नांदेडमध्ये येऊन गेले. स्थानिक पोलिस यंत्रणा कुठे कमी पडली याचा शोध घेतला जात आहे.

हल्ल्यानंतर महानिरीक्षक प्रवीण पडवळ यांनी घेतलेल्या आढावा बैठकीत काही मुद्दे पुढे आले. व्हीआयपींच्या दौऱ्यात धार्मिकस्थळी एरव्ही पेनही आत नेऊ दिला जात नाही. मात्र, गुरुद्वाराबाबत अडचणी आहेत. कायद्याने शस्त्र जवळ बाळगण्याची परवानगी आहे. गुरुद्वारात पोलिसांना सुरक्षेबाबत फार काटेकोर वागता येत नाही. व्हीआयपींच्या अवतीभोवती असणाऱ्यांची झडती घेता येत नाही. या हल्ल्याने 'झेड प्लस' सुरक्षा व्यवस्थेचे धिंडवडे निघाले असले तरी पोलिस निरीक्षक संतोष केंद्रे यांच्या सतर्कतेने बादल यांचे प्राण, पर्यायाने नांदेड पोलिस आणि महाराष्ट्र पोलिसांची इभ्रतही वाचविली. हाच हल्ला नांदेड शहरात झाला असता, तर कायदा व सुव्यवस्थेचा मोठा प्रश्न पोलिसांपुढे निर्माण झाला असता. बादल यांच्या पत्नी हरसिमरत कौर यांनी पती सुखबीरसिंग यांचे प्राण वाचवणाऱ्या संतोष केंद्रे यांना पाच लाख रुपयांचे बक्षीस देऊ केले. मात्र, मी जे केले ते माझे प्रशिक्षण व कर्तव्याचा भाग होता, असे सांगत केंद्रे यांनी नम्रपणे बक्षीस नाकारले.

हल्लेखोर जसपालसिंग हा पुण्याचा रहिवासी असून, कायद्याचा पदवीधर आहे. दोन वर्षांपासून तो मुगट येथील गुरुद्वारात सेवादार म्हणून कार्यरत होता. आपल्या कृत्याचा त्याला पश्चात्ताप झाल्याचे दिसत नाही. त्याच्या सतत बदलणाऱ्या उत्तरांमुळे पोलिसही चक्रावले आहेत. बादल यांच्या काळात पंजाबमध्ये अमली पदार्थाच्या व्यापार व वापराला प्रोत्साहन दिल्याचा जसपालसिंगचा आरोप आहे. तो दोन वर्षांपासून मुगटला राहत होता. गुरुद्वारा व्यवस्थापन बाहेरून येऊन दीर्घकाळ राहणाऱ्यांबद्दल पोलिसांना कळवते का किंवा गोपनीय शाखा याची माहिती मिळविण्यासाठी प्रयत्न करते काय? गुरुद्वारामध्ये झडती घेऊन शस्त्रे काढून घेणे शक्य नाही. त्यामुळे पोलिस कर्मचाऱ्यांना ब्रीफिंग, समन्वय व सतत प्रशिक्षण देण्याचा धडा या घटनेने दिला आहे. नांदेड जिल्ह्यातील गुरुद्वारात देश-विदेशातून लोक येतात. यामुळे हे अधिक जबाबदारीचे ठरते.

'झेड प्लस' सुरक्षा भेदून हा हल्ला झाला. 'झेड प्लस' सुरक्षेचे हे हाल असतील, तर एक बंदूकधारी पोलिस घेऊन फिरणाऱ्या वाय आणि एक्स सुरक्षेतील मंत्री, खासदार, आमदारांची सुरक्षा व्यवस्था खरोखरच किती भक्कम असेल, हाही एक प्रश्नच आहे.

rajesh.nistane@lokmat.com

जगभर

## ट्रम्प यांची विश्वासू कॅरोलिननं राजीनामा का दिला?

**कॅरोलिन** लेविट. वय वर्षे २८. अमेरिकेच्या इतिहासातील सर्वात तरुण व्हाइट हाऊस प्रेस सचिव. अमेरिकेचे राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प यांच्या सर्वात विश्वासू सहकाऱ्यांपैकी एक. पण अचानक तिनं आपल्या पदाचा राजीनामा दिला आहे. त्यामुळे सगळ्यांच्या नजरा उंचावल्या. राष्ट्राध्यक्षांच्या अत्यंत मर्जीतील असूनही तिनं राजीनामा का दिला, यावरून सगळीकडे कंड्या पिकायला लागल्या..

तिच्या राजीनाम्याचा पुरेसा गाजावाजा झाल्यानंतर तिनं नुकतंच आपल्या राजीनाम्याचं कारण जाहीर केलं आहे. कॅरोलिनचं म्हणणं आहे, एक चांगली माता ठरण्यासाठी मी माझ्या पदाचा राजीनामा दिला. कामाच्या धबडग्यात माझ्या दोन्ही मुलांकडे मला पुरेसं लक्ष देता येत नव्हतं, त्यामुळे मला प्रचंड अपराधी वाटत होतं. कॅरोलिननं व्हाइट हाऊस प्रेस सचिवपदाचा राजीनामा दिला असला तरी ट्रम्प यांची अनौपचारिक सल्लागार तसंच रिपब्लिकन पक्षासाठीही सक्रिय राहणार आहे.

ट्रम्प यांनी स्वतःच कॅरोलिनच्या राजीनाम्याची माहिती दिली. आपल्या कार्यकाळात काम आणि मातृत्व यांचा समतोल साधण्याचा प्रयत्न केला. एप्रिल २०२६ मध्ये व्हाइट हाऊस डिनरदरम्यान झालेल्या गोळीबाराच्या घटनेनंतर जगाचं लक्ष अमेरिकेकडे लागलं होतं. त्यावेळी मातृत्व रजा सुरू करण्याऐवजी ती स्वतः कॅमेऱ्यासमोर आली आणि ट्रम्प प्रशासनाची पहिली अधिकृत प्रतिक्रिया दिली. त्यानंतर तिनं मातृत्व रजा घेतली. मे २०२६ मध्ये मुलीच्या जन्मानंतर जवळपास दोन महिने ती रजेवर होती. जुलैमध्ये ती पुन्हा कामावर परतली. मात्र, त्यानंतर अवघ्या महिनाभरात तिनं राजीनाम्याची घोषणा केली.

जवळपास २० महिने कॅरोलिननं व्हाइट हाऊसमध्ये ट्रम्प यांची प्रमुख प्रवक्ता म्हणून काम



केलं. ट्रम्प यांच्या धोरणांवर, निर्णयांवर किंवा वादग्रस्त मुद्द्यांवर पत्रकारांकडून कठीण प्रश्न विचारले गेले, की त्यांची उत्तरं देण्याची जबाबदारी अनेकदा तिच्यावरच असायची. ट्रम्प यांचा तिनं अनेक प्रसंगी आक्रमकपणे बचाव केला आणि माध्यमांच्या प्रश्नांना तितक्याच तीव्र शब्दांत उत्तरं दिली.

व्हाइट हाऊसच्या पत्रकार परिषदांमध्ये पत्रकारांशी तिची अनेकदा जोरदार खडाजंगी झाली. एका पत्रकार परिषदेत तिनं प्रश्न विचारणाऱ्या पत्रकाराला पत्रकारितेच्या नावावर कलंक असल्याचं म्हटलं होतं. तिच्या या वक्तव्यावर मोठा वाद निर्माण झाला होता. पत्रकारांच्या प्रश्नांना थेट उत्तरं देण्याऐवजी त्यांच्यावर वैयक्तिक टीका केल्याचा आरोपही कॅरोलिनवर अनेकदा झाला.

कॅरोलिनच्या कार्यकाळात व्हाइट हाऊसच्या प्रेस ब्रीफिंग पद्धतीतही मोठा बदल झाला. सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर्स, पॉडकास्ट होस्ट, यूट्यूब क्रिएटर्स आणि ट्रम्प समर्थक डिजिटल मीडिया प्लॅटफॉर्म्सना पत्रकार परिषदांमध्ये प्रश्न विचारण्याची संधी देण्यात आली. या निर्णयामुळे मुख्य प्रवाहातील माध्यमं पाहत नसलेल्या लोकांपर्यंत सरकारची भूमिका पोहोचेल, असा ट्रम्प प्रशासनाचा दावा होता. मात्र, या निर्णयावरही मोठी टीका झाली. सरकारला पारंपरिक माध्यमांच्या प्रश्नांना सामोरं जाण्याची भीती वाटते आणि ट्रम्प समर्थकांना अधिक महत्त्व दिलं जातं, असा आरोप पत्रकारांनी केला. कॅरोलिननं आपल्या छोट्याशा कारकीर्दीत आपला ठसा उमटवला. ट्रम्प यांच्या मर्जीत तर ती जाऊन बसलीच, पण सगळ्यांचं लक्ष आपल्याकडे वळवण्यातही ती यशस्वी झाली.

जनमन

## लोककला, कलावंतांचा आदर राखावा



**आपल्या** संस्कृतीमध्ये अनेक लोककला आहेत. या लोककलांनी आपली परंपरा जपली आहे. अनेक वर्षांपासून या कलांना आपल्याकडे लोकप्रियता मिळाली आहे. हजारो कलाकारांनी ही कला जिवंत ठेवण्यासाठी कष्ट घेतले आहेत. पण अलीकडच्या काळात या लोककला लयास जाताहेत की काय, अस्तंगत होताहेत की काय अशी परिस्थिती निर्माण झाली आहे. अनेक लोककलावंतांना अतिशय हालअपेष्टांत आपले जीवन जगावे लागत आहे. काळाच्या ओघात आणि विज्ञानाचा प्रसार झाल्यानंतर लोकांच्या दृष्टीने या लोककला आणि कलावंतांचे महत्त्वही संपले, पण या लोककला आपल्या संस्कृतीचा अविभाज्य भाग आहेत. त्यामुळे समाजाने आणि सरकारने या कला जतन करण्यासाठी प्रयत्न करण्याची गरज आहे. यासाठी कलाकारांना मानधनासह विविध सुविधा देण्यासाठी प्रयत्न झाले पाहिजेत. याशिवाय, लोककलांना चांगले व्यासपीठ निर्माण करून त्यांचा सर्वत्र प्रचार करण्याची गरज आहे. देशात आणि परदेशात असणाऱ्या मराठी भाषिकांचाही या कामी वापर करून घेतला तर या कलांना पुन्हा चांगले दिवस येतील. आपल्या परंपरेचा ठेवा असणाऱ्या लावणी, पोवाडा, भारुड, तमाशा, गोंधळ, कोळी नृत्य- या कलांनी गावागावाची गोष्ट सांगितली. इतिहास पुस्तकात नाही, तर या कलांमध्ये आहे. पोवाड्यातून शौर्य, भारुडातून बोध, लावणीतून समाजप्रबोधन झाले. सामाजिक शिक्षण झाले. पिढ्यानुपिढ्या या कलेवर जगल्या. कलाकार म्हणजे चालता-बोलता महाराष्ट्र आहे. त्यांची कदर केली पाहिजे आणि त्यांना आसरा दिला पाहिजे.

**- प्रभाकर वारुळे,** मालेगाव, जि. नाशिक

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

शहर नोंदी

# माणसांना धावडवणारी, तरीही लोभवणारी इंटरेस्टिंग शहरं...

**शहरं कायम पळत असतात, त्यांना थांबायला वेळ नसतो, कंटाळायलाही. तो अमानुष वेग माणसांनाही आपल्यामागे दरादरा फरफटत नेत असतो.**



मेघना भुस्कुटे
ब्लॉगर, भाषांतरकार

**शहरं** कधीच कंटाळवाणी होत नाहीत. अडचणी आणि प्रश्न असतात. वेगही अमानुष असतो एकेकदा शहरांचा. सतत धावडवतात ती माणसांना. पण तरी शहरं माणसाचं मन लोभावणारं- रिझवणारं काहीतरी देऊ करत असतात. रात्रीबेरात्री सिनेमा संपल्यानंतर रस्त्यावर सांडणारी गर्दी, ऑफिस टायमात फुगून फुटतील की काय अशा कोलाहलाला पोटात वागवणारे रस्ते, अहर्निश गजबजलेली स्टेशन्स, माणसांनी फुललेले बाजार, भल्या पहाटे पेपरवाले-दूधवाले-भाजीवाले अशा लोकांची लगबग..

सगळ्या प्रकारे नि सगळ्या प्रहरी शहरात चैतन्य ओसंडून वाहत असतं. गाणीबजावणी, नाटकं-सिनेमे, स्टँडअप शोज, खेळांचे सामने, भाषणं, निषेधमोर्चे, आंदोलनं, धरणी, घेराव.. अशा नाना सांस्कृतिक ते राजकीय, लोकल ते ग्लोबल घडामोडी हे शहरांचं व्यवच्छेदक लक्षण. कामधंद्याच्या माणसाला तर उसंतच नसते, पण काम नसलेल्या माणसालाही शहर 'पीपल वॉचिंग'च्या असंख्य संधी देऊ करत राहतं. कुठून येतो शहरांच्यात हा इंटरेस्टिंग असण्याचा गुण? त्यांच्या सर्वसमावेशक, अवाढव्यतेत नि सतत वर्धिष्णू असण्यात तर नव्हे?

बघा ना, शहरांबद्दल थोडेफार अंदाज बांधता येतात, पण अस्सल शहरं सगळ्या अदमासांतून अलगद निसटून भल्याभल्यांना चकवण्याची क्षमता बाळगून असतात. झोपडपट्ट्या नि टॉवर्स, जुन्या-देखण्या वास्तू आणि काचेच्या भिंती मिरवणाऱ्या अत्याधुनिक इमारती, गल्ल्या नि महारस्ते, बकाली आणि चकचकाट, समुद्रकिनारे आणि गटारं.. असे विरोधाभास शहरं सहजी पोटात बाळगून असतात.



त्यांच्याकडे स्पर्धा आणि संधी यांचं विलक्षण गुंतागुंतीचं जाळं असतं. या जाळ्याची वीण इतकी घट्ट, की माणसं जितकी स्मार्ट होत जातात, तितकीच शहरं त्यांना मोठमोठी बक्षिसं देऊ करतात. या अजब मिश्रणातून भामटे, मवाली, लफंगे पैदा होतात; तसेच निर्माते, कारागीर, व्यापारी, उद्योगपती, रसिक आणि कलाकारही. स्वप्नं बघू इच्छिणाऱ्या माणसांची नि शहरांची लव्ह-हेट रिलेशनशिप असते जणू.

खेरीज शहरांमध्ये अविरत बदल होत असतो. शहरं जणू बारा महिने तेरा काळ फॅन्सीड्रेसच्या स्पर्धेत असल्यासारखी रुपडं बदलत असतात, ऋतू, फॅशन्स, तंत्रज्ञानाच्या सरकत्या पट्ट्यावर धावत आपल्यालाही दरादरा फरफटत नेत असतात. त्यात थांबायला वेळ नसतो, कंटाळायला कुठला वेळ! शहरांमध्ये एकसमयावच्छेदेकरून अनेकानेक काळ सुखेनैव एकमेकांशेजारी नांदत असतात. घोडागाड्याही असतात नि अत्याधुनिक मोटारीही. पोरांना रिझवू बघणारा एखादा सजवलेला उंट आणि अद्ययावत अम्यूझमेंट पार्क्सही. विसाव्या शतकातल्या एखाद्या स्थानिक क्रिकेटपटूचा पुतळा मिरवणारा चौक, त्यालाच लागून शिवाजी महाराजांच्या नावाचं मैदान, रस्ता मात्र महात्मा गांधींच्या नावाचा. स्वामींचा मठही असतो आणि विज्ञान परिषदेचं ऑफीसही...

लहान गावांमधला साचलेपणा, सगळेच सगळ्यांना ओळखत असल्यामुळे हरपणारं स्वातंत्र्य, कुजबुजमोहिमांमधला क्षुद्रपणा.. यांतून शहरं मुक्त होतात नि आपल्यालाही मुक्त करतात, ती या इंट्रेस्टिंग असण्यामुळेच की काय? काय की बुवा. पण शहरांच्या पोटी असलेल्या अजब रसायनाच्या वेगवान प्रवाहाचं इतकं आकर्षण असतं, की कालिदासाच्या वचनात किंचित बदल करून 'नगरं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्' म्हणण्याचा मोह होतो!

meghana.bhuskute@gmail.com

तिरकस आणि चौकस गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

## चिंतन

# कब तक युद्ध की कीमत चुकाएगी अर्थव्यवस्था

युद्ध की पहली तस्वीर हमेशा मिसाइल, टैंक और सैनिकों की होती है, लेकिन उसकी सबसे लंबी और गहरी मार अर्थव्यवस्था पर पड़ती है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अब औद्योगिक प्रतिष्ठान और ऊर्जा ढांचा निशाने पर हैं। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल और ईरान के संघर्ष ने दुनिया को दिखा दिया है कि किसी एक क्षेत्र में युद्ध की आग भड़कने पर उसकी लपटें तेल, गैस, जहाजरानी, महंगाई और वैश्विक व्यापार तक पहुंच सकती हैं। हाल के महीनों में होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है, जबकि यह मार्ग दुनिया के करीब पांचवें हिस्से के तेल और एलएनजी कारोबार के लिए अहम है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी चेताया है कि युद्ध के कारण तेल बाजार पर पड़ा झटका वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर जोखिम बन सकता है। इसी बीच यूक्रेन के क्रिवी रिह शहर में भारतीय उद्योगपति लक्ष्मी मित्तल की कंपनी आर्सेलरमित्तल के स्टील प्लांट पर रूसी मिसाइल हमला बेहद गंभीर संकेत है। हमले में दो लोगों की मौत और 13 कर्मचारियों व ठेकेदारों के घायल होने की खबर है। प्लांट की ऊर्जा व्यवस्था और ब्लास्ट फर्नेस से जुड़े अहम हिस्सों को नुकसान पहुंचा और उत्पादन का कुछ काम रोकना पड़ा। यह सिर्फ एक फैक्ट्री पर हमला नहीं है, बल्कि उस आर्थिक ढांचे पर प्रहार है जिसके सहारे किसी देश की उत्पादन क्षमता खड़ी होती है। स्टील को आधुनिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। सड़कें बनानी हों, पुल खड़े करने हों, रेलवे का विस्तार करना हो, वाहन बनाने हों या रक्षा उपकरण तैयार करने हों। हर जगह स्टील की जरूरत है। इसलिए किसी बड़े स्टील संयंत्र की उत्पादन क्षमता प्रभावित होना केवल कंपनी के नुकसान तक सीमित नहीं रहता। इसके साथ कच्चे माल की आपूर्ति, परिवहन, रोजगार, निर्यात और हजारों दूसरी औद्योगिक इकाइयों की गतिविधियां प्रभावित होती हैं। युद्ध जब कारखाने तक पहुंचता है तो उसकी आर्थिक कीमत कई गुना बढ़ जाती है। सबसे चिंता की बात यह है कि आर्थिक ढांचा अब युद्ध की रणनीति का हिस्सा बनता जा रहा है। आर्सेलर मित्तल के इस संयंत्र को 2022 में भी निशाना बनाया गया था। यानी चार साल बाद भी औद्योगिक प्रतिष्ठान सुरक्षित नहीं हैं। एक मिसाइल कुछ क्षणों में उस उत्पादन क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती है, जिसे तैयार करने में वर्षों और अरबों रुपये लगते हैं। इसके बाद पुनर्निर्माण का बोझ भी उसी अर्थव्यवस्था को उठाना पड़ता है, जो पहले ही युद्ध से कमजोर हो चुकी होती है। भारतीय कंपनियों के लिए भी यह एक बड़ी चेतावनी है। वैश्विक निवेश के दौर में कंपनियां नए बाजारों और संसाधनों की तलाश में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में पहुंच रही हैं, लेकिन अब निवेश का फैसला केवल बाजार और मुनाफे के आधार पर नहीं हो सकता। राजनीतिक स्थिरता, युद्ध का जोखिम, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री मार्ग और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती भी निवेश के जरूरी पैमाने होने चाहिए। विडंबना यह है कि युद्ध लड़ने वाले देश सैन्य जीत का दावा कर सकते हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था अक्सर ऐसी जीत की सबसे बड़ी कीमत चुकाती है। आम नागरिक के लिए युद्ध का मतलब नक्शे पर बदलती सीमाएं नहीं, बल्कि महंगा ईंधन, महंगी चीजें, असुरक्षित रोजगार और अनिश्चित भविष्य होता है। युद्ध कुछ घंटे में अर्थव्यवस्था की दशकों की मेहनत को मिटा सकता है। आखिर कब तक अर्थव्यवस्था युद्ध की कीमत चुकाती रहेगी। इसलिए बेहतर है कि सभी समाधान कूटनीति, संवाद और वार्ता से निकालें जाएं, ताकि अर्थव्यवस्था सुरक्षित रहे।



नई बहस
ओमकार चौधरी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से 'दिमागी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल कर देश की आंतरिक सुरक्षा की बदलती तस्वीर पर गंभीर बहस छेड़ दी है। बंदूक उठाने वाला नक्सलवाद कमजोर पड़ा है, लेकिन उससे जुड़ी हिंसक और अराजक मानसिकता के नए रूप सामने आने की आशंका जताई गई है। ऐसे में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, 'अर्बन नक्सल' और 'दिमागी नक्सल' के बीच अंतर समझना जरूरी हो जाता है। खासकर डिजिटल दौर में विचार, दुष्प्रचार और सोशल मीडिया के जरिए असंतोष को हिंसा की ओर मोड़ने की चुनौती सुरक्षा एजेंसियों के सामने नया सवाल खड़ा कर रही है।**

# दिमागी नक्सल क्यों बने नई चुनौती?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2026 को लाल किले की प्राचीर से एक ऐसा शब्द प्रयोग किया, जिसने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक विमर्श में नई बहस छेड़ दी है- दिमागी नक्सल। प्रधानमंत्री का कहना था कि दशकों तक देश के बड़े भूभाग को हिंसा की गिरफ्त में रखने वाला सशस्त्र नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है, लेकिन नक्सली मानसिकता समाप्त नहीं हुई है। उनके अनुसार हथियारबंद नक्सली जंगलों में परास्त हुए हैं, पर ऐसी विचारधारा वाले तत्व अब भी अवसर की तलाश में रहते हैं और हिंसा तथा अराजकता के रास्ते खोजते हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे तत्वों को पहचानने और उन्हें अलग-थलग करने की आवश्यकता बताई।

प्रधानमंत्री ने यह बात किसी सामान्य राजनीतिक सभा में नहीं, बल्कि स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से कही। इसलिए सवाल स्वाभाविक है कि आखिर यह चुनौती कितनी गंभीर है? क्या भारत की आंतरिक सुरक्षा के खतरे का स्वरूप बदल रहा है? क्या बंदूक, बारूद और जंगलों में चलने वाले विद्रोह के कमजोर होने के बाद अब विचार, प्रचार, भ्रम, सामाजिक असंतोष और अराजक आंदोलनों के जरिए व्यवस्था को चुनौती देने का दौर शुरू हो रहा है? इस प्रश्न को समझने के लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, अर्बन नक्सल और अब 'दिमागी नक्सल'। इन पांचों के बीच अंतर भी समझना होगा। भारत कई दशकों तक एक साथ अनेक आंतरिक और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों से जूझता रहा है। आतंकवाद ने जम्मू-कश्मीर से पंजाब और दिल्ली से मुंबई तक देश को गहरे घाव दिए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी संगठनों ने सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दिया। दूसरी तरफ नक्सलवाद ने मध्य और पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में समानांतर हिंसक व्यवस्था खड़ी करने की कोशिश की। पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में अलगाववाद की चुनौती रही। इन सभी चुनौतियों की प्रकृति अलग थी, लेकिन एक बात समान थी। भारतीय राज्य, संविधान और स्थापित व्यवस्था को चुनौती। आतंकवाद का सबसे प्रत्यक्ष रूप हिंसा है। उसका उद्देश्य भय उत्पन्न करके सरकार और समाज पर दबाव बनाना होता है। बम विस्फोट, सामूहिक हत्याएं, आत्मघाती हमले, अपहरण और सुरक्षा बलों पर हमले इसके हथियार रहे हैं।

पिछले एक दशक में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध अपनी रणनीति में बड़ा परिवर्तन किया है। आतंकवादी ढांचे, वित्तीय नेटवर्क, सीमा पार प्रशिक्षण और घुसपैठ के विरुद्ध सुरक्षा तथा खुफिया तंत्र को मजबूत किया गया है। आतंकवाद समाप्त हो गया है, ऐसा कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन उसकी परिचालन क्षमता को कई स्तरों पर गंभीर चोट पहुंची है। नक्सलवाद की कहानी इससे अलग है। 1967 में नक्सलबाड़ी से निकला माओवादी आंदोलन धीरे-धीरे सशस्त्र विद्रोह में परिवर्तित हुआ और छत्तीसगढ़, झारखंड, उडीसा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार तथा पश्चिम बंगाल के हिस्सों में इसका प्रभाव फैलता गया। एक समय देश के सौ से अधिक जिले किसी न किसी रूप में नक्सली हिंसा से प्रभावित माने जाते थे। जंगलों के भीतर नक्सली संगठन अपनी समानांतर सत्ता चलाते थे। वे पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों की हत्या करते थे, सरकारी भवनों को उड़ाते



थे, सड़क और रेल ढांचे को निशाना बनाते थे और स्थानीय आबादी से जबरन धन वसूलते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 2026 के संबोधन में कहा कि नक्सलवाद और माओवाद ने लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया और चार दशकों तक देश के बड़े हिस्से तथा विशाल आबादी को बंदूक के भय में रखा। उन्होंने यह भी कहा कि सामान्य नागरिकों की रक्षा करते हुए 3,500 से अधिक पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने बलिदान दिया, लेकिन यहीं से प्रधानमंत्री की दूसरी चिंता शुरू होती है। हथियारबंद नक्सली पराजित हो गए हैं, लेकिन नक्सली मानसिकता अभी मौजूद है। ऐसे तत्व अवसर तलाश रहे हैं, हिंसा और अराजकता के रास्ते खोज रहे हैं और समाज को गलत दिशा में ले जाने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। यही वह संदर्भ है जिसमें दिमागी नक्सल शब्द सामने आया। सामान्यतः इसका इस्तेमाल उन लोगों के लिए किया जाता रहा जो स्वयं जंगलों में बंदूक लेकर न लड़ते हों, लेकिन माओवादी हिंसा अथवा उसके वैचारिक आधार के प्रति सहानुभूति रखते हों, उसे वैचारिक, बौद्धिक या प्रचारात्मक समर्थन देते हों अथवा व्यवस्था-विरोधी हिंसक आंदोलन को वैध ठहराने का प्रयास करते हों। हालांकि "अर्बन नक्सल" कोई स्पष्ट कानूनी श्रेणी नहीं है और इस शब्द के राजनीतिक इस्तेमाल को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है। इसीलिए आज राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सीमा, पुलिस चौकी अथवा जंगल का प्रश्न नहीं रह गई है। सूचना का क्षेत्र भी नया युद्धक्षेत्र बन चुका है। सामाजिक माध्यम, कूट-रचित वीडियो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार सामग्री, दुष्प्रचार, झूठी सूचनाएं और संगठित प्रचार कुछ घंटों में लाखों लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। किसी स्थानीय विवाद को राष्ट्रीय संघर्ष बनाया जा सकता है। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, बेरोजगारी, परीक्षा, किसान, छात्र अथवा किसी अन्य वास्तविक शिकायत को लेकर पैदा हुए असंतोष में भ्रामक सूचनाएं मिलाकर उसे हिंसक दिशा में मोड़ना पहले की तुलना में कहीं आसान हो गया है। यही वह क्षेत्र है जहां "दिमागी नक्सल" की अवधारणा को केवल पुराने माओवाद के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। यदि इसका आशय ऐसी मानसिकता से है जो लोकतांत्रिक असंतोष को हिंसक अराजकता में बदलना चाहती है, समाज के विभिन्न वर्गों को लगातार एक-दूसरे अथवा राज्य के विरुद्ध भड़काती है और संवैधानिक रास्ते के बजाय अव्यवस्था को परिवर्तन का माध्यम मानती है, तो यह वास्तव में आधुनिक आंतरिक सुरक्षा की गंभीर चुनौती है।

पुराने नक्सलवाद को पहचानना अपेक्षाकृत आसान था। जंगल में हथियारबंद दस्ते थे, निश्चित संगठन थे, कमांडर थे, प्रशिक्षण शिविर थे और प्रभावित क्षेत्र थे। आतंकवादी की पहचान भी उसके संगठन, हथियार, वित्तीय नेटवर्क अथवा हिंसक कार्रवाई से की जा सकती थी। लेकिन विचार और दुष्प्रचार के क्षेत्र में काम करने वाले नेटवर्क को पहचानना कहीं कठिन है। वहां अपराध और विचार, असहमति और उकसावे, आंदोलन और अराजकता के बीच बहुत महीन अंतर होता है। इसलिए राज्य के सामने दोहरी चुनौती है। एक तरफ उसे उन नेटवर्कों पर निगरानी रखनी होगी जो हिंसा, अलगाववाद, आतंकवाद अथवा माओवादी विद्रोह के लिए वैचारिक और प्रचारात्मक वातावरण तैयार करते हैं। दूसरी तरफ उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार की आलोचना करने वाला प्रत्येक पत्रकार, छात्र, लेखक, बुद्धिजीवी, किसान नेता या राजनीतिक कार्यकर्ता केवल असहमति के कारण संदेह के घेरे में न आ जाए। भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ी है। नक्सली हिंसा को पीछे धकेला है। अलगाववादी नेटवर्क को भी गंभीर चुनौती मिली है। लेकिन इतिहास बताता है कि हिंसक विचारधाराएं केवल संगठन समाप्त होने से खत्म नहीं होतीं। वे स्वरूप बदलती हैं, नए मुद्दे तलाशती हैं, नई भाषा अपनाती हैं और नई पीढ़ी में प्रवेश करने का प्रयास करती हैं।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## जलवायु परिवर्तन

एस एन वर्मा



# विदेशी निवेश से ही पूरा होगा नेट-जीरो उत्सर्जन का सपना

ग्लासगो में आयोजित 26वें जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने घोषणा की थी कि वह वर्ष 2070 तक कार्बन-न्यूट्रल देश बन जाएगा। लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करना आसान नहीं है। इसके लिए भारत को वर्ष 2070 तक लगभग 22.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर, यानी औसतन करीब 500 अरब डॉलर प्रतिवर्ष निवेश की आवश्यकता होगी। इसमें लगभग 6.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का वित्तीय अंतराल अनुमानित है, जिसकी पूर्ति के लिए विदेशी पूंजी निवेश में वृद्धि जरूरी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज और कार्बन कैप्चर जैसी महंगी और नई तकनीकों के विकास के लिए विदेशी तकनीकी सहयोग और वैश्विक पूंजी की भी आवश्यकता होगी। फिलहाल, सम्मेलन में किए गए वादे के अनुसार भारत वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक पहुंचाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश में 30 जून 2026 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों पर आधारित कुल 297.36 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित हो चुकी है। इसमें 288.58 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा और 8.78 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता शामिल है। वर्ष 2015 में ही राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के माध्यम से इसके लिए मजबूत आधार तैयार किया गया था। इसमें 2030 तक जीडीपी की उत्सर्जन तीव्रता में 33-35 प्रतिशत की कमी और गैर-जीवाश्म संसाधनों पर आधारित विद्युत ऊर्जा की स्थापित क्षमता में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा गया था। नेट जीरो का अर्थ आखिर क्या है? इसका सीधा मतलब है कि वातावरण में छोड़ी जाने वाली ग्रीनहाउस गैसों और उनसे होने वाले अवशोषण के बीच संतुलन स्थापित करना। देश में इसकी दिशा में काम शुरू हो चुका है। महाराष्ट्र का बेला गांव इसका उदाहरण है। यहां कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए कई सरल लेकिन प्रभावशाली कदम उठाए गए। गांव में वृक्षारोपण अभियान के तहत 90 हजार से अधिक पेड़ लगाए गए, जो कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने और वायु गुणवत्ता सुधारने में मदद करते हैं। सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए त्योहारों और विवाह समारोहों जैसे अवसरों पर भी पौधरोपण अभियान चलाए गए। स्वच्छ खाना पकाने को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक लकड़ी से चलने वाले चूल्हों की जगह एलपीजी और सौर ऊर्जा आधारित विकल्प अपनाए गए। वर्तमान में भूटान और सूरीनाम दुनिया के उन देशों में शामिल हैं जो कार्बन नेगेटिव हैं। यानी वे जितना कार्बन उत्सर्जित करते हैं, उससे अधिक मात्रा में कार्बन का अवशोषण करते हैं। दोनों देशों को अपनी कम जनसंख्या, सीमित औद्योगिक गतिविधियों और बड़े वन क्षेत्र का लाभ मिलता है।वैश्विक जलवायु संकट के बीच विकासशील देश भी उत्सर्जन कम करने में अपना योगदान दे रहे हैं। दुनिया के बड़े कार्बन उत्सर्जकों में शामिल भारत ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। हालांकि, अन्य बड़े प्रदूषकों की तुलना में भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन काफी कम है। दुनिया की करीब 17 प्रतिशत आबादी भारत में रहती है, जबकि वैश्विक उत्सर्जन में उसकी हिस्सेदारी 7 प्रतिशत से भी कम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए पांच सूत्रीय रणनीति 'पंचामृत' की घोषणा की थी। इसके तहत वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक पहुंचाना, ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करना, एक अरब टन कार्बन उत्सर्जन कम करना और कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता में 45 प्रतिशत तक कमी लाना शामिल है। इन लक्ष्यों के आधार पर भारत 2070 तक नेट जीरो की दिशा में आगे बढ़ रहा है।भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती क्लाइमेट फाइनेंस यानी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक वित्त जुटाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अमीर देशों से जलवायु वित्त उपलब्ध कराने की मांग की है। नीति आयोग की 'नेट जीरो' रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 2070 तक इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगभग 22.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। वित्त वर्ष 2014 से 2026 तक देश के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 45.72 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। आर्थिक मदद और नई तकनीकों के बिना इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ना मुश्किल होगा। विकसित देशों को तकनीकी विकास और जलवायु वित्त में नेतृत्व करना होगा। भारत को भी अपने ऊर्जा ढांचे में बदलाव के साथ नागरिकों की जीवनशैली में परिवर्तन लाने होंगे। सही रणनीति, पर्याप्त निवेश और वैश्विक सहयोग के साथ भारत वर्ष 2070 के नेट जीरो लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

*(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# सद्गुरु के प्रति रखना चाहिए कृतज्ञता का भाव



संकलित

**दर्शन**

हमें हमेशा सद्गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। दुनियावी तौर पर भी देखें कि अगर हमें कोई ऐसे इन्सान से मिला देता है, जिससे हमारा कार्य सिद्ध हो जाए, तो हम उस इनसान के एहसान को नहीं भूलते, इसी प्रकार सद्गुरु ने हमारा परिचय एक ऐसी दिव्य शक्ति से करवाया है जो हमारी हर हरकत से वाकिफ है और हमारे अंग-संग भी है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में इसकी निशानी बताई कि जिसको शस्त्र नहीं काट सकता, पानी भिगो नहीं सकता, अग्नि जला नहीं सकती व हवा उड़ा नहीं सकती। निरंकार प्रभु के सर्वशक्तिमान व सर्वव्यापक होने की बात श्री रामचरित मानस में भी की गई है। बिन पग चलई सुनई बिन काना, कर बिनु कर्म करई विधि नाना।आनन रहित सकल रस भोगी,बिनु बाणी वक्ता बड़ जोगी।। लेकिन यह बात हमारे जहन में रहे कि निरंकार प्रभु की सारी शक्तियों को संचालित व क्रियान्वित रूप देने वाला स्वयं सद्गुरु ही होता है, क्योंकि निरंकार, सद्गुरु में ही समाया होता है। निरंकार अपने आपमें एक विधान है, यह न्यायकारी है, निरंकार का नियम है कि जो जैसा कर्म करेगा उसे वैसा ही फल भोगना पड़ेगा, जैसे भगवान श्री कृष्ण ने गीता में लिखा है। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। हम कर्म के फल से चाहकर भी नहीं बच सकते। सद्गुरु से रहित सृष्टि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। श्री कृष्ण जी ने कहा है कि आचार्य मां विजानियात अर्थात मुझे ही जानो। हे अर्जुन! संसार में ब्रह्मवेत्ता महात्मा सदैव ही उपलब्ध रहते हैं अन्यथा ब्रह्मवेत्ता रहित संसार एक भयंकर नरक कुंड बन जाता।

# छोड़ दें ऐसे स्थान, बढ़ सकती हैं मुश्किलें



संकलित

**प्रेरणा**

चाणक्य ने अपनी नीतियों के द्वारा बताया है कि किन स्थानों पर अधिक समय तक रहना खतरे से खाली नहीं है जितना जल्दी हो सके उस जगह को छोड़ देना चाहिए। चाणक्य नीति अनुसार जिस जगह पर आपका कोई मान सम्मान या आदर न करता है उस जगह पर अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए जितनी जल्दी हो सकें उसे त्याग देना चाहिए वरना इससे आपकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इसके अलावा जिस स्थान पर नौकरी के पर्याप्त साधन न हो वहां पर भी अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए क्योंकि इससे आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। चाणक्य नीति की मानें तो जिस जगह पर कोई नाते रिश्तेदार या अपना सगा न रहता है वहां अधिक समय तक रहने से व्यक्ति मानसिक तनाव का शिकार हो सकता है ऐसे में इस स्थान को भी त्याग देना बेहतर होगा। जिस जगह पर शिक्षा के कोई साधन न हो या फिर जहां शिक्षा का महत्व न हो। वहां पर भी नहीं रहना चाहिए जितनी जल्दी हो ऐसे स्थान को त्याग देना उचित है। चाणक्य की मानें तो जहां रहने वाले लोगों में कोई अच्छा गुण न हो, वहां भी अधिक समय तक नहीं रहना चाहिए वरना हम भी उन्हीं के जैसे बन जाएंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान जरूरी

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए।

*- विनय कुमार, रायपुर*

## करंट अफेयर

# होर्मुज पर ईरान-ओमान मिलकर वसूलेंगे टैक्स!

अमेरिका और इजरायल द्वारा मिलकर ईरान पर हमला किए जाने के बाद पश्चिम एशिया की राजनीति तेजी के साथ बदली है। कभी सभी के लिए खुला रहने वाला होर्मुज स्ट्रेट आज केवल कुछ ही देशों के लिए चालू है। अब इस मामले पर एक अहम परिवर्तन हुआ है। होर्मुज के दोनों किनारों पर स्थित ईरान और ओमान ने इस समुद्री रास्ते को लेकर एक नया समझौता किया है। हालांकि, ईरान, अमेरिका के साथ जारी युद्ध के बाद लगातार इस बात पर जोर दे रहा है कि वह होर्मुज पर फीस लगाने वाला है। वह इसे फीस नहीं बल्कि सुरक्षा के लिए दिया जाने वाला 'सर्विस टैक्स' करार देता है।



आने-जाने वाले जहाजों को और अधिक सुविधा देने और टक्कर से बचाने के लिए ईरान और ओमान इस रास्ते पर शिपिंग लाइन का निर्माण करेंगे। इसका उद्देश्य जहाजों के बीच की टक्कर को रोकना होगा। दोनों देशों की तरफ से बताया गया कि इस समझौते का मुख्य लक्ष्य महीनों से उलझे होर्मुज स्ट्रेट के विवाद को शांत करना और ग्लोबल ऊर्जा सप्लाई चैन को दोबारा से शुरू करना है। इस मामले पर अभी दोनों देश काम कर रहे हैं। तकनीकी चीजें साफ होने के बाद इस पर एक आधिकारिक दस्तावेज जारी किया जाएगा।

## ऑफ बीट

# केदारेश्वरनाथ मंदिर में बिस्कुट सब्जियों से सजता है शिवलिंग

सावन के पवित्र महीने में देशभर के शिव मंदिरों में भोलेनाथ का फूलों और बेलपत्र से विशेष श्रृंगार किया जाता है, लेकिन झारखंड के बोकारो का एक शिव मंदिर अपनी अनोखी परंपरा के लिए खास चर्चा में है।



कैंप-2 स्थित श्री श्री केदारेश्वर नाथ मृत्युंजय मंदिर में भगवान शिव का श्रृंगार फूलों के साथ गाजर, भिंडी, बैंगन, टमाटर, हरी सब्जियों, छाछ और यहां तक कि बिस्कुट से भी किया जाता है। पूजा के बाद इन सामग्रियों को श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में बांट दिया जाता है। मंदिर के पुजारी निकेश कुमार शास्त्री ने बताया कि केदारेश्वर नाथ मृत्युंजय मंदिर का निर्माण उत्तराखंड के प्रसिद्ध केदारनाथ धाम को ध्यान में रखकर कराया गया है। पहले यहां एक छोटा मंदिर था, लेकिन करीब डेढ़ वर्ष पहले इसे भव्य स्वरूप दिया गया और मंदिर का निर्माण उड़ीसा के कारीगरों ने किया है। मंदिर परिसर में मां भगवती, राधा-कृष्ण, पंचमुखी हनुमान सहित कई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। पुजारी के अनुसार, जो श्रद्धालु किसी कारणवश उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम नहीं जा पाते, उनके लिए यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। मंदिर की बनावट और धार्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम जैसा आध्यात्मिक अनुभव कराता है।

## X ट्रेंड f

### मेरी शुभकामनाएं



भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों और पार्टी में विभिन्न जिम्मेदारियां पाने वाले सभी नेताओं को बधाई। नवनियुक्त टीम में संगठनात्मक अनुभव, ऊर्जा और जमीनी स्तर से जुड़ाव का बेहतर मेल है। मेरी उन्हें शुभकामनाएं है। **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### लोकसेवक बड़ी भूमिका निभाएं



लोक सेवकों को पूरे सेवा भाव के साथ बड़ी भूमिका निभानी चाहिए और लोगों के अनुकूल तरीके से सेवाएं देनी चाहिए। अधिकारियों को नियमित रूप से लोगों से मिलना चाहिए और उनकी समस्याओं को समझना चाहिए। **-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### लोकल को ग्लोबल बनाएं



जब हमारा धन विदेशों में जाता है तो उसका एक हिस्सा हमारे खिलाफ ही आतंकवाद को भड़काने और भारत को अस्थिर करने में खर्च होता है। मैं आपसे अपील करता हूं कि स्वदेशी को प्राथमिकता दें। लोकल को ग्लोबल बनाने की दिशा में प्रयास करें और यह अभियान गांव में भी प्रारंभ हो सकता है। **-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी**

### भूमि नीति लाएंगे



हमारी सरकार जल्द ही व्यापक निवेश और भूमि नीति पेश करेगी तथा किसानों से जबरन भूमि अधिग्रहण किए बिना उद्योगों को जमीन उपलब्ध कराएगी। हम आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में अपनाए गए सफल मॉडल के आधार पर भूमि नीति में बदलाव करने की योजना बना रहे हैं। **-शुभेंदु अधिकारी, सीएम, प. बंगाल**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

कल्पमेधा

*हम जितना ही अधिक जानते हैं, उतने ही क्षमाशील बनते हैं। जिस किसी की अनुभूति जितनी गहरी होती है, उसकी संवेदना उतनी ही व्यापक।*

*- दस्तले*

## सबक के बजाय

देश में जब कभी भगदड़ की कोई घटना होती है, तो सरकार की ओर से आश्वासनों के जरिए यही संदेश दिया जाता है कि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचने के लिए व्यवस्था में सुधार कर पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। मगर इन दावों की हकीकत तब सामने आती है, जब कुछ दिन बाद दूसरी जगह इसी तरह का हादसा हो जाता है। इसका ताजा उदाहरण बिहार के लखीसराय जिले में अशोक धाम मंदिर के पास सोमवार सुबह देखने को मिला, जहां रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और चौदह अन्य घायल हो गए। इसी तरह उज्जैन के महाकालेश्वर परिसर में स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ के बीच भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, जिससे कई लोगों को चोटें आईं। जाहिर है कि इस तरह के हादसों से न तो सरकार और न ही मंदिर प्रबंधन या धार्मिक समागम के आयोजक कोई सबक लेते हैं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि भगदड़ की घटनाओं पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? क्या पीड़ित परिवारों को कुछ रुपए की आर्थिक मदद ही उनके लिए न्याय के समान है!

यह बात छिपी नहीं है कि देश भर में आए दिन भगदड़ की घटनाओं में लोगों की जान जाने का सिलसिला वर्षों से जारी है। खासकर धार्मिक स्थलों पर इस तरह के हादसे आम हो गए हैं। पिछले दो वर्षों की प्रमुख घटनाओं पर नजर डालें, तो उत्तर प्रदेश के हाथरस में जुलाई, 2024 में एक धार्मिक समागम में हुई भगदड़ में सौ से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। पिछले वर्ष जनवरी में महाकुंभ के दौरान संगम क्षेत्र में मची भगदड़ से तीस लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद फरवरी में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ के कारण इसी तरह के हादसे में अठारह लोगों की मौत हो गई थी। गत वर्ष जुलाई में हरिद्वार स्थित मनसा देवी मंदिर में हुई भगदड़ में छह श्रद्धालुओं ने दम तोड़ दिया था। सवाल है कि केंद्र और राज्य सरकारों के बार-बार आश्वासनों के बावजूद धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं हो पा रहे हैं? किसी भी स्तर पर भीड़ प्रबंधन को लेकर गंभीरता और संवेदनशीलता नजर क्यों नहीं आती है?

इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि एक ओर विभिन्न राज्य सरकारों की ओर से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं, ताकि इस क्षेत्र को राजस्व के एक बड़े स्रोत के रूप में विकसित किया जा सके। मगर इसके समांतर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मोर्चे पर कोई विशेष इंतजाम नजर नहीं आते हैं। खबरों के मुताबिक, अशोक धाम रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना उस समय हुई, जब श्रद्धालुओं की भीड़ के दबाव में अवरोधक का एक हिस्सा टूट गया और लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे। सवाल है कि स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए माकूल व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी। ऐसे अवरोधक क्यों लगाए गए, जो भीड़ का दबाव झेलने में सक्षम नहीं थे? जाहिर है कि इसके लिए स्टेशन पर तैनात कर्मियों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। किसी भी धार्मिक स्थलों पर विशेष मौकों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ना कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब तक व्यवस्था में खामियों और वैकल्पिक प्रबंधों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा, तब तक इस तरह के हादसों का सिलसिला थमने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## जोखिम का पानी

रेलवे स्टेशनों से लेकर ट्रेन में सफर के दौरान परोसे या बेचे जाने वाले खानपान की घटिया गुणवत्ता के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं। मगर कैग की रिपोर्ट में पीने के पानी में भी जिस तरह की गड़बड़ी बताई गई है, उससे व्यापक लापरवाही का ही पता चलता है। गौरतलब है कि हाल ही में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की एक रिपोर्ट में ये तथ्य सामने आए कि देश के कई रेलवे स्टेशनों के पानी में ई-कोलाई और कोलीफार्म जैसे जीवाणु पाए गए हैं। इस दौरान पांच सौ बारह स्टेशनों की जांच में चार सौ अट्ठावन पर जरूरी यात्री सुविधाओं की कमी मिली। रेल महकमा समय-समय पर किराया बढ़ाने को लेकर तो जरूरत से ज्यादा सजग दिखता है, लेकिन स्वच्छ पेयजल जैसी सबसे जरूरी चीज की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने की उसे शायद कोई फिक्र नहीं है। लोगों को या तो स्टेशन पर लगे नल से असुरक्षित पानी पीना पड़ता है या फिर बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है। अब भले रेलवे ने पेयजल की गुणवत्ता सुधारने की बात कही है, लेकिन यह कब संभव होगा, यह देखने की बात होगी। यह जगजाहिर तथ्य है कि ट्रेन से अपने गंतव्य के लिए निकले लोग कई बार एक या दो दिन की लंबी यात्रा भी करते हैं। इस दौरान पानी न मिलने या फिर दूषित पेयजल की वजह से लोगों की सेहत बिगड़ने के मामले जब-तब सामने आते रहते हैं।

सवाल है कि अगर टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को स्वच्छ पेयजल जैसी सबसे बुनियादी चीज भी मुश्किल से मिल पाती है, तो सरकार किस भरोसे भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के दावे करती रहती है! कुछ महंगी और अति-महत्त्वपूर्ण मानी जाने वाली ट्रेनों को छोड़ दें, तो क्या साधारण लोगों के लिए भी रेल यात्रा उतनी ही सहज या सुकूनदेह रह गई है? ट्रेन में सीट पर आराम से बैठ कर यात्रा कर पाना जहां चुनौती बन चुकी है, वहीं सफर के दौरान खाने-पीने का सामान कैसा मिलता है, यह अब कोई छिपी हकीकत नहीं रह गई है। मगर सबसे बुनियादी चीज- पीने के पानी तक की हालत अगर ऐसी है कि ज्यादातर स्टेशनों पर लगे नले से दूषित पेयजल मिलता है, तो इससे उपजे जोखिम के लिए कौन जिम्मेदार है?

# महिला किसानों के हक का सवाल



**वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में महिलाओं की आबादी करीब 48 फीसद है। खेती-बागवानी में उनकी आधे से अधिक की भागीदारी है। मगर आज भी उनके योगदान को हाशिये पर रखा जाता है।**

**मनीष अग्रहरि**

संयुक्त राष्ट्र ने महिलाओं के कृषि एवं बागवानी के कार्यों में महत्त्व को मान्यता देने और लैंगिक असमानता को खत्म करने के लिए वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के रूप में मनाए जाने की घोषणा की है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में महिलाओं की आबादी 48.4 फीसद है, इसके बावजूद खेती और बागवानी में उनकी आधे से भी अधिक की भागीदारी है। ग्रामीण महिलाएं दैनिक श्रमसाध्य पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के साथ-साथ बागवानी से जुड़े कार्यों में 79 फीसद तथा खेती में लगभग 75 फीसद सक्रिय हिस्सेदारी करती हैं, फिर भी यह कटु सत्य है कि किसान तो पुरुष ही कहलाता है। जब भी किसान की बात आती है, तो हम सबके मन-मस्तिष्क में प्रायः पुरुष किसान ही उभरता है। ऐसे विरोधाभास में संयुक्त राष्ट्र की पहल पर सरकार और समाज को देश की महिला किसानों के उत्थान के लिए संजीदगी से विचार करना होगा, क्योंकि आज भी वास्तविकता से हटकर पूरी दुनिया में महिला किसानों के महत्त्वपूर्ण योगदान के बावजूद उनके कार्यों को हाशिये पर रखा जाता है।

देश में उदारीकरण, निजीकरण और औद्योगीकरण के बाद पुरुषों का गांवों से पलायन बढ़ा है। ऐसे में महिलाओं ने रोजमर्रा के घरेलू कार्यों के साथ-साथ कृषि एवं संबद्ध कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी शुरू की है। आज यंत्रीकरण के बावजूद धान की रोपाई करते हुए आमतौर पर महिलाएं ही देखी जाती हैं। इसके अलावा वे सारे कार्य जो खेती में श्रम प्रधान हैं, जैसे- बुआई, गुड़ाई, कटाई, ओसाई, भंडारण, प्रसंस्करण तथा चारा उत्पादन, ये सभी सर्वाधिक महिलाओं के खाते में ही दर्ज होते हैं। मत्स्य पालन, पशुपालन और बागवानी में भी कमोबेश यही स्थिति है। इसके बावजूद राजस्व अभिलेखों में इनका अदृश्य होना अनेक सवाल खड़ा करता है।

वर्ष 2023-24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, देश में प्रत्येक तीन में से दो ग्रामीण महिलाएं कृषि समुदाय का हिस्सा हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में अस्सी फीसद महिलाएं कृषि में संलग्न है। इसी तरह लोकसभा में दी गई सूचना के अनुसार, महिला कृषि श्रमिकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, तो दूसरी तरफ पुरुष कृषि श्रमिकों में गिरावट देखने को मिल रही है। जनगणना-2011 के आंकड़ों के अनुसार, देश में 3.6 करोड़ महिला किसान तथा 6.15 करोड़ महिला कृषि श्रमिक हैं। इस तरह, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में महिलाओं की बड़ी भागीदारी होने के बावजूद उन्हें पूरे हक-हकूक नहीं मिल पा रहे हैं। यही कारण है कि महिला किसानों और श्रमिकों की इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद तकरीबन चौदह फीसद महिला किसानों का नाम ही कृषि योग्य भूमि एवं राजस्व अभिलेख में अंकित है। इसी तरह महिला कृषि श्रमिकों के नाम महज दो फीसद ही हैं। वर्ष 2019 में शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अनुसार, पंजाब जैसे समृद्ध राज्य में महिलाओं के नाम अभी भी कृषि योग्य भूमि पर मात्र एक फीसद ही दर्ज हैं।

ऐसा नहीं है कि खेती में महिलाओं की हकदारी में असमानता सिर्फ भारत में ही है, बल्कि पूरी दुनिया में उनके नाम खेत का स्वामित्व न होना एक बड़ा



विभेद खड़ा करता है। एक अनुमान के मुताबिक, विकासशील देशों में आधी से अधिक आबादी खेती में संलग्न है, मगर भूमि का स्वामित्व सिर्फ पंद्रह फीसद महिलाओं के पास ही है। इस तरह कृषि के क्षेत्र में पूरी दुनिया में लैंगिक असमानता कायम है। देश में महिला किसानों की तरक्की में सबसे बड़ा रोड़ा

> खेती में महिलाओं की हकदारी में असमानता सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में है। एक अनुमान के मुताबिक, विकासशील देशों में आधी से अधिक आबादी खेती में संलग्न है, मगर भूमि का स्वामित्व सिर्फ पंद्रह फीसद महिलाओं के पास ही है। भारत में महिला किसानों की तरक्की में सबसे बड़ा रोड़ा अभिलेखजनित असमानता ही है, क्योंकि खेती योग्य भूमि का स्वामित्व न होने के कारण अनेक प्रकार की सरकारी योजनाओं और औपचारिक वित्तीय लाभ खास तौर से किसान क्रेडिट कार्ड एवं सरकारी अनुदान से महिलाएं वंचित रह जाती हैं। महिलाओं की कृषि क्षेत्र में भूमिका को अभिलेखों में दर्ज किए जाने की जरूरत है, ताकि पोषण सुरक्षा, उत्पादकता एवं अर्थव्यवस्था में सही मायने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

अभिलेखजनित असमानता ही है, क्योंकि खेती योग्य भूमि का स्वामित्व (खसरा, खतौनी में नाम) न होने के कारण अनेक प्रकार की सरकारी योजनाओं और औपचारिक वित्तीय लाभ खासतौर से किसान क्रेडिट कार्ड एवं सरकारी अनुदान से महिलाएं कोसों दूर हो जाती हैं। लागत को घटाने के लिए इस समय कृषि यंत्रों पर जोर है, मगर महिलाओं के अनुकूल कृषि यंत्र बहुत कम उपलब्ध हैं। सरकार को इस मसले पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

महिलाएं देश, समाज और परिवार के लिए कितना योगदान दे रही हैं, उसे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों से समझा जा सकता है। इसके अनुसार, महिलाएं चूल्हा-चौका, बच्चों के पालन-पोषण समेत अन्य घरेलू कार्यों के दबाव के चलते तकरीबन ढाई गुना से अधिक समय अवैतनिक कार्यों में गुजार देती हैं। इससे उनका बाजार उन्मुखीकरण और उच्च मूल्य वाले कार्यों में भागीदारी मूल्य शृंखला में सबसे ऊपर होने की संभावना सर्वाधिक न्यून हो जाती है। संविधान का अनुच्छेद-14 सभी को समानता का अधिकार देता है, इससे महिलाओं को सामान कार्य का सामान मेहनताना मिलना चाहिए। मगर संवैधानिक व्यवस्था से इतर महिलाओं को व्यावहारिक रूप से पुरुषों की अपेक्षा कृषि कार्यों का मेहनताना कम दिया जाता है। इसी प्रकार अनुच्छेद-21 गरिमापूर्ण जीवन की गारंटी देता है, मगर कृषि क्षेत्र के असंगठित होने के कारण कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शिकायतों का निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम, 2013 भी लागू नहीं हो पाता है। केवल संगठित और बड़े कार्यस्थलों में ही यह मूर्त रूप ले पाता है। इससे खेती आधारित गतिविधियों में कई बार महिलाएं यौन उत्पीड़न और हिंसा की शिकार हो जाती हैं और न्याय के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है। ऐसे में संविधान प्रदत्त गरिमापूर्ण जीवन और समानता की बात कल्पना से परे है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाली कृषि अनुसंधान एवं प्रसार की सर्वोच्च संस्था भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने महिला किसानों के उत्थान के लिए वर्ष 1996 में भुवनेश्वर में केंद्रीय महिला कृषि संस्थान की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य कृषि में महिलाओं के अनुरूप तकनीक और आजीविका पर केंद्रित अनुसंधान करना है। इसी प्रकार स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वित्तीय समावेशन बढ़ा है, नमो ड्रोन दीदी योजना से हुनरमंद महिलाएं तरक्की की नई इबारत लिख रही हैं, लखपति दीदी योजना से भी लाभ हो रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नाबार्ड और राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान के संयुक्त सहयोग से एग्री क्लीनिक और एग्री बिजनेस सेंटर योजना के माध्यम से महिला कृषि उद्यमी तैयार हो रही हैं।

इसी तरह कृषि अवसंरचना कोष समेत अनेक योजनाएं आज संचालित हो रही हैं। फिर भी वास्तविक किसान के रूप में जमीन का मालिकाना हक न मिल पाने के कारण दिन-रात खेत में कार्य करने वाली महिला किसानों को नवाचारों में निर्णय लेने की शक्ति, कृषि उत्पादों में सौदेबाजी, संस्थागत कर्ज लेने और सबसिडी की सुविधा नहीं मिल पाती है। अब यह समय की मांग है कि सरकार, निजी संस्थाएं और समाज तीनों मिलकर महिला किसानों को खेती जैसे महत्त्वपूर्ण संसाधन के हक-हकूक दिलाने के लिए नीतिगत निर्णय के साथ उन्हें समान अधिकार और सम्मान दिलाएं। महिलाओं को कृषि के लिए औपचारिक शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय साक्षरता की दिशा में अग्रसर करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि देश और दुनिया की पोषण-रक्षा, उत्पादकता एवं अर्थव्यवस्था में सही मायने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य

**मेघा राठी**

मनुष्य अपने जीवन को अपनी इच्छाशक्ति की विजय मानकर चलता है। उसे विश्वास होता है कि उसने जो पाया, अपनी मेहनत से पाया और जो खोया, वह भी उसके अपने निर्णयों का परिणाम था। वह स्वयं को अपने जीवन का निर्माता समझता है, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, अनुभव गहराते हैं और पीछे मुड़कर देखने की दृष्टि विकसित होती है, वैसे-वैसे एक असहज सत्य सामने आने लगता है- 'जीवन की सबसे बड़ी घटनाओं का निर्णय हमने कभी किया ही नहीं। हम केवल उन निर्णयों के सहभागी बने और समय आने पर उन पर अपने हस्ताक्षर करते चले गए।' शायद इसी अर्थ में कहा जा सकता है कि मनुष्य का पूरा जीवन दरअसल इस्तीफों का इतिहास है।

हम इस्तीफे को केवल नौकरी छोड़ने से जोड़कर देखते हैं। हमें लगता है कि इस्तीफा एक कागज पर लिखा जाने वाला औपचारिक पत्र है, लेकिन अगर जीवन को ध्यान से पढ़ा जाए तो पता चलता है कि हम जन्म से लेकर मृत्यु तक अनगिनत बार इस्तीफा देते हैं। अंतर केवल इतना है कि उन इस्तीफों पर कागज नहीं होते, केवल समय की मुहर होती है। अपने बचपन को याद किया जा सकता है। मिट्टी के खिलौने, बारिश में भीगना, बिना कारण हंस देना, मां की गोद में सो जाना, छोटी-छोटी बातों पर रूठ जाना। क्या किसी बच्चे ने कभी तय किया था कि अब उसे इन सब बातों से विदा लेनी है? नहीं, एक दिन स्कूल की किताबें भारी होने लगीं, जिम्मेदारियां बढ़ गईं और बचपन बिना अनुमति लिए चला गया। हमें उससे इस्तीफा देना पड़ा।

फिर यौवन आया... सपनों से भरा हुआ, ऊर्जा से लबालब। लगता था कि शरीर कभी थकेगा नहीं और समय कभी बदलेगा नहीं, लेकिन समय ने वहां भी हमारी राय नहीं पूछी। चेहरे पर झुर्रियों की पहली रेखा खिंची, बालों का रंग बदलने लगा, आंखों पर चश्मा चढ़ गया और हमें अपनी ही जवानी से इस्तीफा देना पड़ा। यह संसार का शायद सबसे मौन इस्तीफा है, जिसके बारे में कोई घोषणा नहीं होती, लेकिन जिससे कोई बच भी नहीं सकता। हम रिश्तों में प्रवेश करते हैं और मान लेते हैं कि अब यह साथ हमेशा रहेगा। मित्र, प्रेम, विवाह, परिवार... सब हमें स्थायी लगने लगते हैं, लेकिन जीवन का नियम स्थायित्व नहीं, परिवर्तन है। कोई दूर चला जाता है, कोई बिछड़ जाता है, कोई बदल जाता है और कई बार हम स्वयं बदल जाते हैं। तब भी हमें एक रिश्ते से इस्तीफा देना पड़ता है। यह इस्तीफा सबसे अधिक पीड़ा देता है, क्योंकि इसमें दस्तखत हाथ नहीं, हृदय करता है। नौकरी का उदाहरण तो हर व्यक्ति के सामने है। कोई अपनी पूरी जवानी किसी संस्था को दे देता है। अपनी प्रतिभा, अपना समय, अपनी ऊर्जा, यहां तक कि अपना स्वास्थ्य भी। उसे लगता है कि यही उसकी पहचान है। फिर एक दिन सेवानिवृत्ति का आदेश आता है। कोई पूछता नहीं कि अभी मन है या नहीं। बस एक हस्ताक्षर होते हैं और दशकों का साथ समाप्त हो जाता है। जिस कुर्सी को हम अपना समझ बैठे थे, वह अगले दिन किसी और की हो जाती है।

क्या इन घटनाओं का निर्णय हमने किया था? क्या हमने तय किया था कि किस घर में जन्म लेना है? क्या हमने अपने माता-पिता चुने थे? क्या हमने अपनी पहली सांस का समय निश्चित किया था? क्या हमने तय किया कि हमारा बचपन कब समाप्त होगा, यौवन कब ढलेगा या बुढ़ापा कब आएगा? अगर उत्तर 'नहीं' है, तो फिर यह स्वीकार करना भी पड़ेगा कि जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा हमारी इच्छा से नहीं, समय के विधान से चलता है। यहीं से एक अत्यंत सुंदर प्रतीक जन्म लेता है 'हस्ताक्षर'। किसी सरकारी फाइल में आदेश ऊपर लिखा जाता है। नीचे केवल हस्ताक्षर करने होते हैं। हस्ताक्षर करने वाला आदेश का लेखक नहीं होता, केवल उसका स्वीकारकर्ता होता है। शायद मनुष्य की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है। समय आदेश लिखता है, प्रकृति उसे लागू करती है और मनुष्य केवल उसके नीचे अपना नाम लिख देता है।

यह विचार पहली दृष्टि में मनुष्य को असहाय बना सकता है, पर वास्तव में ऐसा नहीं है। भारतीय दर्शन कभी भी भाग्यवाद का समर्थन नहीं करता। वह कहता है कि कर्म तुम्हारे हाथ में है, लेकिन फल का विधान व्यापक है। अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा भ्रम है। पद मिलने पर वह स्वयं को अजेय समझने लगता है। सौंदर्य मिलने पर उसे लगता है कि यह हमेशा रहेगा। धन मिलने पर उसे विश्वास हो जाता है कि दुनिया उसकी मुट्ठी में है, लेकिन समय किसी परिचय का मोहताज नहीं होता। वह राजा और रंक, दोनों से एक ही दिन इस्तीफा लेता है। संसार के महानतम सम्राट भी अपने सिंहासन बचाकर नहीं रख सके। सबसे बड़े कलाकार अपनी तालियां साथ नहीं ले गए। तब हम किस बात का अभिमान करें? शेक्सपियर ने लिखा था, 'सारा संसार एक रंगमंच है और हम सब अभिनेता हैं।'

**दुनिया मेरे आगे**

> आज का मनुष्य इसलिए बेचैन है कि वह हर उस चीज को स्थायी बनाना चाहता है, जो स्वभाव से अस्थायी है। वह चाहता है कि उसका यौवन कभी समाप्त न हो, उसके प्रियजन कभी दूर न जाएं, उसकी नौकरी कभी न छूटे, उसकी सफलता हमेशा बनी रहे, लेकिन जीवन का पूरा सौंदर्य ही परिवर्तन में छिपा है।

आज का मनुष्य इसलिए बेचैन है कि वह हर उस चीज को स्थायी बनाना चाहता है, जो स्वभाव से अस्थायी है। वह चाहता है कि उसका यौवन कभी समाप्त न हो, उसके प्रियजन कभी दूर न जाएं, उसकी नौकरी कभी न छूटे, उसकी सफलता हमेशा बनी रहे, लेकिन जीवन का पूरा सौंदर्य ही परिवर्तन में छिपा है। अगर ऋतुएं न बदलें, तो प्रकृति मर जाए, समय ठहर जाए तो जीवन भी ठहर जाएगा। मनुष्य अपने साथ कुछ भी लेकर नहीं जाता। न पद, न प्रतिष्ठा, न संपत्ति, न पहचान अगर कुछ बचता है, तो केवल उसके कर्मों की सुगंध और लोगों के मन में छोड़ी गई उसकी स्मृतियां। इसलिए शायद जीवन का सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि हमने कितनी संपत्ति अर्जित की या कितनी प्रसिद्धि पाई। असली प्रश्न यह है कि जिन भूमिकाओं के लिए हमें इस धरती पर भेजा गया, क्या हमने उन्हें पूरी ईमानदारी से निभाया!

## भोजन बनाम शिक्षा




विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलना चाहिए, लेकिन मध्याह्न भोजन को शिक्षा का विकल्प बनाना बड़ी भूल होगी। सरकारों को एक हाथ में भोजन और दूसरे हाथ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दोनों सुनिश्चित करना होगा। राजनीतिक दलों को भी बच्चों की थाली को राजनीतिक हथियार बनाने से बचना चाहिए। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, दोनों को यह याद रखना होगा कि स्कूल में पढ़ने वाला बच्चा किसी दल का मतदाता नहीं, देश का भविष्य है। उसकी थाली में क्या है, यह अहम है। मगर उसके दिमाग में क्या जा रहा है, यह उससे कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। वास्तव में कुपोषण मिटाना है, तो केवल स्कूल के भोजन पर निर्भर रहने के बजाय जरूरतमंद परिवारों तक नियमित पौष्टिक आहार पहुंचाने की ठोस व्यवस्था करनी होगी। देश को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के पदों को खाली रख कर यह कभी संभव नहीं होगा। कुपोषण को पौष्टिक भोजन और आवश्यक पोषण उपलब्ध करा कर काफी हद तक दूर किया जा सकता है। बच्चे की सीखने की उम्र अगर बिना योग्य शिक्षक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के निकल गई, तो उसकी भरपाई कोई भी सरकारी योजना नहीं कर सकती।

*- अरविंद रावल, झाबुआ, मप्र*

## ताकत का अहंकार

'शक्ति का मोल' (दुनिया मेरे आगे, 14 अगस्त) पढ़ा। निस्संदेह शक्ति बुरी नहीं है, पर हम उससे कैसे पेश आते हैं वही तय करता है कि वह हमें बड़ा बनाएगी या गिरा देगी। यह सच्चाई है, हर इंसान को बस रोटी-कपड़ा और मकान नहीं चाहिए। इसी वजह से लोग मेहनत करते हैं और आगे बढ़ते हैं। दिक्कत तब आती है, जब इज्जत की जगह 'मैं सबसे बड़ा हूं' वाला भाव आ जाता है। शक्ति का असर पहले सोच पर पड़ता है, व्यवहार पर बाद में। जब लोग 'हां में हां' मिलाने लगते हैं, तो हमें लगता है कि हम ही हमेशा सही हैं। धीरे-धीरे हम सुनना बंद कर देते हैं और सिर्फ बोलना चाहते हैं। पद बड़ा होते ही संवाद छोटा हो जाता है। शक्ति के साथ डर भी आता है। डर यह कि कहीं यह पद और इज्जत चली न जाए। दो राय नहीं कि शक्ति समय की संपत्ति है। आज आपके पास है, कल किसी और के पास होगी। जो रहेगा वह है आपका व्यवहार।

*- अंकुर सिंह, वाराणसी*

## बहस के बिना

संसद का मानसून सत्र बीते 13 अगस्त को समाप्त हो गया। बीस जुलाई से शुरू हुआ यह सत्र कुल 19 बैठकों के लिए निर्धारित था, लेकिन इसका बड़ा हिस्सा सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव, नारेबाजी, स्थगन और आरोप-प्रत्यारोप में बीत गया। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां सरकार से सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है और जवाब देना सरकार की जिम्मेदारी। मगर जब सवाल और जवाब दोनों सदनों के भीतर होने के बजाय बाहर की राजनीति का हिस्सा बन जाएं, तो नुकसान अंततः लोकतंत्र और जनता दोनों का होता है। इस सत्र का सबसे बड़ा विरोधाभास यही रहा कि एक तरफ सरकार विधायी कामकाज को अपनी उपलब्धि बता रही है, वहीं संसदीय बहस और विचार-विमर्श का स्तर बेहद कमजोर रहा। संसद अपनी निर्धारित क्षमता के बहुत कम स्तर पर काम कर सकी। कुल बारह विधेयक आए और इनमें ग्यारह दोनों सदनों से पारित हुए।

*- युगल किशोर राही, छपरा*

## स्वाभिमान के मायने

स्वाभिमान मनुष्य का सबसे बड़ा धन होता है। यह हमें अपने सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीना सिखाता है। जिस व्यक्ति में स्वाभिमान होता है, वह कभी भी गलत रास्ता नहीं अपनाता। यह हमें अपनी पहचान और व्यक्तित्व का महत्त्व समझाता है। स्वाभिमानी व्यक्ति दूसरों का सम्मान भी करता है और स्वयं का भी। वह किसी के सामने बिना कारण झुकना पसंद नहीं करता। इसका अर्थ घमंड करना नहीं है, बल्कि अपने आत्मसम्मान को बनाए रखना है। जीवन में कई बार ऐसे अवसर आते हैं, जब हमें अपने स्वाभिमान की परीक्षा देनी पड़ती है। कुछ लोग लाभ या डर के कारण आत्मसम्मान से समझौता कर लेते हैं, लेकिन स्वाभिमानी व्यक्ति ईमानदारी और सच्चाई के मार्ग पर चलता है, चाहे उसे कितनी भी कठिनाइयों का सामना क्यों न करना पड़े।

*- गंगा पांडेय, बाढ़, पटना*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

दैनिक जागरण
जो विचार आकार न ले पाए वह व्यर्थ है

# भाजपा की नई टीम

अंततः भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम घोषित हो गई। इस टीम के गठन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। कुछ इसी तरह मोदी मंत्रिमंडल में विस्तार की भी प्रतीक्षा हो रही थी। नितिन नवीन टीम की घोषणा के बाद यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या अब मंत्रिमंडल में भी विस्तार होगा? यह प्रश्न इसलिए उठेगा, क्योंकि हाल के समय में कुछ चेहरे मंत्रिमंडल से बाहर हुए हैं। इनमें प्रमुख हैं धर्मेंद्र प्रधान। इसके अतिरिक्त मंत्रिमंडल के कई चेहरे पुराने पड़ चुके हैं। तथ्य यह भी है कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को फिर से कोषाध्यक्ष बनाया गया है। चूंकि वह पहले भी मंत्री रहने के साथ कोषाध्यक्ष रह चुके हैं, इसलिए वे आगे भी दोनों पद संभाल सकते हैं। जो भी हो, उचित तो यही होगा कि संगठन को नए सिरे से गठित किए जाने के बाद मंत्रिमंडल में भी विस्तार और फेरबदल किया जाए, ताकि उसमें नई ऊर्जा का संचार हो सके। ध्यान रहे जब किसी समूह का नए सिरे से गठन होता है तो कुछ चेहरे ही नहीं बदलते, बल्कि उसकी कार्यशैली और प्राथमिकताएं भी बदलती हैं। पता नहीं केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल होगा या नहीं, लेकिन इतना अवश्य है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम के समक्ष जनता से जुड़ाव बढ़ाने और अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती है। उनकी टीम में नए और पुराने, दोनों ही चेहरे हैं। यह दिखाता है कि युवाओं और अनुभवी लोगों में संतुलन बैठाने के साथ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने की कोशिश की गई है और युवाओं एवं महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। ऐसा करना समय की मांग है।

भाजपा की नई टीम में महिलाओं के साथ युवाओं को खास तौर पर आगे किया गया है। इनमें से कुछ तेजतर्रार चेहरे हैं। उन्हें आगे लाना इसलिए आवश्यक था, क्योंकि जहां महिलाएं एक नया और प्रभावी वोट बैंक हैं, वहीं युवा और विशेष रूप से जेन-जी पीढ़ी सबके एजेंडे में हैं। भाजपा की नई टीम को केवल नए अध्यक्ष की टीम कहना सही नहीं होगा। इस टीम में प्रधानमंत्री मोदी की छाप दिख रही है, जो समय की नब्ज भांपने और उसके अनुकूल फैसले लेने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा की नई टीम के सामने जो अनेक चुनौतियां हैं, उनमें सबसे बड़ी चुनौती नैरेटिव बदलने की है। काकरोच जनता पार्टी के उभार के साथ ही विपक्ष ने संसद के मानसून सत्र को जिस तरह चलने नहीं दिया, उससे इसकी आवश्यकता महसूस हो रही है कि भाजपा को सरकार एवं संगठन के जरिये अपने विरोधी नैरेटिव का प्रतिकार करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। इसमें एक बड़ी भूमिका इंटरनेट मीडिया की होगी। यह अच्छा है कि इंटरनेट मीडिया विभाग में नए चेहरे दिख रहे हैं।

# भीड़ प्रबंधन

हिमाचल प्रदेश में आने वाले पर्यटकों और वाहनों की संख्या में वृद्धि से कई स्थानों पर लंबा ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था आम सी हो गई है। भीड़ प्रबंधन की तरफ समुचित ध्यान न दिए जाने के कारण ही ऐसी स्थिति पैदा हो रही है। जिम्मेदार वर्ग संभवतः यह अनुमान नहीं लगा पाता कि कितने लोग या वाहन आ सकते हैं और उनका प्रबंधन कैसे किया जाएगा। प्रदेश में जाम का सबसे बड़ा कारण सीमित सड़कें, पार्किंग की कमी, निजी वाहनों का अत्यधिक उपयोग तथा सप्ताहांत में अचानक बढ़ने वाली पर्यटकों की संख्या है। अब समय आ गया है कि इस विषय को गंभीरता से लिया जाए। सड़कें चौड़ी करने के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली विकसित करनी होगी। डिजिटल सूचना बोर्ड, मोबाइल एप और जीपीएस आधारित ट्रैफिक अपडेट से पर्यटकों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी समय पर दी जा सकती है। भीड़ वाले दिनों में वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने तथा समयबद्ध प्रवेश व्यवस्था लागू करने पर विचार किया जा सकता है। पर्यटकों को भी यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने तथा सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा। प्रशासन, पर्यटन विभाग, स्थानीय निकाय, होटल व्यवसायी और स्थानीय नागरिक समन्वय स्थापित करें तो भीड़ प्रबंधन अधिक प्रभावी हो सकता है। प्रदेश की पर्यटन पहचान बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है। इससे पर्यटकों का अनुभव बेहतर होगा और हिमाचल प्रदेश का पर्यटन उद्योग भी अधिक टिकाऊ एवं सफल बन सकेगा।

> ऐसे प्रबंध करने आवश्यक हैं कि पर्यटकों को ट्रैफिक जाम का सामना न करना पड़े

# सुविधा की कीमत चुकाने का समय



आदित्य सिन्हा

**यदि प्रतिष्ठान दशकों से कार्ड भुगतान पर शुल्क दे रहे हैं तो फिर यूपीआइ के लिए ऐसा करने में क्या समस्या हैं**

अपने आसपास किसी सब्जी के ठेले, टी-स्टाल या दवाई की दुकान या किसी भी अन्य प्रतिष्ठान पर नजर डालिए तो बहुत संभव है कि आपको वहां यूपीआइ क्यूआर कोड नजर आए। केवल जुलाई 2026 में ही भारत में 29.9 लाख करोड़ रुपये के 2,366 करोड़ यूपीआइ लेनदेन हुए। भारत का बनाया हुआ यह एक ऐसा सिस्टम है, जिसे पूरी दुनिया सराहती है। चूंकि लगभग सभी लोग इसका उपयोग करते हैं, इसलिए जब अगस्त में संसद ने कुछ यूपीआइ भुगतानों को शुल्क के दायरे में लाने संबंधी कानून को हरी झंडी दिखाई तो उस पर आक्रोश दिखा। लोगों को लगा कि उनसे मुफ्त सुविधा छीनी जा रही है। यह भाव बहुत ही स्वाभाविक है। इसके पीछे तमाम पहलू उत्तरदायी हैं।

कानून में जिस शुल्क का उल्लेख है वह मर्चेंट डिस्काउंट रेट या एमडीआर है, जिसका भुगतान उपभोक्ता नहीं, बल्कि व्यापारी को करना होगा। यह शुल्क 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान और बड़े कारोबारियों पर ही लागू होगा। किसी मित्र, परिचित या परिवार के सदस्य को होने वाला सामान्य भुगतान पहले की ही तरह शुल्क मुक्त रहेगा। छोटे दुकानदारों को भी भुगतान पर कोई शुल्क नहीं देना होगा। शुल्क की 0.25 प्रतिशत से 0.4 प्रतिशत की प्रस्तावित दर भी बहुत कम है। कार्ड कंपनियां तो वर्षों से दुकानदारों से भुगतान के एवज में कहीं भारी शुल्क वसूलती आ रही हैं। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या यूपीआइ सेवा हमेशा से पूरी तरह मुफ्त रही है? कतई नहीं। प्रत्येक यूपीआइ भुगतान को पूरा करने के लिए करीब दो रुपये की लागत आती है। इस प्रक्रिया में शामिल सर्वर, इंजीनियर, फ्राड चेकिंग से लेकर पलक झपकते ही मुद्रा हस्तांतरण की सुविधा के लिए किसी और को शुल्क चुकाना पड़ता है। वर्ष 2020 से ही कानून लागू है कि यूपीआइ के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा तो इन लागतों का बोझ कौन वहन करता है? इसकी अदायगी पेमेंट कंपनियां और बैंक अपनी जेब से करते हैं और कुछ हद तक करदाता भी। यूपीआइ के लिए सरकार पहले ही करीब 11,000 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। स्पष्ट है कि कुछ भी पूरी तरह मुफ्त नहीं। फर्क इतना है कि बिल किसी दूसरे पते पर भेजा जाता है।

इस मुद्दे पर इतनी चर्चा क्यों आवश्यक है? ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसे ही कुछ मामलों में भारत के अच्छे अनुभव नहीं रहे हैं। कई राज्यों द्वारा किसानों के लिए मुफ्त बिजली का ही उदाहरण लीजिए। इससे न तो किसान बहुत फायदे में रहे और न ही बिजली कंपनियां। इसका नतीजा बिजली आपूर्ति में गतिरोध से लेकर ट्रांसफार्मर जैसे उपकरणों में व्यापक खामियों के रूप में सामने आया। असल में जब किसी सेवा पर राजस्व अर्जित करने के दृष्टिकोण से सीमा तय कर दी जाए तो वह धीरे-धीरे अपनी उपयोगिता गंवा देती है। फिर उसमें न तो कोई निवेश करने के लिए आगे आता है और न ही कोई उसे बेहतर बनाने का प्रयास करता है। ऐसी सेवा केवल सरकारी अनुकंपा पर चल रही होती है। देखा जाए तो मुफ्तखोरी का चलन ही तमाम अच्छी चीजों के पतन का कारण बनता है।




अवधेश राजपूत

यूपीआइ इससे बेहतर की हकदार है। उसे निरंतर निवेश का सहारा चाहिए। भुगतान का दायरा बढ़ने से सर्वर भी अधिक चाहिए होंगे। धोखाधड़ी बढ़ने से दमदार सुरक्षा आवरण भी आवश्यक है। नित नए फीचर भी जोड़ने होंगे ताकि यह तकनीक समय की कसौटी पर खरी उतरे। अगर बैंकों एवं भुगतान कंपनियों को यूपीआइ से कोई कमाई नहीं होगी तो वे इस पर क्यों खर्च करेंगे? संभव है कि कुछ समय तक तो वे इसे इसी उम्मीद में सहारा देते रहें कि भविष्य में नियम बदलेंगे, लेकिन उम्मीद की गिनती किसी बिजनेस प्लान में नहीं होती। ऐसे में न्यूनतम ही सही कुछ शुल्क लगाना अनुचित नहीं। इससे करदाताओं पर इसकी निर्भरता घटेगी। यह अपनी क्षमताओं के दम पर देश के दूसरे हिस्सों में विस्तार करने में सक्षम हो सकेगा।

कुछ लोगों का कहना है कि यूपीआइ भी स्ट्रीट लाइट या रक्षा-सुरक्षा जैसे सार्वजनिक महत्व का विषय है तो सरकार को हमेशा इसे सहारा देना चाहिए। यह विचार तो अच्छा है, परंतु इसमें तार्किकता कम है। स्ट्रीट लाइटिंग सार्वभौमिक सुविधा है, लेकिन भुगतान निजी सेवा है। इसमें क्रेता और विक्रेता बंधे होते हैं और हर भुगतान के साथ ही कुछ खर्च भी जुड़ा होता है। अगर कोई बड़ा प्रतिष्ठान 8,000 रुपये का भुगतान प्राप्त करता है तो उससे 25 से 30 रुपये का भुगतान शुल्क लेने में कुछ हर्ज नहीं। जब कोई प्रतिष्ठान बिजली से लेकर दुकान के किराये और कर्मियों के लिए खर्च करता है तो फिर भुगतान के लिए भी प्रविधान कर सकता है।

एक आशंका यह है कि यूपीआइ पर शुल्क लगाने से नकदी पर निर्भरता फिर से बढ़ेगी, लेकिन नकदी से जुड़ी दिक्कतें भी कम नहीं हैं। एटीएम की लाइन में लगना, नोटों को गिनना एवं संभालना और भुगतान की प्रक्रिया में छुट्टे के लिए बहस करना। खुदरा व्यापारी इसलिए भी यूपीआइ चाहते हैं, क्योंकि इससे नकदी प्रबंधन से जुड़े खर्च और जोखिम घट जाते हैं। ऐसे में यूपीआइ पर 0.25 प्रतिशत का मामूली शुल्क लोगों को वापस नकदी की ओर रुख करने पर शायद ही मजबूर करे। वैसे भी एक बार सुविधा की आदत पड़ जाए तो वह मुश्किल से ही छूटती है। रही बात इस डर की कि व्यापारी यह चार्ज ग्राहकों से वसूलेंगे, तो शायद कुछ व्यापारी शुरुआत में ऐसा करने की सोचें भी। हालांकि कड़ा मुकाबला उन्हें ऐसा करने नहीं देगा। अगर एक दुकानदार चार्ज लगाएगा तो पड़ोस वाला बिना शुल्क लिए उस ग्राहक को तोड़ लेगा। पिछले कई दशकों से क्रेडिट और डेबिट कार्ड के साथ जुड़े शुल्कों के मामले में यही होता रहा है। असल में व्यापार जगत इसे अपने कारोबारी खर्च का एक अंतर्निहित हिस्सा समझकर उसका बोझ खुद वहन कर लेता है। समग्रता में देखें तो हर किसी सेवा-सुविधा के साथ कुछ शुल्क तो जुड़ा ही रहता है। अगर यह शुल्क स्पष्ट है तो उसमें ईमानदारी का भाव रहेगा, लेकिन दबे-छिपे रूप में शायद ऐसा संभव न हो। अगर यूपीआइ के साथ भी शुल्क को लेकर स्पष्टता बनती है तो बेहतर होगा। अन्यथा बिजली और पानी से जुड़े प्राधिकरणों की स्थिति तो हमने देखी ही है।

(लेखक लोक-नीति विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

# फिर से पटरी पर आता बंगाल



केके उपाध्याय

**बीते सौ दिनों में बंगाल की पूरी तस्वीर भले न बदली हो, लेकिन ऐसा होने का भरोसा लौट आया हैं**

किसी सरकार के जीवन में सौ दिन बहुत लंबा समय नहीं होता, लेकिन सौ दिन यह बताने के लिए पर्याप्त होते हैं कि सरकार की नीयत क्या है, नीति क्या है और दिशा क्या है। पश्चिम बंगाल की नई सरकार के पहले सौ दिन इसी कसौटी पर देखे जाने चाहिए। इन सौ दिनों में सबसे बड़ा परिवर्तन बंगाल के माहौल में दिखाई देता है। लंबे समय बाद बंगाल में आम आदमी यह महसूस कर रहा है कि सरकार केवल सत्ता का प्रतिष्ठान नहीं, उसकी अपनी सरकार भी है। कानून सबके लिए है। प्रशासन को जवाबदेही तय करनी होगी। बंगाल लंबे समय तक राजनीतिक हिंसा, टकराव और भय की खबरों से पहचाना जाता रहा। गांव से शहर तक राजनीति जीवन के हर हिस्से में मौजूद थी। नई सरकार के सामने पहली चुनौती इसी माहौल को बदलने की थी। सत्ता परिवर्तन का अर्थ केवल मुख्यमंत्री और मंत्रियों का बदलना नहीं होता। असली परिवर्तन तब होता है, जब शासन की कार्यसंस्कृति बदलती है। इन सौ दिनों में सरकार ने प्रशासन को स्पष्ट संकेत दिया है कि अब जवाबदेही सर्वोपरि है। फैसले समय पर हों। जनता की शिकायतें सुनी जाएं। योजनाएं जमीन तक पहुंचें।

बंगाल सरकार ने शुरुआती सौ दिनों में स्वास्थ्य, रोजगार, महिला कल्याण, सीमा सुरक्षा और केंद्र-राज्य सहयोग जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं। नई सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को राज्य में लागू करना प्रमुख है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ समझौता कर इस योजना से जुड़ाव हुआ। इसका महत्व केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है। बंगाल का पात्र व्यक्ति देश के दूसरे हिस्से में सूचीबद्ध अस्पताल में इसका लाभ ले सकता है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के लिए गंभीर बीमारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, आर्थिक संकट भी बन जाती है। इसलिए यह फैसला आमजन को स्वास्थ्य सुरक्षा और भरोसा देने वाला है।

बंगाल की बांग्लादेश के साथ लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। इसलिए सीमा सुरक्षा यहां केवल एक प्रशासनिक विषय नहीं है। इसका सीधा संबंध राष्ट्रीय सुरक्षा, घुसपैठ, तस्करी, कानून-व्यवस्था और सीमावर्ती नागरिकों की सुरक्षा से है। नई सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को आवश्यक लंबित भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में निर्णय लिया। यह एक राजनीतिक और प्रशासनिक संदेश भी था कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर राजनीति नहीं होगी। बंगाल पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार है। पूर्वोत्तर भारत से उसकी स्वाभाविक कड़ी है। बंगाल की खाड़ी उसे दक्षिण-पूर्व एशिया के बाजारों से जोड़ती है। इस भौगोलिक सामर्थ्य को आर्थिक शक्ति में बदलना होगा। एक समय बंगाल भारत की औद्योगिक शक्ति था। हुगली के किनारे कारखानों की कतार थी। जूट उद्योग था। इंजीनियरिंग थी। कोलकाता देश के व्यापारिक केंद्रों में अग्रणी था। दुर्गापुर और आसनसोल औद्योगिक पहचान रखते थे। हल्दिया का अपना महत्व था। फिर धीरे-धीरे उद्योगों का पलायन शुरू हुआ। नई सरकार ने अपने शुरुआती दिनों में उद्योग जगत को एक स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया कि अब बंगाल उद्योग से संघर्ष नहीं करेगा। निवेश केवल घोषणाओं से नहीं आता। निवेशक को भरोसा चाहिए।



बदलाव के वाहक बने सीएम शुभेंदु अधिकारी। फाइल

बंगाल के पास आज भी अपार संभावनाएं हैं। बंदरगाह हैं। रेल नेटवर्क है। विशाल बाजार है। कुशल मानव संसाधन है। इन सभी शक्तियों को एक सूत्र में जोड़ दिया जाए तो बंगाल फिर भारत के औद्योगिक मानचित्र पर अपना पुराना गौरव प्राप्त कर सकता है। रोजगार केवल सरकारी नौकरियों से पैदा नहीं होगा। एमएसएमई चाहिए। स्टार्टअप चाहिए। आइटी चाहिए। मैन्यूफैक्चरिंग चाहिए। पर्यटन चाहिए। कृषि आधारित उद्योग चाहिए। हर जिले की पहचान को रोजगार से जोड़ना आने वाले पांच वर्षों में सरकार की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक होगी। बंगाल ने बीते वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की कई ऐसी घटनाएं देखीं, जिन्होंने पूरे देश को विचलित किया। नई सरकार ने महिला सुरक्षा को अपनी प्राथमिकताओं में रखा है। महिला सुरक्षा ऐसा विषय है, जिस पर सौ दिनों की उपलब्धि गिनाकर रुकना संभव नहीं है। यह निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। सौ दिनों में यदि कोई एक परिवर्तन सबसे अधिक महसूस किया जा रहा है तो वह इसी भरोसे की वापसी है। इसे आंकड़ों में नहीं मापा जा सकता। राज्य तभी आगे बढ़ता है, जब नागरिक को विश्वास हो कि उसका आने वाला कल आज से बेहतर होगा। बंगाल चैतन्य महाप्रभु, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिमचंद्र की धरती है। सुभाषचंद्र बोस और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कर्मभूमि है। नए बंगाल को आधुनिक बनना है, लेकिन अपनी जड़ों को छोड़कर नहीं। सौ दिन मंजिल नहीं, शुरुआत हैं। ये आने वाले पांच वर्षों की दिशा का संकेत हैं और अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इन सौ दिनों में बंगाल की पूरी तस्वीर नहीं बदली, लेकिन तस्वीर बदलने का विश्वास जरूर पैदा हुआ है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### श्रेष्ठता की कसौटी

श्रेष्ठता की आकांक्षा मानव जीवन की एक स्वाभाविक वृत्ति है। हर व्यक्ति चाहता है कि वह अपने कार्य, ज्ञान, व्यक्तित्व और उपलब्धियों के कारण सम्मान प्राप्त करे, किंतु प्रश्न यह है कि श्रेष्ठता की वास्तविक कसौटी क्या है? क्या ऊंचा पद, अधिक धन, बड़ी उपलब्धियां और प्रसिद्धि ही मनुष्य को श्रेष्ठ बनाती हैं? निःसंदेह ये जीवन की सफलताओं के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं, परंतु श्रेष्ठता का निर्णायक प्रमाण कदापि नहीं। वास्तविक श्रेष्ठता वहां से आरंभ होती है, जहां उपलब्धियों के साथ विनम्रता जन्म लेती है। किसी व्यक्ति की महानता इस बात से नहीं आंकी जानी चाहिए कि उसने कितनी ऊंचाई प्राप्त की, अपितु मापदंड यह होना चाहिए कि उस ऊंचाई पर पहुंचकर उसने कितनों का हाथ थामा। ज्ञान तब श्रेष्ठ होता है, जब वह अहंकार नहीं, विवेक उत्पन्न करे। शक्ति तब सार्थक होती है, जब वह संरक्षण का माध्यम बने। संपन्नता तब मूल्यवान होती है, जब उसमें दूसरों के लिए संवेदना का स्थान हो। वास्तविक श्रेष्ठता किसी को छोटा करके स्वयं को बड़ा सिद्ध करने में नहीं, बल्कि स्वयं को इतना बेहतर बनाने में है कि हमारे होने से दूसरों का जीवन भी बेहतर हो।

भारतीय चिंतन ने सदैव श्रेष्ठता को चरित्र, त्याग और करुणा से जोड़ा है। इसलिए श्रेष्ठ व्यक्ति वह नहीं जो केवल उपलब्धियों की कसौटी पर ही आगे दिखे, अपितु वह है जो अपने भीतर के लोभ, क्रोध, अहंकार और स्वार्थ पर विजय प्राप्त करके अपना जीवन लोक-कल्याण हेतु समर्पित कर दे। बाहरी विजय परिस्थितियों पर होती है, किंतु आंतरिक विजय स्वयं पर। श्रेष्ठता एक सतत साधना है। इसकी सबसे बड़ी कसौटी यही है कि हमारी सफलता के बाद हमारा व्यवहार कितना विनम्र, हमारा हृदय कितना संवेदनशील और हमारा कर्म कितना लोकमंगलकारी हुआ।

प्रेरणा अवस्थी

# युवा विकसित भारत के असली आधार

सुनीता मिश्रा

> युवा शक्ति को सही कौशल और समान अवसर मिल जाएं, तो यह विकसित भारत की मजबूत नींव बन सकती हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआइ का प्रशिक्षण देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुफ्त आनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराने की घोषणा की है। भारत आज युवा ऊर्जा से भरा देश है, जहां 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। इसी वजह से भारत को 'जनसांख्यिकीय लाभांश' यानी डेमोग्राफिक डिविडेंड वाला देश कहा जाता है। यदि इस युवा शक्ति का सही उपयोग किया गया, तो आने वाले दशक भारत की आर्थिक उड़ान के हो सकते हैं, लेकिन यह लाभ तभी मिलेगा, जब युवा शिक्षा, कौशल और रोजगार से जुड़ें।

आज तकनीक तेजी से बदल रही है और एआइ का प्रभाव शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, बैंकिंग, कृषि, विनिर्माण के साथ कई क्षेत्रों तक दिखाई देने लगा है। ऐसे में युवाओं को एआइ की बुनियादी समझ से लेकर उसके व्यावहारिक उपयोग तक प्रशिक्षित करना समय की मांग है। केंद्र सरकार ने पिछले महीने इंडिया एआइ मिशन के तहत 'युवा एआइ फार आल' नाम का मुफ्त आनलाइन कोर्स शुरू किया, जिसका उद्देश्य एक करोड़ लोगों को एआइ की बुनियादी जानकारी देना है। हालांकि केवल प्रशिक्षण की घोषणा कर देना पर्याप्त नहीं होगा। ग्रामीण, छोटे शहरों के युवाओं तक भी गुणवत्तापूर्ण डिजिटल प्रशिक्षण पहुंचे, इसके लिए इंटरनेट, उपकरण और प्रशिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी होगा। महंगी कोचिंग का खर्च वहन नहीं कर पाने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री, मार्गदर्शन मिलने से सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण पैदा होने वाली असमानता कम हो सकती है। देश के युवाओं को केवल नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार पैदा करने वाला बनाने की भी चुनौती है। इसके लिए स्टार्टअप, एमएसएमइ, अनुसंधान, नवाचार और स्वरोजगार को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ना होगा। साथ ही युवतियों की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना होगा।

युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। युवा शक्ति को यदि सही कौशल और समान अवसर मिल जाएं, तो यह विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव बन सकती है। विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक वृद्धि नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ ऐसा भारत बनाना है, जहां युवा अपनी क्षमता के अनुरूप शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर हासिल कर सकें। ऐसे में प्रधानमंत्री की एक करोड़ युवाओं को एआइ प्रशिक्षण देने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त आनलाइन कोचिंग की घोषणा महत्वपूर्ण कदम है। जरूरत इस बात की है कि इसका लाभ शहरों तक सीमित न रहकर गांवों और छोटे शहरों के युवाओं तक भी पहुंचे। तभी देश की युवा शक्ति विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकेगी।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### राष्ट्रीय प्रतीकों पर न हो राजनीति

'वंदे मातरम् पर विवाद' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय अत्यंत सामयिक, वैचारिक रूप से समृद्ध और राष्ट्र-दृष्टि को दिशा देने वाला है। 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत या चंद पद्य पंक्तियां मात्र नहीं हैं, बल्कि यह हमारे स्वाधीनता समर की अमर अग्नि, देश के कोटि-कोटि बलिदानियों का पावन मंत्र और भारत की सनातन चेतना का शाश्वत स्वर है। राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रीय गीत को राजनीतिक मतभेदों की परिधि से पूर्णतः परे रखा जाना ही एक स्वस्थ एवं परिपक्व लोकतंत्र की प्रथम शर्त है। दलगत राजनीति, विचारधाराओं पर मतभेद और सरकारों की नीतियों का विरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का स्वाभाविक हिस्सा हो सकता है, परंतु जब बात राष्ट्र के स्वाभिमान और उसके अमूल्य प्रतीकों की आती है, तब संपूर्ण देश का एक स्वर में खड़ा होना ही हमारी अखंडता की वास्तविक पहचान है। अतीत में चाहे कोई भी ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य रहा हो, आज 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के संकल्प की ओर बढ़ते हुए हमें अपने राष्ट्रीय प्रतीकों को उनका पूर्ण और सर्वांगीण गौरव एवं सम्मान सहर्ष प्रदान करना चाहिए। भाषाशास्त्र और राष्ट्रीय भावना से परिपूर्ण इस पावन स्तोत्र 'वंदे मातरम्' में भारत के भूगोल, कृषि, प्रकृति-संरक्षण और मातृ-शक्ति का अद्भुत दार्शनिक समन्वय निहित है। संपूर्ण वंदे मातरम् का सस्वर गायन हमारे भीतर नागरिक कर्तव्यों और राष्ट्र-भक्ति का अलौकिक ज्वार पैदा करता है। समाज के सभी वर्गों और राजनीतिक दलों को दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर इस अमर राष्ट्र-मंत्र को सहर्ष अंगीकार करना चाहिए, क्योंकि राष्ट्रीय प्रतीकों की गरिमा अक्षुण्ण रखकर ही हम भावी पीढ़ियों में सशक्त सांस्कृतिक चेतना का बीजारोपण कर सकते हैं।

मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी (हरियाणा)

### सुदर्शन चक्र

द्वापर में भगवान कृष्ण जी के अमोघ शस्त्र सुदर्शन चक्र की धूम थी, जो कि दुश्मन के सिर को काट कर उन्हीं के पास वापस आ जाता था। वैसी ही अविजित रक्षा प्रणाली सुदर्शन चक्र को भारत अपनी रक्षा के लिए भी स्थापित करना चाहता है। यह एक स्वदेशी, बहुस्तरीय वायु और मिसाइल रक्षा नेटवर्क है। इसे वर्ष 2035 तक देश के सैन्य ठिकानों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों और नागरिक क्षेत्रों को हवाई हमलों से बचाने के लिए विकसित किया जा रहा है। इसका निर्माण पूरी तरह से भारत में हो रहा है। यह एआइ और रियल-टाइम डाटा से लैस है। पाकिस्तान के विरुद्ध आपरेशन सिंदूर में भारत ने मिसाइलों एवं ड्रोनों से बचाव के लिए चार स्तरीय सुरक्षा की व्यवस्था की थी।

धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

### भारत में बढ़ती उम्र, बढ़ती चुनौती

भारत में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2050 तक देश का हर पांचवां नागरिक 80 वर्ष से अधिक आयु का होगा। इसका अर्थ है कि लगभग 34.7 करोड़ लोग वरिष्ठ नागरिक होंगे। इनमें से लगभग 70 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक ग्रामीण क्षेत्रों में रहने की संभावना है। यह चेतावनी ट्रांसफार्म रूरल इंडिया के एक अध्ययन में दी गई है। दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित लोगों और वरिष्ठ नागरिकों को उनके गांव में ही नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। घर में बच्चों, बीमार व्यक्तियों और बुजुर्गों की देखभाल की सबसे बड़ी जिम्मेदारी महिलाओं पर ही होती है। महिलाएं प्रतिदिन औसतन 305 मिनट इन बिना वेतन वाले देखभाल संबंधी कार्यों में लगाती हैं, जबकि पुरुष केवल 56 मिनट देते हैं। इसका असर महिलाओं के रोजगार के अवसरों पर भी पड़ रहा है। पहले भारत में संयुक्त परिवार व्यवस्था आम थी। अब परिवारों का आकार छोटा हो गया है। रोजगार की तलाश में युवा गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ने के कारण बुजुर्गों की देखभाल के लिए आवश्यक मानव संसाधन की कमी महसूस हो रही है।

दत्तप्रसाद शिरोडकर, मुंबई

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिएः नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाषः नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**41.77** अरब डालर का योगदान दिया था अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में, वर्ष 2025-26 में। अब अनुमान है कि वर्ष 2026-27 तक यह गिरकर 38.37 अरब डालर रह जाएगा।

आजकल

# ब्रेन ड्रेन की दिशा में अमेरिका



श्री राम शा
shriramshaw@nda.jagran.com

**अमेरिका की कठोर वीजा नीतियां तथा अनिश्चित प्रशासनिक माहौल भारतीय छात्रों के लिए एक बड़ी बाधा बनकर उभर रहे हैं। यह हालात न केवल व्यक्तिगत करियर के लिए, बल्कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था एवं नवाचार के भविष्य के लिए भी एक बड़ा खतरा है। ज्ञान तथा प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती है। यदि दरवाजे बंद किए गए, तो जो छात्र कल अमेरिकी आर्थिकी के स्तंभ बनने वाले थे, वे अब विश्व के दूसरे देशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे**



सख्त वीजा नियमों से भारत जैसे देशों के छात्रों के प्रवेश को मुश्किल बनाता अमेरिका। प्रतीकात्मक

पिछले कुछ दशकों से अमेरिका भारतीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा और करियर की बुलंदियों को छूने का सबसे पसंदीदा गंतव्य रहा है, पर हाल में जारी हुई दो प्रमुख रिपोर्ट ने न केवल भारतीय छात्रों, बल्कि पूरे शिक्षा जगत में एक चिंता की लहर पैदा कर दी है। अमेरिका की कठोर वीजा नीतियां और अनिश्चित प्रशासनिक वातावरण भारतीय छात्रों के लिए एक बड़ी बाधा बनकर उभर रहे हैं। यह स्थिति न केवल व्यक्तिगत करियर के लिए, बल्कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था और नवाचार के भविष्य के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

**वीजा नीतियों की जकड़ में सपने:** 'नेशनल एसोसिएशन आफ फारेन स्टूडेंट एडवाइजर्सः एसोसिएशन आफ इंटरनेशनल एजुकेटर्स' और 'सेंटर फार इमिग्रेशन स्टडीज' (सीआइएस) की हालिया रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अमेरिकी शिक्षा प्रणाली में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या में गिरावट के पीछे एक स्पष्ट कारण है-वीजा नियमों का सख्त होना। 2026 के फाल सेमेस्टर तक लगभग 1.1 लाख कम अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पंजीकरण कराने का अनुमान है। जहां 2025-26 के शैक्षणिक सत्र में 11.69 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्रों का अनुमान था, वहीं यह संख्या गिरकर 10.57 लाख पर आ गई है। इस गिरावट में भारतीय छात्रों पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में 3.63 लाख भारतीय छात्रों ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में प्रवेश लिया था, जो किसी भी देश से आने वाले छात्रों में सर्वाधिक है, लेकिन मई से अगस्त 2025 के बीच भारतीय छात्रों को जारी किए गए एफ-1 वीजा की संख्या में 60 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। 2024 के 58,694 वीजा के मुकाबले 2025 में यह आंकड़ा घटकर मात्र 22,149 रह गया है। यह स्पष्ट संकेत है कि अमेरिका की नई नीतियां भारत के मेधावी युवाओं के लिए प्रवेश की राह कठिन कर रही हैं। अमेरिकी प्रशासन द्वारा वीजा प्रक्रिया में छात्रों की तुलना में अन्य आयोजनों, जैसे कि फीफा वर्ल्ड कप टिकट धारकों को प्राथमिकता देना अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक झटका रहा है। यह बदलाव शैक्षणिक कैलेंडर को बाधित कर रहा है, जिससे कैंपस आगमन में देरी हो रही है और छात्रों में अनिश्चितता का माहौल है।

**अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव:** अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विदेशी छात्र केवल शिक्षा ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था में अरबों डालर का योगदान भी देते हैं। वर्ष 2025-26 में अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 41.77 अरब डालर का योगदान दिया था। अब अनुमान है कि वर्ष 2026-27 तक यह गिरकर 38.37 अरब डालर रह जाएगा। इस गिरावट के कारण न केवल स्थानीय व्यापार प्रभावित होंगे, बल्कि लगभग 39,000 नौकरियों पर भी खतरा मंडरा रहा है। विशेष रूप से स्नातक स्तर पर नामांकन में कमी, जो कि अनुसंधान और नवाचार का आधार है, दीर्घकालिक आर्थिक नुकसान का कारण बनेगी। यदि अमेरिका वैश्विक प्रतिभा के लिए अपना शीर्ष स्थान खो देता है, तो अगली बड़ी खोज या अविष्कार अमेरिका की धरती पर नहीं, कहीं और हो रहे होंगे।

**ओपीटी का भविष्य व सुरक्षा चिंताएं:** ओपीटी (आप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग) कार्यक्रम के तहत डिग्री पूरी करने वाले छात्र अमेरिका में काम करते हैं। स्टेम (साइंस, टेक्नोलोजी, इंजीनियरिंग, मैथेमेटिक्स) क्षेत्र के लगभग 68 प्रतिशत ओपीटी प्रतिभागी भारतीय या चीनी हैं। इस पाइपलाइन को संकुचित करने से अमेरिका के अपने श्रम बाजार और तकनीकी क्षेत्र की बढ़त पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में सुरक्षा चिंताओं को प्रमुखता दी गई है, विशेषकर चीनी छात्रों के संदर्भ में। इनमें तकनीकी हस्तांतरण, बौद्धिक संपदा की चोरी और जासूसी जैसी चिंताओं का उल्लेख किया गया है। हालांकि यह बहस संवेदनशील है, लेकिन इसका खामियाजा भारतीय छात्रों को भी भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि कठोर नीतियों का दायरा सभी एशियाई देशों के छात्रों पर लागू हो जाता है।

इसके अतिरिक्त, हाल ही में डिपार्टमेंट आफ होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा किया गया यह नियम कि अंतरराष्ट्रीय छात्र बिना विस्तार के चार साल से अधिक अमेरिका में नहीं रह सकते, पीएचडी करने वाले छात्रों और पढ़ाई के बाद काम की तलाश करने वालों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। यह नियम उन छात्रों के सपनों को सीमित कर रहा है, जो अमेरिकी शोध संस्थानों और अस्पतालों का मुख्य हिस्सा हैं।

डाक्टरेट और शोध कार्यक्रमों में लगे छात्रों के लिए चार साल की समय सीमा एक 'सीलिंग' की तरह है। यह नीति उन मेधावी शोधकर्ताओं को हतोत्साहित करती है, जो जटिल वैज्ञानिक समस्याओं को हल करने में वर्षों लगाते हैं। कठोर वीजा नीतियां केवल कागजी प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली व्यक्तियों के जीवन की दिशा तय करने वाली दीवार बन गई हैं। जब कोई देश अपनी वीजा नीतियों को इस कदर सख्त करता है कि वैश्विक प्रतिभा वहां आने से कतराने लगे, तो इसका परिणाम अंततः उस देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में गिरावट के रूप में आता है। अमेरिका ने लंबे समय तक दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ दिमागों को अपनी ओर आकर्षित करके नवाचार में अपना लोहा मनवाया है। फिलहाल, भारतीय छात्रों के लिए यह स्थिति एक कठिन समय है, लेकिन साथ ही आत्मनिरीक्षण का अवसर भी है। क्या अमेरिका के अतिरिक्त विकल्प (जैसे कनाडा, जर्मनी या आस्ट्रेलिया) अब अधिक आकर्षक हो सकते हैं? यह एक बड़ा प्रश्न है। अंततः यदि अमेरिका ने अपने 'खुले दरवाजे' वाली नीति और नवाचार संस्कृति को पुनर्जीवित नहीं किया, तो यह केवल भारतीय छात्रों का नुकसान नहीं होगा, बल्कि स्वयं अमेरिका के लिए 'बौद्धिक प्रतिभा के पलायन' का कारण बनेगा।

**एक अनिश्चित भविष्य की चुनौती:** अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के बीच का यह जटिल संबंध अब एक चौराहे पर खड़ा है। एक ओर सुरक्षा के नाम पर नीतियों का सख्त होना है, तो दूसरी ओर एक जीवंत और नवाचारी अर्थव्यवस्था को बनाए रखने की आवश्यकता है। भारतीय छात्रों को अब अपने भविष्य की योजना बनाते समय इन अनिश्चितताओं को अपनी प्राथमिकता सूची में शीर्ष पर रखना होगा। आज आवश्यकता है कि अमेरिकी नीति निर्माता इस बात को समझें कि ज्ञान और प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। यदि दरवाजे बंद किए गए, तो जो छात्र कल अमेरिकी अर्थव्यवस्था के स्तंभ बनने वाले थे, वे अब विश्व के अन्य देशों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे और अमेरिका इस वैश्विक होड़ में पीछे छूट सकता है।

## छात्रों के लिए स्टूडेंट वीजा में भारी कमी

पिछले वर्षों की तुलना में 2025 में भारतीय और चीनी नागरिकों को जारी किए गए एफ-1 स्टूडेंट वीजा की संख्या में काफी कमी आई है। 2024-25 शैक्षणिक वर्ष के दौरान अमेरिका के पोस्ट-सेकेंडरी संस्थानों में एनरोल होने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों में से आधे से ज्यादा छात्र भारत और चीन से थे। 2017 से 2025 तक मई-अगस्त की अवधि के दौरान जारी किए गए एफ-1 वीजा के दृष्टिगत इंस्टीट्यूट आफ इंटरनेशनल एजुकेशन की सालाना जनगणना के डाटा का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि शैक्षणिक वर्ष (2024-25) के दौरान अमेरिका में भारत के 3,63,019 छात्र और चीन के 2,65,919 छात्र थे, जो कुल 11,77,766 विदेशी छात्रों का 53 प्रतिशत हिस्सा थे।

मई-अगस्त 2025 की अवधि के दौरान दोनों देशों के छात्रों को जारी किए जाने वाले एफ-1 स्टूडेंट वीजा में भारी कमी आई। आमतौर पर शैक्षणिक वर्ष शुरू होने से पहले इसी समय सबसे ज्यादा स्टूडेंट वीजा जारी किए जाते हैं। अमेरिका ने मई और अगस्त 2025 के बीच भारतीयों को 22,149 एफ-1 वीजा जारी किए। यह संख्या 2017-19 और 2021-24 की अवधि में जारी किए गए औसत वीजा (55,717) की तुलना में 60 प्रतिशत कम है। यह संख्या 2024 में जारी किए गए 58,694 वीजा की तुलना में भी 62 प्रतिशत कम है। इसी अवधि में चीनी छात्रों को जारी किए गए एफ-1 वीजा की संख्या 2025 में घटकर 40,034 रह गई। यह संख्या 2017-19 और 2021-24 के औसत 73,853 से 46 प्रतिशत कम और 2024 में जारी किए गए 61,075 वीजा से 34 प्रतिशत कम है। 2024 में भारतीयों को जारी किए गए कुल एफ-1 वीजा में से 77 प्रतिशत और चीनी नागरिकों को जारी किए गए वीजा में से 76 प्रतिशत इसी अवधि में दिए गए थे।

2024-25 के दौरान अमेरिका में मौजूद दस लाख से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय छात्रों में से 2,94,253 विदेशी छात्रों ने अपनी डिग्री पूरी कर ली थी और वे ओपीटी के तहत काम कर रहे थे। इनमें से लगभग 70 प्रतिशत भारतीय और चीनी नागरिक थे। इनमें भारत से 1,43,740 और चीन से 61,981 प्रतिभागी शामिल थे। 2024 में साइंस, टेक्नोलोजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स (स्टेम) ओपीटी में भाग लेने के लिए अधिकृत 1,65,524 विदेशी छात्रों में से 68 प्रतिशत भारतीय या चीनी नागरिक थे। भारतीयों की संख्या 79,331 थी, जबकि चीनी छात्रों की संख्या 33,807 थी। यूं तो एच-1बी प्रोग्राम के तहत हर साल 65,000 वीजा की सीमा तय है, मगर अमेरिका की एडवांस्ड डिग्री वाले विदेशी ग्रेजुएट के लिए अतिरिक्त 20,000 वीजा की छूट भी मिलती है, जबकि ओपीटी में कोई संख्यात्मक सीमा नहीं है। 2024 तक, ओपीटी और स्टेम ओपीटी के तहत काम करने वाले विदेशी नागरिकों की संख्या 5,05,590 तक पहुंच गई थी, जो एच-1बी प्रोग्राम के पैमाने के बराबर थी। (श्री राम शा)

खरी-खरी

## ममतामयी पत्नियां

अरविंद पुरोहित

बेचारे पतियों को ड्रम से लेकर जमीन तक में गाढ़ा जा रहा है, पहाड़ों से धक्का दिया जा रहा है, फिर भी अभी कई ममतामई पत्नियों ने और गरजू पतियों ने सामाजिक संतुलन संभाल रखा है। हमारे एक सहकर्मी अपना दुख यूं प्रगट करते थे। महीनेभर नौकरी करो और एक तारीख को वेतन पत्नी को सौंप दो। कितनी विचित्र कहानी है, हम पतियों की महीनेभर दिमाग लगाकर कलम घिसों और तनख्वाह बीवी को सौंप दो। मैंने कहा भाई ऐसा नहीं है। पत्नी के हाथों में गृह और वित्त विभाग प्रारंभ से प्रकृति ने ही अलाट कर रखे हैं, लेकिन वे बोले- मैं क्या करूं, घर की संसद में भी मैं अल्पमत में हूं। बीवी ने दोनों बेटियों एवं बेटे को अपने गुट में शामिल कर रखा है, मैं तो गुलाम बादशाह हूं। मैं उनसे सहानुभूति प्रकट कर आत्मविश्लेषण करने लगा। लगभग हर घर की यही कहानी है।

राजा दशरथ की भी कैकेयी के कारण एक नहीं चल सकी, लेकिन इतिहास साक्षी है कि पत्नी का कहना नहीं मानने वालों का रावण की तरह अंत होता है। हम शासकीय सेवाकाल में प्रायः विभागीय प्रशिक्षण में जाते रहते थे। हमारे सहपाठी इन प्रशिक्षणों से बहुत खुश होते थे, कहते पेरोल पर आए हैं, यार फिर घर कि जेल में जाना ही है। मैं उनकी इस तरह की बातों से प्रायः चिढ़ जाता। मैंने कहा- तुम क्रांति क्यों नहीं कर देते, आखिर मर्द हो। वे दार्शनिक मुद्रा में आ गए और गुनगुनाने लगे- 'इश्क वो आतिश है, जनाब, जो जलाये न जले, बुझाए न बुझे', यार कुछ भी हो हमें अपनी पत्नी से बेहद प्यार है।

पर यह भी सच है कि समाज में इन दिनों महिलाओं की दादागीरी चरम पर है। वो तो कुछ ममतामई पत्नियों ने सामाजिक संतुलन संभाल रखा है। इन दिनों लोकतंत्र में निर्वाचित पदों पर पुरुष पद बनने लगे हैं, सरपंच पति, पार्षद पति, विधायक पति। हमारे एक मित्र हैं, उनकी कालोनी में अच्छी भली चलती थी, पर दुर्भाग्यवश हमारा वार्ड महिला आरक्षित हो गया। नगर के आधुनिक चाणक्य आखिर हार कैसे मानते, चुनाव जितावा लाए अपनी पत्नी को। पहले भी वे शेर की तरह चलते थे, अब बब्बर शेर की तरह चलने लगे हैं।

पोस्ट

नितिन नवीन की टीम की औसत आयु 54 साल है। यह एक तरह से भाजपा का प्रतिभा खोज कार्यक्रम है, जिसमें भाजपा अपने मुख्य खिलाड़ियों के अलावा बेंच स्ट्रेंथ को भी तैयार कर लेना चाहती है।
पीयूष पद्माकर@PiyushPadmakar



सरकार के नेतृत्व में युवा ऊर्जा और नया सोच जरूरी है, जबकि किसी संगठन के नेतृत्व में अनुभव, परिपक्वता और संगठनात्मक समझ का अपना महत्व है। दोनों स्तरों पर संतुलन ही किसी व्यवस्था को अपेक्षित रूप से मजबूत बनाता है।
डा. मीना कुमारी@DrMeenaJangid

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर साल एकाध नया शब्द देते हैं और वह बहुत तेजी से प्रचलन में भी आ जाता है। दिव्यांग से लेकर आंदोलनजीवी कुछ ऐसे ही शब्द हैं। इस बार का शब्द 'दिमागी नक्सल' भी तेजी से दौड़ने लगा है। अर्बन नक्सल या लिबरल लेफ्ट चले तो बहुत, लेकिन जनता के शब्द नहीं थे तो बुद्धिजीवियों तक ही सीमित रह गए। दिमागी नक्सल एकदम जुबान पर चढ़ गया है।
गोविंद सिंह@govind24

बंगाल डायरी

# राजनीति का बदलता रंग



जयकृष्ण वाजपेयी
राज्य ब्यूरो प्रमुख, बंगाल




कोलकाता एकेडमी आफ फाइन आर्ट्स का बदला रंग। फाइल

कोलकाता की ऐतिहासिक 'एकेडमी आफ फाइन आर्ट्स' की सुरक्षा कक्ष की दीवारों का बीते एक माह में तीन बार बदला रंग। पहले सफेद से भगवा होना, फिर सफेद और फिर भगवा रंगों का चढ़ना केवल दीवारों का रंग बदलना नहीं है, बल्कि यह बंगाल की बदलती राजनीति की एक ऐसी इबारत है, जो बौद्धिक जगत और सत्ता के बीच के समीकरणों में आए भारी भूचाल का दृश्य प्रमाण है। 1933 में लेडी रानू मुखर्जी द्वारा स्थापित और रवींद्रनाथ टैगोर एवं यामिनी राय की कलाकृतियों की थाती यह संस्थान आज वैचारिक और राजनीतिक वर्चस्व का अखाड़ा बन चुका है।

कभी वामपंथी सांस्कृतिक वर्चस्व का गढ़ कहे जाने वाले बंगाल के बुद्धिजीवी वर्ग, जिन्हें कभी भद्रलोक समाज का नैतिक कंपास माना जाता था, आज गहरे वैचारिक संकट और हाशिए पर खड़े होने की छटपटाहट से जूझ रहे हैं। यह घटना इस बात का प्रतीक है कि कैसे बंगाल की राजनीति में अब 'भद्रलोक' और सांस्कृतिक संस्थानों की सियासत एक नए और आक्रामक दौर में प्रवेश कर चुकी है, जो यह बताता है कि बंगाल के सांस्कृतिक क्षितिज का सियासी रंग तेजी से बदल रहा है।

आजादी के बाद से ही बंगाल की राजनीति और बौद्धिक जगत का रिश्ता अटूट रहा है। करीब तीन दशकों तक चले वामपंथी शासन (1977-2011) के दौरान नाटक, सिनेमा, साहित्य और चित्रकला जैसे तमाम सांस्कृतिक क्षेत्र लाल (वामपंथी) कोटे की वैचारिक छत्रछाया में फले-फुले। बुद्धदेव भट्टाचार्य जैसे वामपंथी नेतृत्व के साथ कलाकारों और साहित्यकारों की अंतरंगता जगजाहिर थी। वामपंथियों ने इन बुद्धिजीवियों के सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल अपनी वैचारिक जमीन मजबूत करने के लिए किया, लेकिन जब 2011 में ममता बनर्जी ने वामकिले को ढहाया, तो उन्होंने इस रणनीति को और अधिक परिष्कृत कर दिया। ममता ने भद्रलोक समाज की उस हिचक को भांप लिया, जो उन्हें 'शहरी-गैर-कुलीन' पृष्ठभूमि के कारण हाशिए पर रखती थी। ममता ने वाम-संस्कृतियों के इस घेरे को तोड़ने के लिए कला-साहित्य जगत के दिग्गजों को खुले हाथों से अपनाया। उन्होंने नाटक, संगीत, चित्रकला और साहित्य की दुनिया के नामी चेहरों को अकादमियों के अध्यक्ष पद, सरकारी समितियों और समारोहों के मंच पर बिठाया।

नजरअंदाज किए गए या संकोच में रहने वाले कलाकारों, बुद्धिजीवियों को अकादमियों और भारी-भरकम सरकारी अनुदानों से नवाजा गया। इसके बदले में तृणमूल कांग्रेस को मिला एक 'प्रगतिशील और सांस्कृतिक' चेहरा, जिसने शिक्षित-मध्यम वर्ग के बीच पार्टी की स्वीकार्यता को बढ़ाया। इस 'संस्थागत आत्मीयता' ने नागरिक समाज के एक बड़े हिस्से को या तो सरकार का मुखपत्र बना दिया या फिर उन्हें सत्ता के खिलाफ मुखर होने से रोक दिया। इस सहजीवी संबंध का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह हुआ कि बंगाल का नागरिक समाज, जो कभी किसी भी अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतरने के लिए जाना जाता था, वह मौन हो गया। चाहे वह चुनावी हिंसा हो या संस्थागत भ्रष्टाचार, सांस्कृतिक जगत के बड़े हस्ताक्षर एक सुविधाजनक चुप्पी साध गए।

कवि हो या चित्रकार, फिल्मकार हो या नाट्यकर्मी-सरकारी मंचों और पुरस्कारों की चमक ने उनकी वैचारिक तीक्ष्णता को कुंद कर दिया। तसलीमा नसरीन के बंगाल प्रवेश पर प्रतिबंध या उनके सीरियल के प्रसारण पर रोक लगने पर जो स्वर वामकाल में गूंजते थे, वे तृणमूल शासन में गायब हो गए। नतीजतन बंगाल की बौद्धिक दुनिया में एक अवांछित 'थ्रेट कल्चर' (धमकी की संस्कृति) ने जड़ें जमा लीं, जिसके दबाव में आकर कई प्रतिष्ठित कलाकारों को सार्वजनिक रूप से अपनी असहमतियां दबानी पड़ीं।

यहीं पर 2011 के राजनीतिक परिवर्तन और हालिया राजनीतिक परिदृश्य के बीच का फर्क स्पष्ट होता है। 2011 का बदलाव बुद्धिजीवियों की सक्रिय सहभागिता और परिवर्तन के मुखर नारों के साथ आया था। तब भद्रलोक समाज ने ममता बनर्जी को बदलाव के अग्रदूत के रूप में स्वीकार किया था, लेकिन हालिया राजनीतिक उलटफेर और भाजपा के उभार ने इस स्थापित समीकरण को पूरी तरह उलट दिया है। भाजपा ने बंगाल के इस पारंपरिक वाम-तृणमूल वैचारिक एकाधिकार को चुनौती दी है, वह भी बिना पारंपरिक बौद्धिक अभिजात वर्ग की बैसाखी के।

आज वामपंथी प्रभाव वाले सांस्कृतिक केंद्र भी खुली राजनीतिक भिड़ंत के अखाड़े बन चुके हैं। रवींद्र सदन के पास स्थित प्रतिष्ठित 'एकेडमी आफ फाइन आर्ट्स' की दीवारों पर रंगों का यह संघर्ष इस बात का प्रमाण है कि बंगाल की सांस्कृतिक संस्थाएं अब वैचारिक तटस्थता खो चुकी हैं। वामपंथी संगठनों और भाजपा के बीच सुरक्षा कक्ष के रंग को लेकर हुई रस्साकशी (एक महीने में तीन बार रंग बदलना) इसका गवाह है कि जमीन पर वैचारिक नियंत्रण के लिए संघर्ष कितना तीव्र हो चुका है। आज बंगाली समाज में इस बुद्धिजीवी वर्ग का प्रभाव पहले की तुलना में क्षीण हो चुका है। आम जनता और युवाओं के बीच अब इन पुराने आइकान की वह नैतिक धमक नहीं बची है। तृणमूल शासन के दौरान जो बौद्धिक वर्ग खुद को सत्ता के गलियारों का सर्वेसर्वा मान बैठा था, वह आज एक बड़े वैचारिक चौराहे पर खड़ा है।

जागरण जनमत | कल का परिणाम

**क्या मुफ्त आनलाइन कोचिंग की पहल सामान्य कोचिंग पर निर्भरता घटाने में सहायक बनेगी?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या नितिन नवीन की टीम गठित होने के बाद केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल के आसार बढ़ गए हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

नई-नवेली टीम है करिए उसे प्रवीण,
इसी टीम से हों सफल भाई नितिन नबीन।
भाई नितिन नबीन परीक्षा होगी तगड़ी,
इसी टीम से आप वोट की भरिए गगरी।
अब मिलकर रणनीति बनाएं इक अलबेली,
जो दिलवाए रोज सफलता नई-नवेली!
-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन

# समय पर भर्ती आवश्यक



सुभाष कुमार ठाकुर
रिसर्च स्कालर

**नई रिक्तियों के लिए वक्त पर खुली प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित कराने के बजाय वर्षों पुरानी प्रतीक्षा सूचियों से खाली पदों को भरना नए युवाओं से अवसर छीनने के समान है**



पेपर लीक की घटनाओं को रोकने की चुनौती। फाइल

वर्तमान में सरकारी नौकरियों में भर्ती व्यवस्था पर संकट केवल पेपर लीक या परीक्षा में धांधली तक सीमित नहीं है। नई रिक्तियों के लिए समय पर खुली प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित कराने के बजाय वर्षों पुरानी प्रतीक्षा सूचियों से खाली पदों को भरना भी एक बड़ी समस्या है। ऐसी व्यवस्था में किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न भले न लगे, लेकिन नई पीढ़ी के पात्र अभ्यर्थियों से प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर ही छिन जाता है। यह संविधान द्वारा प्रदत्त समान अवसर के सिद्धांत पर कुठाराघात है।

सरकारी भर्ती प्रणाली पर दोहरा दायित्व है। पहला, खाली पड़े सरकारी पदों को समय पर भरना और दूसरा, प्रत्येक पात्र नागरिक के लिए सार्वजनिक रोजगार के द्वार खुले रखना। जब किसी प्रतीक्षा या आरक्षित सूची का उपयोग वर्षों तक किया जाता है, तो इससे प्रशासनिक सुविधा अवश्य होती है, लेकिन इसके कारण नई पीढ़ी के अभ्यर्थियों के लिए सरकारी नौकरी के प्रवेश द्वार बंद होने जैसा हो जाता है। आज युवाओं में बेरोजगारी के कारण जो असंतोष व्याप्त है, उसका एक बड़ा कारण यह है कि नई रिक्तियां समय पर अधिसूचित नहीं की जातीं, नई प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित नहीं होतीं और वर्षों पुरानी प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को नई उत्पन्न रिक्तियों पर नियुक्त किया जाता रहता है। जाहिर है पद तो उपलब्ध हैं, पर युवाओं को उनके लिए आवेदन करने और योग्यता सिद्ध करने का अवसर ही नहीं दिया जा रहा।

यहीं से प्रशासनिक सुविधा का प्रश्न लोकतांत्रिक विश्वास के प्रश्न में बदल जाता है। निष्पक्षता का अर्थ केवल उन लोगों में से सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति का चयन करना नहीं है जिन्हें पहले ही प्रतियोगिता में प्रवेश मिल चुका है। निष्पक्षता का अर्थ यह भी है कि नियमित अंतराल पर यह अवसर निर्धारित किया जाए कि नए पात्र अभ्यर्थी भी प्रतियोगिता में शामिल हो सकें।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 16 लोक नियोजन अर्थात सरकारी नौकरियों में अवसर की समानता की गारंटी देता है। अवसर की समानता तभी वास्तविक होगी, जब रिक्त पदों के लिए समय-समय पर खुली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। केवल चयनित व्यक्तियों के बीच समानता पर्याप्त नहीं है, बल्कि पात्र नागरिकों को आवेदन करने का समान और उचित अवसर मिलना भी आवश्यक है। "राखी राय बनाम दिल्ली उच्च न्यायालय" मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि किसी भर्ती की प्रतीक्षा सूची को नियुक्तियों का स्थायी या अनंत भंडार नहीं बनाया जा सकता। ऐसा करने से नई भर्ती की प्रक्रिया प्रभावित होगी और सरकार वर्षों तक नई परीक्षा न लेकर पुरानी प्रतीक्षा सूची से नियुक्तियां करने लगेगी। इसी को "राजस्थान लोक सेवा आयोग बनाम यति जैन" मामले में जनवरी 2026 में सर्वोच्च न्यायालय ने फिर स्पष्ट किया कि प्रतीक्षा सूची भर्ती का असीम स्रोत नहीं है। इसका उपयोग तब हो सकता है जब चयनित अभ्यर्थी पद ग्रहण न करें या किसी विशेष परिस्थिति में नियमों के अनुसार सरकार ऐसा निर्णय ले।

इसके लिए तीन प्रमुख सुधार आवश्यक हैं। पहला, जिन अभ्यर्थियों का चयन एक से अधिक विभागों में हुआ हो, उनसे नियुक्ति से पहले निश्चित समय-सीमा के भीतर एक बार अंतिम वरीयता मांगी जानी चाहिए। अभ्यर्थी को केवल उसके द्वारा चुने गए विभाग में पद आवंटित किया जाए और छोड़ा गया पद उसी भर्ती प्रक्रिया में अगले पात्र अभ्यर्थी को तत्काल दिया जाए। इससे अभ्यर्थी का अधिकार सुरक्षित रहेगा और दोहरे सत्यापन, दोहरी नियुक्ति, दोहरे प्रशिक्षण तथा बाद के त्यागपत्र से होने वाली हानि भी रोकी जा सकेगी। दूसरा, प्रतीक्षा सूची का उपयोग केवल विज्ञापित रिक्तियों के विरुद्ध चयनित अभ्यर्थियों के पद ग्रहण न करने की स्थिति तक सीमित होना चाहिए। उसकी वैधता एक निश्चित अवधि तक होनी चाहिए और विज्ञापित पद भर जाने या नई भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने पर वह स्वतः समाप्त हो जानी चाहिए। तीसरा, प्रत्येक विभाग को वार्षिक रिक्ति और भर्ती कैलेंडर प्रकाशित करना चाहिए। उसमें यह बताया जाना चाहिए कि कितने पद रिक्त हैं, नई अधिसूचना कब जारी होगी, कितनी नियुक्तियां प्रतीक्षा सूची से की गई हैं और ऐसा करने का कारण क्या था। यह पारदर्शिता युवाओं में विश्वास बहाल करने के लिए आवश्यक है।

### पहले दिन 36 प्रतिशत बढ़े धूत ट्रांसमिशन के शेयर

नई दिल्ली: आटो उपकरण निर्माता धूत ट्रांसमिशन के शेयर सोमवार को दोनों स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हो गए। पहले दिन कंपनी के शेयर इश्यू प्राइस 871 के सापेक्ष 36 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर बंद हुए। बीएसई में कंपनी के शेयर 37 प्रतिशत बढ़कर 1,193.80 रुपये प्रति इकाई पर सूचीबद्ध हुए और अंत में 36.33 प्रतिशत बढ़कर 1,187.50 रुपये प्रति इकाई पर बंद हुए। (प्रेट्र)



हाल ही में लागू किया गया क्लोजिंग आक्शन सेशन ढांचा बना रहेगा। समस्याओं के समाधान के लिए हितधारकों के फीडबैक का विश्लेषण किया जा रहा है।

– तुहिन कांत पांडे, सेबी चेयरमैन

| सेंसेक्स | निफ्टी | सोना (प्रति दस ग्राम) | चांदी (प्रति किलो ग्राम) | डालर | क्रूड (प्रति बैरल) |
|---|---|---|---|---|---|
| 77,728.16 ▼ 281.09 | 24,287.65 ▼ 78.35 | ₹ 1,56,800 ▲ ₹ 600 | ₹ 2,40,000 बदलाव नहीं | ₹ 95.61 ▲ ₹ 0.19 | $ 89.50 |

## एक नजर में

### नीति आयोग के नए सीईओ ने पदभार संभाला

नई दिल्ली: सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के नए सीईओ अनुराग जैन ने अपना पदभार संभाल लिया है। मध्य प्रदेश कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अधिकारी जैन के पास सार्वजनिक प्रशासन, शासन और नीति निर्माण में लगभग चार दशकों का अनुभव है। जैन ने राज्य और केंद्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वे पहले मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और केंद्र में सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। (आइएएनएस)

### टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स ने तय किया शेयर का मूल्य

नई दिल्ली: तापमान और हीटिंग से जुड़े समाधान प्रदान करने वाली कंपनी टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया ने अपने 650 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) का शेयर मूल्य 285-300 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 20-24 अगस्त तक खुलेगा। उच्च शेयर मूल्य के आधार पर कंपनी का अनुमानित बाजार पूंजीकरण 2,515 करोड़ रुपये होगा। इस आइपीओ में 95 करोड़ रुपये के नए शेयर और 1.85 करोड़ प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। (प्रेट्र)

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक के बोर्ड से हटेंगे सुनील मित्तल

नई दिल्ली: भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक सुनील मित्तल एयरटेल पेमेंट्स बैंक के बोर्ड से हटेंगे। बैंक ने सोमवार को बताया कि मित्तल 30 सितंबर 2026 को गैर-कार्यकारी चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और बोर्ड से हट जाएंगे। बोर्ड की ओर से नियुक्ति और आरबीआइ की मंजूरी के बाद शबनम सिन्हा एक अक्टूबर 2026 से तीन वर्ष के लिए बैंक के चेयरपर्सन का पद संभालेंगी। मित्तल को अप्रैल 2016 में एयरटेल पेमेंट्स बैंक का गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया गया था। (प्रेट्र)

# बैंकिंग सेक्टर में युवाओं को मिलेगी प्राथमिकता

## पीएसबी कान्फ्लुएंस 2026 के पहले दिन युवा पीढ़ी के लिए बैंकिंग उत्पाद तैयार करने पर चर्चा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: आने वाले समय में बैंक युवाओं को ध्यान में रखकर अपने उत्पाद तैयार करेंगे, ताकि अधिक से अधिक युवा बैंकिंग का लाभ उठा सके। इसमें सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा व उद्यमिता के लिए आसानी से लोन उपलब्ध कराना होगा। युवाओं के लिए बैंकिंग उत्पाद तैयार करने में युवा मामले विभाग के 'मेरा युवा भारत' प्लेटफार्म की मदद ली जाएगी। इस प्लेटफार्म से देश के 2.60 करोड़ युवा जुड़े हुए हैं। सोमवार को सभी सरकारी बैंकों के प्रमुख की उपस्थिति में आयोजित पीएसबी कान्फ्लुएंस 2026 में इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया गया।

कान्फ्लुएंस की शुरुआत के मौके पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की आबादी में 15 से 29 साल के युवाओं की 29 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसलिए भविष्य की बैंकिंग में भारतीय युवाओं से जुड़ी चीजों को प्रमुखता व उनकी झलक दिखना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बैंकिंग रिफार्म को लेकर उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी इस बात की सिफारिश करेगी कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बैंकों में किस प्रकार के बदलाव की आवश्यकता है। सीतारमण ने कहा कि इस कमेटी की सिफारिश पर तुरंत अमल शुरू किया जाएगा।

विकसित भारत के लिए उच्च स्तरीय कमेटी बनाने की घोषणा इस साल एक फरवरी को पेश बजट में की गई थी, लेकिन अब तक कमेटी का गठन नहीं हो पाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि फिलहाल बैंकों का गैर निष्पादित संपत्ति (एनपीए) अपने न्यूनतम स्तर पर है। इसलिए बैंकों को अब नए विजन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। विकसित भारत के निर्माण में काफी बड़े पैमाने पर पूंजी की आवश्यकता होगी और इसके लिए मजबूत बैंक की जरूरत होगी।

इस दो-दिवसीय कान्फ्लुएंस में सात मुद्दों पर बैंकों के बीच चर्चा की जाएगी। सोमवार को जमा जुटाने, बैंकिंग फार यूथ, इन्वेस्टमेंट साइकल, वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। मंगलवार को बचे हुए तीन मुद्दे एग्री वैल्यू चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्राथमिक क्षेत्र को कर्ज और क्रेडिट कार्ड बिजनेस की नई शुरुआत पर चर्चा होगी।

इस मौके पर वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने कहा कि बैंकों को जमा जुटाने के लिए नए तरीके के साथ ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि बैंकों का कारोबार बढ़ने के साथ मुनाफा भी लगातार बढ़ रहा है।



नई दिल्ली में सोमवार को पीएसबी कान्फ्लुएंस को संबोधित करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ● एएनआइ

- वित्त मंत्री ने कहा, विकसित भारत में बैंकों की भूमिका पर उच्च स्तरीय कमेटी का गठन जल्द
- विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने के लिए बैंकों में बदलाव की सिफारिश करेगी कमेटी
- वित्तीय सेवा सचिव ने कहा, बैंकों को जमा जुटाने के लिए नए तरीकों की खोज करनी होगी

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

### कच्चे तेल में तेजी से लगातार पांचवें दिन लुढ़का निफ्टी

मुंबई, प्रेट्र: कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और आइटी, एफएमसीजी व दूरसंचार शेयरों में बिकवाली के चलते सोमवार को घरेलू बाजार गिरकर बंद हुए। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 281.09 अंक गिरकर 77,728.16 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में यह 555.5 अंक गिरकर 77,453.75 के निचले स्तर तक पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी लगातार पांचवें दिन लुढ़का और यह 78.35 अंक की गिरावट के साथ 24,287.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में इंफोसिस, एचसीएल टेक, सन फार्मा, टीसीएस, टेक महिंद्रा और आइटीसी में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

उधर, डालर के मुकाबले रुपये में सोमवार को 19 पैसे की गिरावट दर्ज की गई और यह 95.61 पर बंद हुआ। कारोबारियों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपये में गिरावट रही है।

# इलेक्ट्रानिक्स उपकरण मैन्यूफैक्चरिंग के 31 प्रस्तावों को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रानिक्स उपकरण मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े 31 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इलेक्ट्रानिक्स व आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रस्तावों के तहत देश के 10 राज्यों में उपकरण मैन्यूफैक्चरिंग संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। लेकिन इन राज्यों में बिहार शामिल नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड में एक-एक, हरियाणा में छह, महाराष्ट्र में छह, तमिलनाडु में सात, कर्नाटक में पांच, गुजरात में चार, गोवा, हिमाचल प्रदेश व तेलंगाना में एक-एक संयंत्र लगाए जाएंगे। इन 31 संयंत्रों की स्थापना में 7,877 करोड़ रुपये का निवेश होने का अनुमान है। इन संयंत्रों की स्थापना से नौ हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर निकलेंगे। इलेक्ट्रानिक्स उपकरण का घरेलू स्तर पर उत्पादन आरंभ होने से बड़े पैमाने पर इनके आयात में कमी आएगी। स्मार्टफोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता देश बनने के बाद से इलेक्ट्रानिक्स का निर्यात तो लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उपकरणों के लिए विदेश पर निर्भर होने से निर्यात से ज्यादा हमारा इलेक्ट्रानिक्स आयात हो रहा है।

मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इन 31 संयंत्रों में इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों से जुड़े 20 प्रकार के उपकरण बनाए जाएंगे। इनमें मुख्य रूप से स्पीकर व माइक्रोफोन, एंटीना, फिल्टर, कैपेसिटर, मेटल शिल्डिंग कवर, इलेक्ट्रोलाइट एडिटिवस, आप्टिकल ट्रांससिवर जैसे उपकरण शामिल हैं। इलेक्ट्रानिक्स उपकरण के लिए देश में पहले से 38 संयंत्र संचालित हो रहे हैं और 16 संयंत्रों की स्थापना की जा रही है।

आइटी सचिव एस कृष्णन ने बताया कि इलेक्ट्रानिक्स उपकरण मैन्यूफैक्चरिंग योजना के तहत 59,350 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। इसके सापेक्ष सरकार को अब तक 69,548 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं।



- 7,877 करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव दिया है कंपनियों ने
- 10 राज्यों में लगाए जाएंगे यह संयंत्र, आयात में आएगी कमी

### बेरोजगारी दर जुलाई में घटकर 5.1% रही

नई दिल्ली, प्रेट्र: इस वर्ष जुलाई में 15 वर्ष और इससे अधिक आयु के व्यक्तियों में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रही है, जो इसी वर्ष जून में 5.5 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी किए गए आवधिक श्रम बल सर्वे में यह जानकारी सामने आई है।

सर्वे के अनुसार, पिछले महीने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत रही, जो जून 2026 में पांच प्रतिशत थी। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर जुलाई में 6.7 प्रतिशत पर स्थिर रही, जबकि जून में यह 6.6 प्रतिशत थी। जुलाई 2025 की तुलना में, कुल बेरोजगारी दर और ग्रामीण बेरोजगारी दर पिछले महीने स्थिर रही है। जबकि शहरी बेरोजगारी दर जुलाई 2025 की 7.2 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2026 में 6.7 प्रतिशत पर आ गई। सर्वे के अनुसार, पिछले महीने ग्रामीण क्षेत्रों में महिला और पुरुषों की बेरोजगारी दर घटी है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में पुरुषों की बेरोजगारी दर में कमी आई है।

# इस वर्ष त्योहारी सीजन में सृजित होंगी 2.7 लाख नई गिग नौकरियां

वर्ष 2026 के त्योहारी सीजन (अगस्त से नवंबर) के दौरान अस्थायी स्टाफ या गिग वर्कर्स की मांग में सालाना आधार पर 15-20% की वृद्धि होने का अनुमान है। टैलेंट कंपनी एडेको इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान 2.5-27 लाख नई गिग नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है। इसमें ई-कामर्स, लाजिस्टिक्स, क्विक कामर्स और संगठित रिटेल क्षेत्र का प्रमुख योगदान रहेगा। पिछले वर्ष त्योहारी सीजन के दौरान 2.16 लाख नौकरियां सृजित हुई थीं।

15-20 प्रतिशत की वृद्धि संभव गिग वर्कर्स की मांग में सालाना आधार पर



2.16 लाख नई नौकरियां सृजित हुई थीं पिछले वर्ष त्योहारी सीजन के दौरान

### टियर 2-3 शहरों से कार्यबल की ज्यादा मांग

रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष लगभग 45% कार्यबल की मांग टियर-2 और टियर-3 जैसे शहरों से आएगी। इसमें लखनऊ, भुवनेश्वर, जयपुर और कोयंबटूर जैसे शहर शामिल हैं। इन शहरों में गिग वर्कर्स की मांग को बढ़ती ई-कामर्स पहुंच और संगठित खुदरा कारोबार के विकास का समर्थन मिलेगा।



### टियर-1 शहरों में टैलेंट की ज्यादा कमी

रिपोर्ट में कहा गया है कि एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे टियर-1 शहरों में टैलेंट की सबसे ज्यादा 30 प्रतिशत कमी देखी जा रही है। कार्यबल की उच्च गतिशीलता और गिग कार्य के प्रति बढ़ती प्राथमिकता के कारण टियर-1 शहरों में लोगों को काम पर रखना और उन्हें बनाए रखना और भी मुश्किल हो गया है।

### मेट्रो शहरों में वेतन 12-15 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

रिपोर्ट के अनुसार, मेट्रो बाजारों में गिग वर्कर्स के वेतन में 12-15 प्रतिशत और टियर 2-3 शहरों में 8-10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि इस साल हायरिंग नई श्रेणी के बजाय अहम संचालन भूमिकाओं को बढ़ाने पर ज्यादा केंद्रित रहेगी। खुदरा बिक्री सहयोग, ग्राहक सहायक प्रतिनिधि, फील्ड बिक्री कार्यकारी और मैन्यूफैक्चरिंग आपरेटर्स की मांग ज्यादा बनी हुई है।

### बहुभाषी उम्मीदवारों की ज्यादा तलाश

कंपनियां अब कई भाषाएं जानने वाले उम्मीदवारों को ज्यादा पसंद कर रही हैं जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मराठी में अच्छी तरह बात कर सकें, डिजिटल रूप से कुशल हों और ग्राहकों से जुड़े या आपरेशनल कामों में सहज हों। रिटेल, लाजिस्टिक्स और ई-कामर्स जैसे सेक्टर में भर्ती के समय हालात के अनुसार ढलने की क्षमता, डिजिटल जानकारी और बातचीत का अच्छा कौशल जैसी खूबियां अहम फर्क पैदा कर रही हैं।



इस वर्ष के त्योहारी सीजन में हायरिंग की मंशा जटिल वैश्विक व्यापार वातावरण के बावजूद मजबूत बनी हुई है। घरेलू खपत रिटेल, ई-कामर्स, लाजिस्टिक्स और अन्य उपभोक्ता-आधारित क्षेत्र से मांग आ रही है। नियोक्ता भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, ऊर्जा मूल्य में उतार-चढ़ाव और निर्यात-आधारित उद्योगों में निरंतर अनिश्चितता से और भी अधिक सतर्कता से योजना बना रहे हैं।

– दीपेश गुप्ता, निदेशक, एडेको इंडिया

इनपुट-प्रेट्र जागरण इन्फो

## राष्ट्रीय फलक

# सुपरटेक के 16 प्रोजेक्टों के बारे में 24 सितंबर को होगी सुनवाई

नई दिल्ली, प्रेट्र: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्य स्वामित्व वाली एनबीसीसी की उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमति व्यक्त की, जिसमें एनक्लैट के आदेश के खिलाफ अपील की गई थी, जिसने गुरुग्राम, नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत सुपरटेक लिमिटेड के 16 आवासीय प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए रेरा के तहत अनुपालन से कोई भी छूट देने से इन्कार किया था।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जायमाल्या बागची और वी.मोहन की पीठ ने राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) लिमिटेड द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र सरकार और सुपरटेक के पूर्व निदेशक राम किशोर अरोड़ा से जवाब मांगा। एनबीसीसी के लिए उपस्थित अटार्नी जनरल आर.वेंकटरमणि ने कहा कि यह मुद्दा रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) अधिनियम, 2016 (रेरा) के प्रविधानों से अनुपालन में छूट देने से संबंधित है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर विचार 24 सितंबर को किया जाएगा और मामले को लंबित मामलों के साथ सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनक्लैट) ने 12 दिसंबर, 2024 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) एनबीसीसी को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और कर्नाटक में 49,748 घरों के 16 आवासीय प्रोजेक्टों को पूरा करने का निर्देश दिया था।

लगभग 27,000 घर खरीदार इन प्रोजेक्टों में घर पाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हजारों परेशान घर खरीदारों की मदद के लिए 5 फरवरी को शीर्ष अदालत ने एनक्लैट के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें एनबीसीसी को सुपरटेक के 16 आवासीय प्रोजेक्टों को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया गया था।

कोर्ट ने एनबीसीसी द्वारा पूर्ण किए जाने वाले निर्माण कार्य को रोकने वाले कोई भी आदेश पारित करने से सभी अदालतों को रोक दिया था। एनबीसीसीने एनक्लैट के समक्ष सुपरटेक के लंबित प्रोजेक्टों को तीन चरणों में पूरा करने का प्रस्ताव दिया था।

एनबीसीसी ने सुप्रीम कोर्ट में रेरा छूट के लिए दायर की याचिका, केंद्र और सुपरटेक से मांगा जवाब



**लंबित परियोजनाएं**

चरण एक के तहत एनबीसीसी ने ईको विलेज-2 (ग्रेटर नोएडा), रोमानो (नोएडा), केपटाउन (नोएडा), कजार स्वीट्स (ग्रेटर नोएडा), ईको विलेज-3 (ग्रेटर नोएडा), स्पोर्ट्स विलेज (ग्रेटर नोएडा) और इको-सिटी (नोएडा) को पूरा करना का प्रस्ताव दिया था। चरण-2 के तहत एनबीसीसी ने एनक्लैट के समक्ष अपने आवेदन के अनुसार नार्थआइ (नोएडा), अपकंट्री (यमुना एक्सप्रेसवे), इको विलेज-1 (ग्रेटर नोएडा), मेरठ स्पोर्ट्स सिटी (मेरठ) और ग्रीन विलेज (मेरठ) को पूरा करने का प्रस्ताव दिया था। चरण तीन के लिए एनबीसीसी ने हिलटाउन (गुरुग्राम), अराविले (गुरुग्राम), रिवरक्रस्ट (रुद्रपुर), दून स्कावायर (देहरादून) और मिकासा (बेंगलुरु) को पूरा करने का प्रस्ताव दिया था।

# सरकार की सख्ती के बाद भी चीनी महंगी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

केंद्र सरकार त्योहारी सीजन से पहले चीनी की कीमतों पर नियंत्रण के लिए बाजार में उपलब्धता बढ़ाने एवं जमाखोरी रोकने का प्रयास कर रही है। फिर भी कीमत न रफ्तार पकड़ ली है। पिछले एक महीने में चीनी का खुदरा मूल्य आठ प्रतिशत और थोक मूल्य सात प्रतिशत बढ़ा है। दिल्ली में भी खुदरा भाव 50 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गया है। केंद्र सरकार को आशंका है कि चीनी का पर्याप्त स्टाक होने के बावजूद आपूर्ति रोककर कीमत बढ़ाने का खेल किया जा रहा है। ऐसे में कीमत पर नियंत्रण के लिए तीन स्तरों पर काम किया जा रहा है। इसमें चीनी मिलों के स्टाक की जांच, व्यापारियों के स्टाक पर सीमा और बिक चुकी चीनी को जल्दी बाजार तक पहुंचाना शामिल है।

सरकार ने 24 जुलाई को देश की सभी चीनी मिलों में उपलब्ध स्टाक का भौतिक सत्यापन कराने का फैसला किया था। केंद्र एवं राज्य सरकारों की टीमों ने 14 अगस्त तक मिलों में जाकर वास्तविक स्टाक की जांच की। अब रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे बाजार की स्थिति समझने में मदद मिलेगी। चीनी कारोबारियों पर भी शिकंजा कसा गया है। उनके लिए 30 नवंबर तक चीनी की अधिकतम स्टाक सीमा 400 टन तय कर दी गई है ताकि कालाबाजारी को प्रोत्साहन नहीं मिले। फिर भी कीमतों में तेजी जारी है। मिलों से बिक चुकी चीनी खरीदने वाले डीलर, एजेंट या थोक उपभोक्ता को सात दिन के भीतर ही चीनी उठानी होगी। बिक्री के बाद मिलें भी चीनी को लंबे समय तक अपने परिसर में नहीं रोक सकेंगी।

सरकार का मानना है कि महीने की शुरुआत में बिक्री दिखाकर चीनी को मिल में ही रोकने से बाजार में वास्तविक आपूर्ति कम दिखाई देती है, जिससे महंगाई को प्रोत्साहन मिलता है। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ ने भौतिक सत्यापन के आंकड़ों को सार्वजनिक करने की मांग की है। इससे अटकलों पर रोक लगेगी।

- एक महीने में खुदरा मूल्य आठ और थोक मूल्य सात प्रतिशत बढ़ा
- कीमतों पर नियंत्रण के लिए तीन स्तरों पर काम कर रही सरकार





### लक्ष्मणन मयप्पन बने दुनिया के सबसे कम उम्र के चार्टर्ड अकाउंटेंट

नई दिल्ली, जेएनएन: भारतीय मूल के 16 साल के एक युवक ने दुनिया का सबसे कम उम्र का चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर इतिहास रच दिया है। लक्ष्मणन मयप्पन का नाम दुनिया के सबसे कम उम्र के पुरुष चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के तौर पर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में दर्ज हुआ है। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार, उन्होंने 16 साल और 141 दिन की उम्र में दुबई में यह उपलब्धि हासिल की।

इंटरनेट मीडिया की खबरों के अनुसार, मयप्पन की फाइनेंस में दिलचस्पी कोविड-19 महामारी के दौरान, 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं पूरी करने के कुछ ही समय बाद जगी। उन्होंने 15 साल की उम्र में एसोसिएशन आफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स की तैयारी शुरू की और लगभग एक साल में यह कोर्स पूरा कर लिया। अभी 21 साल के हैं और दुबई में रहते हैं, जहां वे सेंचुरी फाइनेंशियल में सीनियर रिसर्च एनालिस्ट के तौर पर काम करते हैं। उनकी जिम्मेदारियों में इन्वेस्टमेंट से जुड़ी रिसर्च और एनालिसिस करना, साथ ही फाइनेंशियल मार्केट में फैसले लेने में मदद करना शामिल है।

### तालाब में रहने को मजबूर बंगाल के किशोर का अनंत अंबानी की पहल पर मुंबई में होगा विशेष इलाज

राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता: बंगाल में मुर्शिदाबाद के बेलडांगा के किशोर इकबाल को विशेष इलाज के लिए मुंबई लाया गया है। वह एक दुर्लभ चिकित्सकीय समस्या के कारण लंबे समय तक तालाब में रहने को मजबूर था। रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक अनंत अंबानी के निर्देश पर किशोर को एयरलिफ्ट कर मुंबई के सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ डाक्टर उसकी जांच और उपचार करेंगे। इकबाल के माता-पिता आर्थिक परेशानी के कारण लंबे समय तक उसका इलाज कराने में असमर्थ थे और मदद की अपील की थी। विशेषज्ञों ने लंबे समय तक पानी में रहने से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर चेतावनी दी थी।

- बेलडांगा के इकबाल को पानी से बाहर आने पर शरीर में महसूस होती है तेज जलन
- लंबे समय तक पानी में रहने से स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर डाक्टरों ने जताई थी चिंता

**तालाब में रहने का वीडियो हुआ था प्रसारित:** बताया गया कि इकबाल कई दिनों तक तालाब में ही रहता था। उसका कहना था कि जैसे ही वह पानी से बाहर आता है, उसके पूरे शरीर में तेज जलन होने लगती है। उसने यह भी बताया था कि उसे ऐसा महसूस होता है जैसे किसी अदृश्य शक्ति का प्रभाव उस पर हो गया हो। इकबाल का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था, जिसमें वह तालाब में बैठकर खाना खाते हुए दिखाई दे रहा था। वीडियो सामने आने के बाद उसके मामले पर ध्यान दिया गया और मुंबई में इलाज कराने की व्यवस्था की गई।

# छापे खूब पड़ रहे हैं... फिर एफडीए पर भरोसा क्यों नहीं?

रेस्तरां, होटल, डार्क स्टोर और गोदामों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। लाइसेंस निलंबित हो रहे हैं, खाद्य सामग्री जब्त की जा रही है। फिर भी लोकल सर्कल्स के ताजा सर्वे में 322 जिलों के 22,819 उपभोक्ताओं से प्रतिक्रियाएं मिलीं। जिसमें 11 प्रतिशत लोगों ने अपने जिले/राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) पर ज्यादा भरोसा जताया। वहीं 79 प्रतिशत का भरोसा कम, बहुत कम या बिल्कुल नहीं है।



### सबसे बड़ा आंकड़ा





### सिर्फ रेस्तरां नहीं... पूरी फूड चेन जांच के घेरे में

86 क्विक-कामर्स प्रतिष्ठानों की जांच में 14 डार्क स्टोर के लाइसेंस निलंबित हुए, जिनमें ब्लिंकिट और जेप्टो के पांच-पांच स्टोर शामिल थे।

शहरों में भरोसे का हाल





**कार्रवाई पर सवाल:** बाम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र एफडीए की कार्रवाइयों में सुधार सूचना व सुनवाई की प्रक्रिया का पालन न होने पर सवाल उठाए। होटल-रेस्तरां संगठनों ने भी खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की सेक्शन 32 के तहत उचित प्रक्रिया की मांग की है। कोर्ट एक होटल का लाइसेंस निलंबन रद्द भी कर चुका है।

### देश की तस्वीर

वित्त वर्ष 2025-26 में जांचे गए 2,23,808 खाद्य नमूनों में 40,023 असुरक्षित, घटिया या गलत लेबल वाले पाए गए। 5,20,566 निरीक्षण हुए और 31,878 सिविल मामलों में जुर्माने का फैसला हुआ, लेकिन आपराधिक मामलों में सिर्फ 1,918 दोषसिद्धियां हुईं। एफएसएसएआइ ने टेक्नोलाजी-इनेबल्ड, रिस्क-बेस्ड इंस्पेक्शन सिस्टम अपनाया है और राज्यों को मंडियों, स्टोरेज, थोक विक्रेताओं और वितरकों पर निगरानी बढ़ाने को कहा है। फिर भी स्वच्छता रेटिंग योजना अभी स्वैच्छिक है। आम ग्राहक को यह पता नहीं चलता कि किसी रेस्तरां, दुकान या डार्क स्टोर की आखिरी जांच कब हुई और उसमें क्या मिला।

### आज टाटा संस की एजीएम होने की संभावना नहीं

नई दिल्ली, प्रेट्र: टाटा संस की मंगलवार यानी 18 अगस्त को होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के स्थगित होने की संभावना है। इसका कारण यह है कि सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) महाराष्ट्र के चैरिटी कमिश्नर की ओर से लगाए गए नियामकीय प्रतिबंध चलते अपना प्रतिनिधि नामित नहीं कर पाया है। बैठक में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के निदेशक पद पर विचार किया जाएगा।

चंद्रशेखरन ने अपना वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने के बाद एक और कार्यकाल की मांग न करने का फैसला किया है। कंपनी की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, एजीएम मंगलवार दोपहर 2:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग या अन्य आडियो-विजुअल माध्यमों के जरिये आयोजित की जाएगी।

इसके अलावा, वार्षिक आम बैठक में कंपनी के वित्त वर्ष 2025-26 के लिए साधारण शेयरों पर लाभांश घोषणा और बीते वित्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर विचार व मंजूरी दिया जाना है। अब आगे बैठक पर नजर रहेगी।

हिन्दुस्तान
1936
सत्य · सार्थक · सदैव

# भाजपा की नई टीम

भारतीय जनता पार्टी ने अपनी नई सांगठनिक टीम का ऐलान कर दिया है। हालांकि, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को अपनी नई टीम बनाने में छह महीने से ज्यादा वक्त लगा, पर अब जो टीम सामने आई है, वह समग्रता में जरूरी सियासी पैमानों पर संतुलित नजर आती है। जाति, जनजाति, वर्ग, क्षेत्र, लिंग का बेहतर समन्वय नई टीम में दिख रहा है। भाजपा अध्यक्ष युवा नेता हैं और वह आगामी चुनावों को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ते दिख रहे हैं। पांच बार विधायक रहे और अब राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने सोच-विचारकर जो टीम बनाई है, उसकी विवेचना अलग-अलग ढंग से हो सकती है। बहरहाल, टीम में कुछ नाम चमकदार हैं, तो अनेक नाम पार्श्व में रहकर काम करते रहे हैं। टीम बनाते समय अनुभव, समीकरण और वर्तमान छवि को ध्यान में रखा गया है। पुरानी टीम में भी जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेता थे और उस टीम से करीब एक चौथाई नेता नई टीम में लिए गए हैं। कुल मिलाकर, जो टीम बनाई गई है, वह मुस्तैदी से काम करे, तो इन दिनों कुछ मुद्दों पर घिरती दिख रही भाजपा को बल मिलेगा।

नई टीम में सबसे बड़ी खूबी यह कि 12 महिलाओं को पदाधिकारी बनाया गया है। इनमें सर्वाधिक परिचित-चर्चित नाम वसुंधरा राजे सिंधिया और स्मृति ईरानी का है। पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्र में मंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे को उपाध्यक्ष बनाया गया है, तो पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव। दोनों ही नेताओं को जमीनी राजनीति और सरकार में रहने का अनुभव है, दोनों को मुखरता के लिए जाना जाता है। कोई दोराय नहीं कि आज भाजपा नेतृत्व में मुखर महिला नेताओं की जरूरत है। नई टीम का गठन करते हुए भाजपा ने सामाजिक इंजीनियरिंग के हिसाब से काम किया है। विचारवान भाजपा नेता राम माधव को उपाध्यक्ष बनाया गया है, तो त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को फिर एक बार कोषाध्यक्ष नियुक्त करने के अपने मायने हैं, तो सांसद अनिल बलूनी के पास मीडिया प्रभार बरकरार रखा गया है। एक बड़ा बदलाव भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय की विदाई है। वह साल 2015 से ही आईटी सेल संभाल रहे थे। बदलती जरूरतों के मुताबिक अब यह अहम काम नई टीम के हवाले किया गया है, तो आने वाले दिनों में भाजपा की आईटी नीतियों-रणनीतियों में बड़े बदलाव और ताजगी की संभावना है।

**अपनी नई सांगठनिक टीम का गठन करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने सामाजिक इंजीनियरिंग के हिसाब से सियासी संतुलन बिठाने की कोशिश की है।**

आज पार्टी के 46 वर्षीय अध्यक्ष के सामने दो सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। पहला, संगठन को पुनः मजबूत व ज्यादा सक्रिय करना और दूसरा, पार्टी की अपनी सुविदित छवि का संरक्षण व संवर्द्धन करना। पार्टी को सत्ता का स्वाद चखते 12 साल से ज्यादा बीत गए हैं, तो स्वाभाविक ही विरोध और विरोधियों का आकार बढ़ने की आशंका दिख रही है। अपने चर्चित दलीय अनुशासन और दूसरों से अलग छवि को कायम रखने के लिए उसे खुद को समय के अनुरूप पुनर्नवा करना पड़ेगा। शायद अपना आकर्षण बनाए रखने के लिए ही भाजपा के शीर्षतम नेतृत्व ने दूसरे दलों की तुलना में ज्यादा युवा अध्यक्ष पर भरोसा किया है। अब देखने वाली बात होगी कि युवा अध्यक्ष की नई टीम मुख्य रूप से देश के युवाओं को कितना आश्वस्त कर पाती है? अपनी सफलता के लिए भाजपा की यह नई टीम सत्ता में बैठे केंद्रीय और क्षेत्रीय आला नेताओं से तालमेल बिठाते हुए आगे बढ़ना चाहेगी। इस दिशा में सबसे पहली और बड़ी परीक्षा होगी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 18 अगस्त, 1951

### भारतीय मुसलमान

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव भारत के चार करोड़ मुसलमानों के लिए विशेष रूप से चिन्ता का विषय है। भारतीय मुसलमानों ने आम तौर पर मुस्लिम लीग का समर्थन किया था और पाकिस्तान की स्थापना की हिमायत की थी। किन्तु जब देश का विभाजन हो गया और पाकिस्तान की स्थापना हो गयी, तो भारतीय मुसलमानों को यह समझने में ज्यादा देर नहीं लगी कि पाकिस्तान की स्थापना से उन्हें कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने अपनी भूल महसूस की, किन्तु बाजी हाथ से निकल चुकी थी और कुछ समय तक उन्हें अत्यन्त विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ा। उन्होंने देखा कि लीगी नेता भारतीय मुसलमानों को अपने हाल पर छोड़कर पाकिस्तान के अपने नये चमन में बस गये हैं। भारतीय मुसलमानों ने अपने पाकिस्तानी हम-मजहबों से बार-बार अपील की कि उन्हें भारतीय मुसलमानों की हालत पर तरस खाना चाहिए और ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिसका उनकी स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़े। किन्तु इस प्रकार की सब अपीलें बहरे कानों पर पड़ीं और भारतीय मुसलमान अब अपने पुराने दोस्तों के व्यवहार से बुरी तरह खिन्न हैं।

भारतीय मुसलमानों की ओर से संयुक्त राष्ट्रीय प्रतिनिधि डा. ग्राहम को एक स्मरण-पत्र दिया गया है। इस पर भारत के 15 मुस्लिम नेताओं के हस्ताक्षर हैं, जिनका भूतकाल में देश के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में विशिष्ट स्थान रहा है और आज भी वे उच्च स्थानों पर आसीन हैं। यह विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि उन्होंने पाकिस्तान की भारत-विरोधी नीति के बारे में अपने स्मरण-पत्र में जो कुछ कहा है, वह भारतीय मुसलमानों के वर्तमान विचारों का सही प्रतिबिम्ब है। स्मरण-पत्र का कहना है, 'पाकिस्तान की नीति आम तौर पर और काश्मीर के प्रति उसका रवैया इस देश में ऐसे हालात पैदा कर देंगे कि जिनमें आगे चलकर हम भारतीय मुसलमानों को व्यापक कष्ट-सहन और तबाही का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान की नीति के कारण हम निश्चिन्त नहीं हो सकते हैं, वह अपने राज्य के सम्मानपूर्ण नागरिक बनने देने में हमारे लिए बाधक हो रही है। वह हमको अपने देशवासियों के सन्देह का शिकार बनाती है और हम अपने देश का हित साधन करने के लिए बदलती हुई परिस्थितियों के अनुसार अपने को नहीं बदल सकते।'

# विजय सरकार में सौ दिन का हासिल



दक्षिण एक्सप्रेस
यहां स्कैन करें

**एस. श्रीनिवासन** | वरिष्ठ पत्रकार

**'संगठित भ्रष्टाचार' को खत्म करना तमिलनाडु की विजय सरकार के अहम नारों में से एक रहा है। जनता से जुड़े कुछ सरकारी विभागों में छोटे भ्रष्टाचार में कमी दिखने लगी है।**



अभिनेता से नेता बने सी जोसेफ विजय की सरकार ने तमिलनाडु की सत्ता में 100 दिन पूरे कर लिए। इसमें कोई शक नहीं कि उनके सुपरस्टार होने की वजह से उन्हें अपनी पार्टी बनाने के दो साल के अंदर ही सत्ता मिल गई, मगर क्या फिल्मी करिश्मे से आगे वह शासन की कसौटी पर भी खरे उतर सके हैं?

सत्ता में 100 दिन का समय किसी भी सरकार के कामकाज का आकलन करने के लिए बहुत कम है, लेकिन इससे सरकार की सोच की एक झलक जरूर मिल जाती है। चुनाव जीतना एक बात है, जबकि कठोर जमीनी सच्चाई के बीच अपनी राजनीतिक छवि को बनाए रखना बिल्कुल अलग। उनके शासन के तरीके का अंदाजा अब तक के कार्यकाल से लगाया जा सकता है। विजय ने जब मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है, तब से पूरे देश की नजरें उनके शासन करने के तरीके पर टिकी हैं। उनका सत्ता में आना तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा बदलाव है। वहां की सत्ता पर दशकों से द्रविड़ पार्टियों का कब्जा रहा है। द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सत्ता में आने के बाद पहली बार राज्य में ऐसी पार्टी की सरकार बनी है, जिसके नाम में 'द्रविड़' शब्द नहीं है। शपथ ग्रहण के बाद विजय ने कहा कि वह अपने वादों को पूरा करने के लिए जनता से धीरज रखने की अपेक्षा करते हैं। उन्होंने जनता से किए वादे पर काम करना शुरू भी कर दिया है। अभी उन्होंने करीब साढ़े तेरह लाख किसानों के 75,000 रुपये तक का कृषि-कर्ज माफ करने की घोषणा कर दी है।

विजय के लिए सत्ता पाना आसान न था, क्योंकि दो साल पहले ही वह चुनावी राजनीति में आए थे। हालांकि, जल्लीकट्टू विरोध-प्रदर्शनों में चेहरा ढककर शामिल होकर और साल 2008 में श्रीलंकाई तमिलों के समर्थन में आठ घंटे की भूख-हड़ताल करके उन्होंने राजनीति में उतरने के संकेत दे दिए थे। फिल्मी स्टारडम से शासन-प्रशासन की कूटनीतिक गलियों में आना कोई रातोंरात का खेल नहीं है। इसलिए, निर्णायक रूप से नहीं कहा जा सकता कि यह सरकार सही दिशा में जा रही है या गलत दिशा में, क्योंकि यह अभी 'काम प्रगति पर है' वाली स्थिति में है। शासन-व्यवस्था की बात करें, तो इसमें कानून-व्यवस्था, शिक्षा एवं स्वास्थ्य, सामाजिक समानता और सामान्य प्रशासन जैसी कई जरूरी मुद्दों पर काम करने पड़ते हैं। इसके ऊपर एक और मुश्किल राजनीतिक काम होता है- अपनी टीम को एकजुट रखना। चूंकि, टीवीके सरकार अल्पमत में है, इसलिए शासन चलाने के साथ-साथ सत्ता पर पकड़ मजबूत बनाना विजय की दोहरी चुनौती है।

अभिनेत्री तृषा पर कथित तौर पर द्विअर्थी टिप्पणी के आरोप में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन को हिरासत में लेकर विजय ने गलत काम किया। उदयनिधि की टिप्पणी अक्षम्य थी, पर कथित मानहानिपूर्ण भाषण को अपराध की श्रेणी में लाने की सरकार की कोशिश भी उतनी ही निंदनीय है। उन्हें घर से उठाकर शहर के दूसरे कोने में स्थित पुलिस स्टेशन ले जाने के बजाय मानहानि की कानूनी धाराओं से भी वही काम किया जा सकता था। हालांकि, सरकार ने तुरंत पीछे हटकर इस घटना को बड़ा संकट बनने से रोक लिया। सरकार ने अदालत को बताया कि 'उन्हें केवल पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।' उन्हें उसी दिन रिहा कर दिया गया।

टीवीके पर पुराने मुद्दों को दोहराने के आरोप लगे हैं, जैसे राज्य विधानसभा में नीट और 'तमिल थाई वाज्तु (राज्य गीत)' के मुद्दों को उठाना, जिनका इस्तेमाल द्रमुक और अन्नाद्रमुक सालों से करते आ रहे हैं। कई आलोचकों का कहना है कि सरकार को राज्य द्वारा आयोजित परीक्षाओं की गुणवत्ता सुधारने, छात्रों को नीट के अलावा अन्य प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने, रोजगार विहीन विकास और सरकारी भर्तियों पर रोक जैसी समस्याओं से जूझ रही 'जेन-जी' को रोजगार देने के लिए जुटना चाहिए था। हालांकि, यह आलोचना तमिलनाडु की राजनीति को न समझने के कारण है। यहां पर इन मुद्दों को नजरअंदाज करना असंभव है।

विजय के पास अभी 'भरोसेमंद' अधिकारियों की टीम नहीं है, क्योंकि वर्तमान अधिकारियों में से ज्यादातर या तो द्रमुक या अन्नाद्रमुक सरकारों के साथ काम कर चुके हैं। उनकी असली परीक्षा यह है कि क्या वह ऐसे नौकरशाहों और सिविल सोसायटी के लोगों को साथ जोड़ सकते हैं, जिनकी सोच उनकी राजनीति से मेल खाती हो? विजय सरकार द्वारा पेश पहले बजट को 'स्टिकर आची' (पुरानी योजनाओं पर नया स्टिकर चिपकाकर अपनी योजना बताना) कहा जा रहा है। यानी, उनकी मुख्य योजनाएं असल में अन्नाद्रमुक और द्रमुक की कल्याणकारी योजनाओं का ही नया रूप है। सामाजिक कल्याण द्रविड़ राजनीति का मुख्य आधार रहा है। जयललिता की मिक्सर-ग्राइंडर योजना ने महिलाओं के बिना वेतन वाले रसोई के काम को काफी आसान कर दिया था। 'सिल-बट्टे' पर हाथ से मसाला पीसने से उन्हें आजादी मिल गई।

असल में, टीवीके योजनाओं को लागू करने में चूक गई है। मौजूदा योजनाओं की समीक्षा के लिए सौ दिन काफी थे, पर ऐसा कोई प्रयास नहीं किया गया। इसका नतीजा हुआ है कि नवजात शिशुओं के लिए सोने की अंगूठी देने वाली मुख्य योजना वित्तीय कमी के कारण सिर्फ सरकारी अस्पतालों में पैदा हुए बच्चों तक सीमित हो गई है। तमिलनाडु सरकार ने फंड जुटाने के नए तरीके खोजने के लिए मोंटेक सिंह अहलूवालिया की अध्यक्षता में एक राजस्व समिति गठित कर दी है।

इसी तरह, 'संगठित भ्रष्टाचार' को खत्म करना विजय सरकार के सबसे अहम नारों में से एक रहा है और इसकी ताकत सीधे उनकी *सरकार* एवं *बिगिल* जैसी फिल्मों में 'न्याय के चैंपियन' और 'भ्रष्टाचार विरोधी' की भूमिका वाली छवि से मिलती है। लोग अब असल जिंदगी में भी यही भूमिका निभाने की उम्मीद कर रहे हैं। इस उम्मीद के परवान चढ़ने के कुछ शुरुआती सुबूत मिल रहे हैं। जनता से सीधे जुड़े कुछ सरकारी विभागों के छोटे-छोटे भ्रष्टाचारों में सचमुच कमी आई है, पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि भ्रष्टाचार से लड़ना इतना आसान नहीं है।

पूर्ण बहुमत पाने के लिए विजय को उप-चुनावों में जाना होगा। चूंकि वह अब भी लोकप्रिय हैं, इसलिए उन्हें बहुमत मिल सकता है। परिसीमन और कावेरी जल विवाद के मुद्दों पर वह सफल रहे हैं। मुश्किल काम केंद्र व कांग्रेस के बीच सही संतुलन बनाना और द्रमुक पर नजर रखना है। उन्हें अच्छा प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि हार से आहत दोनों द्रविड़ पार्टियां हमला करने के मौके की तलाश में हैं। सबसे अहम बात यह है कि युवाओं की उम्मीदें बढ़ाने के बाद अब विजय को नतीजे देने होंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# दिमागी नक्सलियों पर पूरे देश में चर्चा के मायने



यहां स्कैन करें

**बृजलाल** | सांसद एवं पूर्व डीजीपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए 'दिमागी नक्सल' के खतरे से सावधान किया है। यह चेतावनी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि नक्सलवाद केवल जंगलों में हथियार उठाने से नहीं फैलता, बल्कि एक ऐसी विचारधारा से फैलता है, जो नौजवानों के मन में राष्ट्र, लोकतंत्र, सुरक्षा बलों, न्यायपालिका, संविधान और सांविधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने का प्रयास करती है।

ये 'दिमागी नक्सली' जंगलों, बीहड़ों, ग्रामीण अंचलों में नहीं, शहरों में रहते हैं। वे प्रोफेसर, लेखक, पत्रकार, एनजीओ संचालक, कलाकार, दलित-ओबीसी-आदिवासी चिंतक का लबादा ओढ़कर शहरों में रहते हैं, सेमिनार करते हैं, नक्सलियों के लिए फंड इकट्ठा करते रहते हैं, ताकि पशुपति से तिरुपति के बीच भारत में 'लाल गलियारे' का निर्माण हो सके। बतौर पुलिस अधिकारी मैंने इनके काम करने की शैली को बेहद करीब से जांचा-परखा है। एक वाकया आपके साथ साझा करना चाहूंगा। साल 2009-2010 की बात है। मैं एक नक्सली नेता चिंतन दा से पूछताछ कर रहा था। तब उसकी उम्र 62 साल थी। वह बहुत पढ़ा-लिखा था। सिंदरी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले चिंतन ने जेएनयू से एम फिल, पीएचडी कर रखी थी। यह शिक्षक की वेशभूषा में रहता और बच्चों को पढ़ाया करता था। भाकपा माओवादी की केंद्रीय समिति के सदस्य चिंतन को 'थ्री-यू स्पेशल एरिया कमिटी' का मुखिया बनाया गया था। उत्तर बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की जिम्मेदारी उसे दी गई थी।

**देश के युवाओं को भ्रम व विध्वंस की मानसिकता से निकालकर राष्ट्र-निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाना है, तो ऐसे तत्वों से सावधान रहना पड़ेगा।**

उत्तर प्रदेश में चंदौली, मिर्जापुर और सोनभद्र में ही नक्सलियों की गतिविधियां थीं। यहीं पर इन्होंने सशस्त्र क्रांति शुरू की थी। साल 2004 में हिनौता घाट (चंदौली) में एक पुलिया को ब्लास्ट करके नक्सलियों ने पीएसयू की एक बस उड़ा दी थी, जिनमें 16 जवान मारे गए थे। तभी से प्रशासन ने कम्युनिटी पुलिसिंग के जरिये नक्सलवाद के उपचार का फैसला किया था। इसी वजह से चिंतन दा भी हमारी गिरफ्त में आया। चिंतन बहुत अच्छी अंग्रेजी बोलता था। पूछताछ के दरमियान आंखों पर पट्टी बंधी रहती थी। एक दिन मैंने उससे पूछा कि तुम्हारा संगठन झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा में कामयाब हुआ, उत्तर प्रदेश में क्यों सफल नहीं हुआ?

उसने जवाब दिया कि इसीलिए हमको इंचार्ज बनाया गया था। हम वहां कामयाब इसीलिए हुए थे, क्योंकि वहां 'वैक्यूम' था, जिसे हमने 'ऑक्यूपाई' किया, लेकिन यहां आपने कम्युनिटी पुलिसिंग के जरिये हमें शुरुआत में ही रोक दिया। दरअसल, इन प्रदेशों के पहाड़ी, आदिवासी इलाकों में कोई सरकारी एजेंसी जाती नहीं थी। वहां के बाशिंदे खुद को उपेक्षित महसूस करते थे, वहीं उत्तर प्रदेश के इन तीनों जिलों में प्रशासन ने आदिवासी लड़कियों की शादी, बच्चों को निःशुल्क किताबें व बैग मुहैया कराने, डॉक्टरों को साथ ले जाकर उनकी चिकित्सा कराने के साथ-साथ युवा आदिवासियों को पुलिस भर्ती के दौरान विशेष प्रशिक्षण देने, ड्राइवरी का प्रशिक्षण व लाइसेंस दिलाने जैसे काम किए। इस तरह वैक्यूम बनने नहीं दिया।

पूछताछ में चिंतन ने जो बताया, उसका लब्बोलुआब यही था कि ये नक्सली सीधे सशस्त्र क्रांति नहीं करने वाले थे, बल्कि अलग तरीके से अपने मिशन पर आगे बढ़ रहे थे। जैसे, पहले चरण में किसानों के मुद्दों को लेकर इलाहाबाद के 'लाल सलाम' जैसे आंदोलन चलाना; बालू माफिया, भू-माफिया आदि के मुद्दों पर लोगों को गोलबंद करना। फिर दूसरे चरण में ये सशस्त्र विद्रोह का अभियान शुरू करते। बहरहाल, पुलिस ने इन दिमागी नक्सलियों की शिनाख्त की, उन्हें गिरफ्तार किया गया और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया। साथ ही किसानों और आम लोगों की जो वाजिब शिकायतें थीं, उनको तत्परता से हल कराया।

साफ है, ये 'दिमागी नक्सली' युवाओं को भ्रमित करते हैं और उन्हें हिंसात्मक वामपंथी विचारधारा की ओर आकर्षित करते हैं। ये हरेक आंदोलन में अवतरित हो जाते हैं। इन्हें विदेशी 'डीप स्टेट' से फंडिंग मिलती है। प्रधानमंत्री का संदेश स्पष्ट है। देश के युवाओं को भ्रम, नकारात्मकता व विध्वंस की मानसिकता से निकालकर शिक्षा, नवाचार, राष्ट्र-निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाना है, इसलिए उन्हें दिमागी नक्सली से सावधान रहना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# मन बिखर न पाए

मनोविज्ञान की दृष्टि से देखें, तो हमारे मन में दो पक्ष होते हैं-विषय और विषय का ज्ञाता। जो कुछ हम देखते, सुनते या अनुभव करते हैं, वह हमारे लिए विषय है; और जो उसे देखता, समझता और जानता है, वह हमारा ज्ञाता है। सरल शब्दों में कहें, तो वस्तु जानी जाती है और मन उसे जानता है।

इसे एक उदाहरण से समझिए। सांप मेंढक को देखता है। यहां सांप विषय है और मेंढक उसके लिए वस्तु। मेंढक मच्छर को देखता है, इसलिए मेंढक विषय और मच्छर वस्तु है। मच्छर ओस की बूंद को देखता है, तो मच्छर विषय और ओस की बूंद वस्तु बन जाती है, पर क्या सांप को पता है कि कोई मोर उसे देख रहा है और क्या मोर को मालूम है कि शिकारी उस पर नजर रखे हुए है? यहां शिकारी विषय है और मोर उसका विषय।

हम सामान्यतः विषय को देखते हैं, लेकिन उस देखने वाले को नहीं देखते। हम दुनिया को देखते रहते हैं, पर इसे देखने वाला मन स्वयं हमारी दृष्टि से ओझल रहता है। यदि मनुष्य अपने भीतर के इस 'ज्ञाता' को देखने और समझने का प्रयास करे, तो उसके जीवन में अधिक स्पष्टता और संतुलन आ सकता है। दार्शनिक दृष्टि से कहा गया है कि संसार की समस्त वस्तुएं एक विराट मानसिक सत्ता के भीतर हैं, अर्थात जो कुछ हम संसार में देखते हैं, वे सभी उस परम चेतना के लिए 'विषय' हैं। हम किसी वस्तु को जानते हैं, लेकिन स्वयं हमारे अस्तित्व को किसी उच्चतर चेतना द्वारा जाना जा रहा है। इस प्रकार व्यक्तिगत चेतना और परम चेतना के बीच भी ज्ञाता और ज्ञेय का संबंध माना जाता है।

अब इसे रोजमर्रा के जीवन से जोड़कर देखें। मान लीजिए, एक विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। उसे किताब पढ़ते समय बार-बार यह चिंता सताती है- 'अगर मैं असफल हुआ, तो माता-पिता क्या कहेंगे? मुझे फिर से उसी कक्षा में पढ़ना पड़ेगा। छोटे बच्चे मेरा मजाक उड़ाएंगे। समाज में मेरी प्रतिष्ठा कम हो जाएगी।' ये विचार अपने आप में असामान्य नहीं हैं। समस्या तब पैदा होती है, जब पढ़ाई के समय मन का एक हिस्सा पाठ समझने में लगा हो और दूसरा असफलता की कल्पना में। मन की शक्ति दो दिशाओं में बंट जाती है। परिणाम यह होता है कि न तो पढ़ाई पूरी तरह हो पाती है और न ही चिंता समाप्त होती है।

**जीवन के हर क्षेत्र में सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम अपने मन को बिखरने से कितना बचा पाते हैं। जब मन वर्तमान में पूरी तरह उपस्थित हो, तब ज्ञान गहरे उतरता है।**

जीवन के हर क्षेत्र में सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम अपने मन को बिखरने से कितना बचा पाते हैं। जब मन वर्तमान कार्य में पूरी तरह उपस्थित होता है, तब ज्ञान अधिक गहराई से भीतर उतरता है। जब मन स्वयं को भी देखने लगता है, तब ज्ञान केवल बाहरी दुनिया को समझने का साधन नहीं रहता, वह स्वयं को समझने का मार्ग भी बन जाता है।

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

**दलाई लामा** | बौद्ध धर्मगुरु



**कोई व्यक्ति चाहे कितना भी काबिल क्यों न हो, वह अकेले नहीं रह सकता। हम उस समुदाय पर निर्भर होते हैं, जिसमें हम रहते हैं। दूसरों की भलाई के लिए खुद को समर्पित करके, हम असल में अपना ही भला करते हैं।**

# आधुनिक समाज में मर रही संवेदना

माता-पिता अपने बच्चों की परवरिश में जिंदगी का हर दुख भूल जाते हैं। उनकी आंखों में बस एक सपना होता है कि बच्चे बड़े होकर सफल हों और जीवन की ढलती शाम में उनका सहारा बनें। इसी उम्मीद को लेकर वे अपनी इच्छाओं को पीछे छोड़कर बच्चों के भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। ऐसे में, जब वही संतान बुढ़ापे में उनका हाथ थामने के बजाय उनसे दूर हो जाए, तब उस अकेलेपन का दर्द कितना गहरा होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

हाल ही में सोनीपत के एक व्यक्ति का मामला रिश्तों की बदलती तस्वीर पर सोचने को मजबूर करता है। कभी मुंबई के बड़े कपड़ा व्यापारियों में शुमार रहे व्यक्ति पिछले तीन वर्षों से सोनीपत स्थित एक वृद्धाश्रम में रह रहे थे। उनकी तीन बेटियां हैं। उन्होंने बेटियों को पढ़ाया-लिखाया, उन्हें आत्मनिर्भर बनाया और जीवन में आगे बढ़ने के लिए हरसंभव अवसर दिया। जिस पिता ने अपनी तीन बेटियों को उंगली पकड़कर चलना सिखाया और योग्य बनाया, उन्हीं ने उसे आखिरी सफर में भी अकेला छोड़ दिया। पिता जीवन के अंतिम पड़ाव पर उनका इंतजार करता रहा। बीमारी में बेटियां मिलने नहीं आईं और अंतिम विदाई भी वीडियो कॉल पर देखी। दो वर्ष पहले इसी वृद्धाश्रम में उनकी पत्नी ने भी अंतिम सांस ली थी। पत्नी के जाने के बाद शायद बेटियों का साथ उनके लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया होगा। उम्र के इस पड़ाव पर उन्हें धन-दौलत तो नहीं, अपनी बेटियों, नाती-नातिनों के कुछ पल चाहिए थे, मगर जिंदगी के अंतिम वर्षों में उनका इंतजार लंबा होता चला गया। वह 20 दिन तक बीमार रहे। आश्रम प्रबंधन ने यह सूचना बेटियों को बार-बार दी। बताते हैं कि बीमारी के दौरान बेटियों ने फोन पर बातचीत करनी भी बंद कर दी।

जब पिता ने अंतिम सांस ली, तो आश्रम प्रबंधन ने उनकी तीनों बेटियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद बेटियों ने व्यस्तता और दूरी का हवाला देकर आने में असमर्थता जताई और 5,100 रुपये भेजकर वीडियो कॉल के माध्यम से अंतिम संस्कार लाइव दिखाने को कहा। बेटियों के इस व्यवहार से आहत वृद्धाश्रम प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने अपने पास से व्यवस्था करके बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया। उन्होंने यह कहते हुए उनके 5,100 रुपये वापस कर दिए कि जिनके पास अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने का समय नहीं, उनसे पैसे लेकर क्या करेंगे? यह घटना केवल एक परिवार या एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि उस दौर की नग्न सच्चाई है, जिसमें सुविधाएं बढ़ने के साथ रिश्तों के बीच दूरी लगातार बढ़ती जा रही है।

**देवेंद्र सिंह**, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

### संवेदनशीलता



# डिजिटल सुविधा ने दूरी का दर्द कम किया

मोबाइल ने आधुनिक जीवन की व्यस्तता, जिम्मेदारियों के दबाव और दूर रहने की मजबूरी के इस दौर में हमारे जीवन को आसान बनाया है, हालांकि समय कम कर दिया है। एक तरफ, हम साथ रहकर भी दूर-दूर हैं, तो इसका दूसरा पहलू यह है कि हम दूर रहकर भी साथ होने का एहसास कर सकते हैं। मोबाइल पर हालचाल पूछ लेना, वीडियो कॉल पर चेहरा देख लेना और सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं देना रिश्तों की गर्माहट को बरकरार रखता है। इसके कारण लोग अपनी व्यस्त जिंदगी में से थोड़ा सा समय निकालकर अपनों से बातचीत कर लेते हैं।

मोबाइल और इंटरनेट के आने से पहले लोग अपने परिजनों और प्रियजनों से वर्षों में बार मिल पाते थे। उनका हाल-चाल जानने और अपना देने का एकमात्र साधन पत्र ही हुआ करता था। ये पत्र अगर कभी न मिल पाएं, तो महीनों के बाद दूसरे पत्र से उसकी जानकारी मिल पाती थी, लेकिन सूचना क्रांति ने इस समस्या को दूर कर दिया है। यहां तक कि अब अगर कोई व्यक्ति बहुत दूर है या इतना व्यस्त है कि उसका पहुंचना लगभग असंभव हो गया हो, तो अपने परिजनों की मृत्यु के बाद वह उनका अंतिम संस्कार लाइव देख सकता है। अभी हरियाणा का एक ऐसा ही मामला आया है, जहां बेटियां व्यस्त होने के कारण पिता के अंतिम संस्कार में आने की स्थिति में नहीं थीं। पुराने जमाने में ऐसे मामले में शव का अंतिम संस्कार पास-पड़ोस के लोग ही कर दिया करते थे, जिसकी सूचना कभी काफी देर से, तो कई बार घर आने पर ही मिलती थी। लोग अपने प्रियजन को अंतिम विदाई भी नहीं दे पाते थे और उनका दिल तड़पकर रह जाता था, लेकिन आधुनिक सूचना क्रांति ने अब इसे संभव कर दिया है। अब लोग अति व्यस्तता और दूरी की वजह से कम से कम अपने परिजनों को अंतिम विदाई ऑनलाइन ही देखकर दे सकते हैं, उन्हें अंतिम तो नमन कर ही सकते हैं।

याद कीजिए, कोरोना महामारी के दौर को, जब देश में और आसपास रहने के बावजूद लोग अपनों के अंतिम दर्शन की स्थिति में भी नहीं रह गए थे, क्योंकि वायरस के संक्रमण के भय के साथ-साथ आवागमन का कोई साधन नहीं मौजूद था। ऐसे में, यह मोबाइल सेवा ही थी, जिसने दूर बैठे प्रियजनों को संबल दिया और बिल्कुल पास होने का एहसास कराया। आजकल कई श्मशान घाटों और समितियों ने विदेश में रहने वाले परिजनों की सुविधा के लिए अंतिम संस्कार के लाइव प्रसारण की सुविधा शुरू की है। इससे दूर बैठे लोगों को वीडियो कॉल या लाइव स्ट्रीमिंग के जरिये अपने प्रियजन के अंतिम दर्शन की सुविधा मिल गई है।

**मुकेश प्रसाद ठाकुर**, अधिवक्ता



# कामयाबी के अहंकार से बचिए



अध्यात्म
जे. कृष्णमूर्ति

**कामयाबी के शिखर पर बैठे लोगों को भी अक्सर नीचे आते देखा गया है। यह जरूरी है कि हम किसी सफलता से बौराए नहीं। इसे पाने से ज्यादा संभालना कठिन होता है। जीवन में असली सफलता वही है, जिसे पाकर इंसान को अहंकार नहीं हो। इसके लिए जरूरी है सफलता को अपने ऊपर हावी न होने दें।**

वह आदमी बहुत गरीब था, लेकिन योग्य और चतुर था। उसके पास जो कुछ भी था, उसमें वह संतुष्ट लगता था। कौटुंबिक जिम्मेदारियों से भी वह मुक्त था। चर्चा करने तथा कुछ प्रश्न पूछने के लिए वह प्रायः आया करता था। भविष्य के विषय में उसने बड़े-बड़े सपने संजो रखे थे। उसमें आतुरता भी थी और उत्साह भी था। मामूली बातों में भी उसे आनंद आता था। दूसरों के लिए छोटी-मोटी चीजें करना उसे अच्छा लगता था।

### दूसरों के लिए भी सोचें

उसका कहना था कि उसे भौतिक सुख-सुविधाओं का या पैसे का विशेष आकर्षण नहीं है, लेकिन काफी धन मिलने पर वह क्या-क्या करेगा, इसका वह मजेदार वर्णन करता था- तब फिर किस-किस को दान देगा, किस-किस की मदद करेगा, एक उत्कृष्ट विद्यालय की स्थापना कैसे की जाएगी। कुल-मिलाकर वह स्वप्निल वृत्ति का था और अपने या दूसरों के उत्साह के बहाव में सहज बह जाने वाला था।

अनेक वर्षों बाद वह एक दिन पुनः मिलने आया। उसमें विलक्षण परिवर्तन आ गया था। अब उसकी वह स्वप्निल दृष्टि नहीं रह गई थी। उसके विचारों में अतिशय व्यावहारिकता, निश्चितता और कठोरता आ गई थी। उसके निर्णयों में एक पैनी कठोरता दिखाई देती थी। वह कई देशों की यात्रा कर चुका था और उसकी बातचीत में अब नागरी सुसंस्कृतता और विशेष प्रकार की चमक दिखाई दे रही थी।

### अपने बनाए घेरे से बचें

अपने इस नवीन आचरण की मोहनी को वह जब चाहे फैलाता था और जब चाहे समेट लेता था। उसे बड़ी भारी संपत्ति उत्तराधिकार में मिल गई है और इस संपत्ति को उसने कई गुना बढ़ाया भी है। अब वह पूरी तरह बदल गया है। अब वह यदा-कदा ही मिलने आता है और जब कभी मिलता है, तो उसके बर्ताव में बड़ी दूरी प्रकट होती है। ऐसा लगता है कि वह अपने ही बनाए घेरे में बंद हो गया है।

### शक्ति को साधना आना चाहिए

गरीबी और अमीरी, दोनों ही बंधन हैं। अपनी गरीबी के प्रति या अपनी अमीरी के प्रति सचेत, दोनों ही परिस्थितियों के खिलौने होते हैं। दोनों ही भ्रष्ट हो सकते हैं, क्योंकि दोनों ही उसकी तलाश में हैं, जो भ्रष्ट करने वाली शै है- शक्ति। शक्ति धन तथा धारणाओं से बड़ी होती है। इन सब से निश्चित ही शक्ति प्राप्त होती है, किंतु इन्हें दूर हटाया जा सकता है, तो भी शक्ति का एहसास बना रहता है।

कोई जीवन की सादगी के जरिये शक्ति हासिल कर सकता है, तो कोई सद्गुण या त्याग द्वारा, पर ऐसे साधन मात्र विकल्प होते हैं और इनसे धोखे में नहीं पड़ना चाहिए। पद-प्रतिष्ठा और शक्ति की कामना- वह शक्ति जिसे आक्रामकता तथा विनम्रता, संयम-तपस्या और ज्ञान, शोषण एवं आत्म-निषेध द्वारा प्राप्त किया जाता है- सूक्ष्म रूप से प्रेरक और लगभग मूल प्रवृत्ति सरीखी होती है।

सफलता किसी भी रूप में शक्ति होती है और असफलता सफलता का नकार भर है। शक्तिशाली और सफल होना गुलाम बनना है, जो कि सद्गुण का निषेध है। सद्गुण स्वतंत्रता देता है, लेकिन यह कोई हासिल करने की चीज नहीं है। कोई भी उपलब्धि, चाहे वह व्यक्तिगत हो अथवा सामूहिक, शक्ति का साधन बन जाती है।

**इस संसार में सफलता से और आत्म-नियंत्रण तथा आत्म-निषेध से प्राप्त शक्ति से बचना जरूरी है, क्योंकि दोनों ही समझ को विकृत करते हैं। यह सफलता की कामना ही है, जो विनम्रता को रोकती है।**

### सफलता को हावी न होने दें

इस संसार में सफलता से और आत्म-नियंत्रण तथा आत्म-निषेध से प्राप्त शक्ति से बचना जरूरी है, क्योंकि दोनों ही समझ को विकृत करते हैं। यह सफलता की कामना ही है, जो विनम्रता को रोकती है और बिना विनम्रता के क्या समझना हो पाता है?

सफलता प्राप्त मनुष्य कठोर बन जाता है। अपने आप में ही बंद हो जाता है। वह अपने ही महत्व, अपनी जिम्मेदारियों, उपलब्धियों और स्मृतियों के बोझ तले दबा रहता है। अपने आप ओढ़ी गई जिम्मेदारियों से तथा उपलब्धि के बोझ से स्वातंत्र्य आवश्यक है, क्योंकि जो बोझ तले दबा है, वह तत्पर नहीं हो सकता। समझ के लिए एक तत्पर तथा नमनीय मन आवश्यक है। जो सफल हैं, वे दया-करुणा से वंचित रह जाते हैं, क्योंकि वे जीवन के सौंदर्य को जानने में, जो कि प्रेम है, असमर्थ रहते हैं।

### अहंकार से बचना जरूरी

सफलता की कामना हावी होने की कामना है। हावी होने का अर्थ है- मालिक बनना और मिल्कियत अलगाव की राह है। यह आत्म-अलगाव ही हममें से अधिकतर लोग खोज रहे हैं। नाम के जरिये, संबंध, काम-काज तथा विचार-धारणा के जरिये।

अलगाव में शक्ति होती है, किंतु शक्ति से वैमनस्य और पीड़ा का जन्म होता है, क्योंकि अलगाव भय का परिणाम है और भय समस्त सह-संवाद का अंत कर देता है। सह-संवाद ही संबंध है और संबंध चाहे जितना सुखकारी या पीड़ादायक हो, इसी में आत्म-विस्मृति की संभावना होती है। अलगाव अहं की ही डगर है और अहं का सारा क्रिया-कलाप द्वंद्व तथा दुख लाता है।

पार्श्वनाथ निर्वाण दिवस (19 अगस्त)

# अहिंसा धर्म को जन-जन तक पहुंचाया

**जैन** धर्म के तेईसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ हुए। उनका तीर्थ-प्रवर्तन भगवान महावीर से 250 वर्ष पूर्व हुआ था। सौ वर्ष की आयु में श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को सम्मेद शिखर (पारसनाथ पहाड़ी) पर इन्होंने परिनिर्वाण प्राप्त किया। भगवान महावीर के समय तक उनकी परंपरा अविच्छिन्न थी। भगवान महावीर के माता-पिता भगवान पार्श्वनाथ के शिष्य थे। अहिंसा और सत्य की साधना को समाजव्यापी बनाने का श्रेय भगवान पार्श्व को ही जाता है।

भगवान पार्श्व समाज में अहिंसक परंपरा के उन्नयन द्वारा बहुत लोकप्रिय हुए थे। इसकी जानकारी हमें 'पुरिसा दाणीय' (पुरुषादानीय) विशेषण के द्वारा मिलती है। भगवान महावीर भगवान पार्श्व के लिए इस विशेषण का सम्मानपूर्वक प्रयोग करते थे।

एक बार राजकुमार पार्श्व गंगा के किनारे घूमने निकले। वहां एक तापस पंचाग्नि तप कर रहा था। चारों दिशाओं में अग्नि जल रही थी। ऊपर से सूर्य का प्रचंड ताप आ रहा था। पार्श्व वहां आकर रुके। उन्हें जन्म से अवधिज्ञान (एक प्रकार का अतीन्द्रिय ज्ञान) प्राप्त था। उस दिव्य ज्ञान से उन्होंने लक्कड़ में जल रहे सर्प-युगल को जान लिया। उन्होंने तापस से कहा, 'यह क्या? इस जल रहे लक्कड़ में सांप का एक जोड़ा है। वह जलकर भस्म हो जाएगा।' लक्कड़ को बाहर निकाला गया। सांप का जोड़ा अधजला हो चुका था। उसे देखकर सब आश्चर्यचकित रह गए। राजकुमार पार्श्व ने उन्हें नमस्कार मंत्र सुनाया। वह सर्प-युगल मर कर देव-रूप में उत्पन्न हुआ। बाद में वह सर्प-युगल धरणेन्द्र-पद्मावती के नाम से पार्श्वनाथ के परम उपासक बने। प्राचीन काल में अहिंसा को इतना सुसंबद्ध रूप देने का यह पहला उदाहरण है। पार्श्वनाथ का धर्म बिल्कुल सीधा-सादा था। इसमें उन्होंने चार संयम बताए-

**अहिंसा :** किसी भी जीव को मन, वचन या कर्म से कष्ट न पहुंचाना या उसकी हत्या न करना।

**सत्य :** हमेशा सच बोलना और कपट या झूठ का त्याग करना।



**अस्तेय :** बिना दी गई या बिना अनुमति के किसी की वस्तु न लेना (चोरी न करना)।

**अपरिग्रह :** संसार की वस्तुओं और संपत्ति के प्रति मोह-माया या लालच न रखना।

उन्होंने इन चारों संयम को सामाजिक जीवन के नियमों के साथ जोड़ दिया। इस कारण जो संयम पहले ऋषि-मुनियों के आचरण तक ही सीमित थे, अब वही नियम आम जनों और समाज के बीच व्यवहार में आ गए।

पार्श्व मुनि ने एक महत्वपूर्ण कार्य यह किया कि अपने नवीन धर्म के प्रचार के लिए समाज में संघ बनाए। बौद्ध साहित्य का अध्ययन करने से भी इसका पता चलता है कि बुद्ध के समय समाज में जो संघ विद्यमान थे, उन सब में जैन साधु और साध्वियों के संघ सबसे बड़े थे। जैन परंपरा के अनुसार चातुर्याम धर्म के प्रथम प्रवर्तक भगवान अजितनाथ और अंतिम प्रवर्तक भगवान पार्श्वनाथ हैं। जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर से लेकर तेईसवें तीर्थंकर तक चातुर्याम धर्म का उपदेश चला।

-आचार्य महाप्रज्ञ

## सप्ताह के व्रत-त्योहार

### 18 अगस्त से 24 अगस्त 2026 तक

18 अगस्त (मंगलवार): श्रावण शुक्ल षष्ठी तिथि सायं 05.51 मिनट तक। श्री शीतला षष्ठी व्रत। भौम व्रत।

19 अगस्त (बुधवार) : श्रावण शुक्ल सप्तमी तिथि सायं 07.20 मिनट तक। श्री शीतला सप्तमी व्रत। पार्श्वनाथ निर्वाण दिवस। गोस्वामी तुलसीदास जयंती।

20 अगस्त (गुरुवार) : श्रावण शुक्ल अष्टमी तिथि रात्रि 09.19 मिनट तक। भद्रा प्रातः 08.20 मिनट तक। श्रीदुर्गाष्टमी। मेला चिन्तपूर्णी-चामुंडादेवी (हिमाचल प्रदेश)।

21 अगस्त (शुक्रवार) : श्रावण शुक्ल नवमी तिथि रात्रि 11.37 मिनट तक। गंडमूल प्रातः 11.53 मिनट से।

22 अगस्त (शनिवार) : श्रावण शुक्ल दशमी तिथि रात्रि 02.01 मिनट तक पश्चात एकादशी तिथि। गंडमूल विचार।

23 अगस्त (रविवार) : श्रावण शुक्ल एकादशी तिथि रात्रि 04.19 मिनट। भद्रा अपराह्न 03.10 मिनट से रात्रि 04.19 मिनट तक। पवित्रा एकादशी व्रत (स्मार्त)। गंडमूल सायं 05.45 मिनट तक। शक भाद्रपद प्रारंभ।

24 अगस्त (सोमवार) : श्रावण शुक्ल द्वादशी तिथि (दिन-रात)। पवित्रा एकादशी व्रत (वैष्णव)।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

विचार

# अपने कर्त्तव्य के प्रति सचेत रहें

**हमें यह दुर्लभ मानव देह एक नियत समय के लिए मिली है। समय पूरा होने पर यह हमसे छीन ली जाएगी। सब कुछ यहीं छूट जाएगा, इसलिए समय रहते यह जरूरी है कि हम अपने कर्त्तव्यों के प्रति सचेत रहें।**

**एक** नगर था। वहां ऐसी प्रथा थी कि एक वर्ष पूरा हो जाने पर उस नगर के राजा को गद्दी से उतार दिया जाता था और नए राजा को बैठाया जाता था। पुराने राजा को नाव में बैठाकर नदी पार निर्जन वन में अकेला छोड़ दिया जाता था। प्रतिवर्ष इस प्रकार होता था। यों कई मनुष्य राजा बने और वर्ष पूरा हो जाने पर जंगल में जाकर दुख भोगने लगे। एक वर्ष तक राज्य-सुख-भोग में वे इतने आसक्त रहते थे कि उन्हें एक वर्ष बाद क्या स्थिति होगी, इसकी याद ही नहीं रहती थी।

एक बार इसी नियमानुसार एक मनुष्य को राजगद्दी मिली। वह बहुत बुद्धिमान था। उसने गद्दी पर बैठते ही पूछा- 'यह कितने दिनों के लिए है?' कर्मचारियों ने बताया- 'एक वर्ष के लिए है।' उसने पूछा- 'फिर क्या होगा?' उसे बताया गया- 'एक वर्ष पूरा होने के बाद आपसे राज्य सत्ता छीन ली जाएगी। केवल एक धोती पहने आपको नदी पार निर्जन वन में अकेले जाना पड़ेगा। यही यहां की प्रथा है।'

यह सुनकर उसने सोचा- 'एक वर्ष तो बहुत है। इतने समय में तो सब कुछ किया जा सकता है।' उसने राज्य का भार हाथ में लिया और न्यायपूर्वक प्रजापालन करने लगा, पर एक वर्ष की अवधि को नहीं भूला। उसने अपने व्यक्तिगत सुखों की कुछ भी परवाह नहीं की। उसने यह आदेश दिया- 'नदी पार का जंगल काटकर वहां बस्ती बसाई जाए। वर्ष पूरा होने के पहले वहां सब व्यवस्था ठीक हो जाए।'

एक वर्ष की अवधि में वहां जंगल की जगह एक छोटा-सा सुंदर नगर बस गया। एक वर्ष पूरा हो जाने के बाद उसे गद्दी से उतार दिया गया। वह जब नाव में चढ़कर हंसता हुआ नदी पार जाने लगा, तब नाविकों ने पूछा- 'और वर्ष तो जो राजा जाते थे, सभी रोते थे; आप कैसे हंस रहे हैं?'

उसने कहा- 'भाई! वे लोग एक वर्ष तक राज्य का सुख भोगते रहे। उन्होंने भविष्य का विचार नहीं किया। इसी से वे रोते गए, परंतु मैं सावधान था। मैं बराबर विचार करता रहा कि एक वर्ष के बाद तो यह राज्य तथा यहां का सब कुछ छोड़कर जाना पड़ेगा, इसलिए मैंने सारे व्यर्थ कार्य रोक दिए। एक वर्ष के बाद की स्थिति संभालने के लिए प्रयत्न करता रहा। अब मुझे कोई चिंता नहीं है, क्योंकि एक वर्ष की राज्य सत्ता का मैंने पूरा लाभ उठा लिया है, इसलिए मैं हंस रहा हूं।'

यह एक दृष्टांत है। इससे यह समझना चाहिए कि हमको यह देव-दुर्लभ मानव शरीर एक नियत



समय के लिए ही मिला है। नियत समय पूरा होने पर यह हमसे छीन लिया जाएगा। इसके सारे साज-सामान भी यहीं छूट जाएंगे। जब तक जीवन का यह नियत काल पूरा न हो जाए, तभी तक मानव जीवन का पूरा लाभ उठा लेना चाहिए। भगवान का सतत स्मरण करना चाहिए। संसार के प्राणी-पदार्थों में मोह न रखकर, यहां के भोगों से विरक्त और उपरत रहकर, पवित्र निष्पाप जीवन बिताते हुए इंद्रिय संयमपूर्वक सब में भगवद् भाव रखकर सबकी सेवा करनी चाहिए, जिससे दुख न उठाना पड़े। जीवन क्षणभंगुर है। पता नहीं, कब मृत्यु आ जाए।

-हनुमान प्रसाद पोद्दार

# सूर्य-केतु युति में सावधानी बरतना जरूरी

आस्था-अनास्था

समीर उपाध्याय ज्योतिर्विद्

**सूर्य-केतु युति के बारह राशियों पर क्या प्रभाव होंगे?**
**-अनंत गर्ग, मथुरा**

**सूर्य** ने 17 अगस्त, 2026 सोमवार को सुबह 08.03 पर अपनी स्वराशि सिंह में प्रवेश किया है। वहां पहले से स्थित केतु से सूर्य की युति प्रारंभ हो गई है। सूर्य-केतु युति से ग्रहण योग बनता है। सूर्य-केतु की युति सिंह राशि में 17 सितंबर, 2026 बृहस्पतिवार की सुबह 07.58 तक रहेगी। सिंह राशि में सूर्य-केतु युति का बारह राशियों पर प्रभाव :

**मेष :** पूर्वानुमान संबंधी मामलों में असफलता। परिवार में मांगलिक कार्य। आमदनी के नए स्रोत की प्राप्ति।

**वृष :** परिवार में थोड़ी अशांति हो सकती है। मरम्मत,



निर्माण कार्य तथा कुछ नई खरीददारी पर खर्च होगा। कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता मिलने की संभावना।

**मिथुन :** छोटी-लंबी लाभकारी यात्रा। आमदनी के नए स्रोत की प्राप्ति। पुरानी समस्या में राहत। रुके कार्य बनेंगे।

**कर्क :** गलत निर्णय से हानि। घर में मांगलिक कार्य। नए कार्य में संलग्नता। नए कार्य में पूंजी निवेश संभव।

**सिंह :** मानसिक अशांति। वैवाहिक जीवन एवं साझेदारी में अस्थिरता। नई खरीदारी एवं स्वास्थ्य पर खर्च।

**कन्या :** आर्थिक लाभ-हानि दोनों। नए पद की प्राप्ति। विवादित कार्यों में सफलता। पुरानी समस्या का समाधान।

**तुला :** लाभप्रद समय। रुके कार्य में थोड़े प्रयास से सफलता। घर में मांगलिक कार्य। विरोधी कमजोर होंगे।

**वृश्चिक :** महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता। घर में मांगलिक कार्य। लाभकारी परिवर्तन। तरक्की एवं सम्मान।

**धनु :** पुरानी समस्या में राहत। कार्यक्षेत्र में तरक्की। नई जिम्मेदारी, नए पद की प्राप्ति। जीवन स्तर में सुधार।

**मकर :** अवांछित परिवर्तन। घर में मरम्मत, स्वास्थ्य पर खर्च। गलत निर्णय से हानि। महत्वपूर्ण कार्य में आखिरी मौके पर बाधा। अतिरिक्त प्रयास से ही कार्य में सफलता।

**कुंभ :** पारिवारिक जीवन एवं साझेदारी में अनबन। कुछ नए कार्य की योजना पर कार्य प्रारंभ। नए संबंध-संपर्क। विवाद एवं पूर्वानुमान संबंधित कार्य से परहेज करें।

**मीन :** विवादित एवं स्वास्थ्य मामलों में सफलता। ऋण का निपटारा। उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने का अवसर।

## भेजें अपने सवाल

### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :**
धर्मक्षेत्र, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन प्रसन्न रहेगा। माता की सेहत में सुधार होगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। पढ़ाई में सफलता मिलेगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**कर्क :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, परंतु मन परेशान हो सकता है। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह :** आत्मविश्वास में वृद्धि तो होगी, पर संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। कारोबार में परेशानी आ सकती है। आय में कमी व खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**कन्या :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी, परंतु खर्च भी बढ़ेंगे।

**तुला :** मन प्रसन्न तो रहेगा, परंतु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन के कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**धनु :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र भी बढ़ेगा। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर :** मन परेशान हो सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति भी हो सकती है। सेहत पर ध्यान दें।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। स्थान परिवर्तन की संभावना भी बन रही है।

**मीन :** पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। संतान की सेहत का ध्यान रखें।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

18 अगस्त, मंगलवार, **शक संवत्** : 27 श्रावण (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 02 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 04 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : श्रावण शुक्ल षष्ठी तिथि सायं 05.51 मिनट तक पश्चात सप्तमी तिथि, स्वाती नक्षत्र (दिन-रात), शुक्ल योग रात्रि 03.23 मिनट तक पश्चात ब्रह्म योग, तैतिल करण। चंद्रमा तुला राशि में (दिन-रात)। **सूर्य दक्षिणायन**। सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। श्री शीतला षष्ठी व्रत। भौम व्रत।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**घर में पति-पत्नी की नौकरी के बावजूद कर्ज लेना पड़ता हो, तो ये वास्तु उपाय करें :**

- इस तरह की समस्या तब आती है, जब घर दक्षिण पश्चिम मुखी हो और टी पॉइंट पर भी हो। इसके लिए ये उपाय करें- आप यहां पर एक पीले रंग का यू टर्न बोर्ड लगवाएं। मंगलवार को किसी मंदिर से हनुमान जी के बायें पैर का सिंदूर लेकर आएं। फिर मुख्य द्वार के दोनों ओर उससे स्वस्तिक बनाएं। इस कार्य को नियमित करें। पांच पूर्णमासी को किसी विष्णु मंदिर में तुलसी का पौधा लगाएं या दें। एक पीतल का त्रिशूल अपने मुख्य द्वार पर लगाएं। अपने शयन कक्ष में उत्तर दिशा की बजाय दक्षिण दिशा में सिर करके सोयें। घर के महेंद्र पद पर एक झरोखा लगाएं। उसके साथ एक आईना भी लगाएं।

### वर्ग पहेली : 8424



**बाएं से दाएं**
3. कलकल ध्वनि; शोरगुल; हंगामा; हल्ला (4)
5. छूट देना; छोड़ देना; बख्श देना; क्षमा करना; माफी देना (2,3)
7. भाई; मां जाया; सनाभ; सोदर (4)
8. चणक; वातल; वायुवर्द्धक (2)
10. कोई बात सुनने के लिए किसी ओर प्रवृत्त होना; ध्यान देना (2,3)
11. खंड; भाग; मात्रा; हिस्सा (2)
12. कंठस्थ करवाना; कई बार दोहराने के लिए कहना; बार-बार याद कराना; रट्टा लगवाना (4)
14. बहुत बड़ा नगर; बड़ा शहर (5)
15. जिसका विकास हुआ हो; खिला हुआ; उन्नत; प्रस्फुटित; सभ्य (4)

**ऊपर से नीचे**
1. अच्छी तरह जांच कर अपनी राय देना; समीक्षा करना (5,3)
2. अंदाज लगाना; अनुमान करना; आकलन करना; कूतना; मूल्य लगाना; निशान लगाना (3)
3. एक ओर का स्थान जहां किसी की निगाह न पड़े; नुकीला छोर; कोण वाला स्थान (2)
4. गायब हो जाना; तेजी से दौड़ जाना; बहुत तेजी से भागना (2,1,2)
6. छिपी हुई बात खोलना; भेद प्रकट करना; रहस्य अनावृत्त करना (3,2,3)
9. घनत्व कम होना; पिघलना; नष्ट होना (3)
10. कार्यकारी; तदर्थ नियुक्त; स्थानापन्न (5)
13. मानदंड; स्तर (3)
14. राय; विचार; आशय; भाव; सम्मति; धर्म (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8423 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 त | 2 का | जा | 3 क | र | 4 ना | ■ | 5 क |
| 6 अ | ■ | म | ■ | म | ■ | क | ■ | स |
| 7 प | रा | या | ■ | 8 ल | ह | र | दा | र |
| ह | ■ | 9 ब | 10 क | ■ | ■ | ना | ■ | त |
| 11 र | वा | ■ | 12 म | ल | 13 ना | ■ | 14 नी | क |
| ण | ■ | 15 पु | ■ | ■ | 16 ता | 17 रा | ■ | र |
| 18 क | सू | र | हो | 19 ना | ■ | 20 ह | ल | वा |
| र | ■ | च | ■ | मि | य | ज | | ना |
| ना | ■ | 21 म | न्न | त | मा | न | ना | ■ |

### सुडोकू : 8378

* मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 6 | | | | 7 | |
| 6 | | 2 | | | | | | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 9 | 6 |
| | | 3 | 8 | | 9 | | | 1 |
| | | | | 4 | | | | |
| 8 | | | 1 | | 5 | 7 | | |
| 3 | 8 | 4 | 5 | | | 6 | | |
| | | | | | | 4 | | 9 |
| | 9 | | | | 3 | 5 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8377

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 |
| 5 | 4 | 6 | 2 | 3 | 7 | 1 | 8 | 9 |

## प्रेरणा

सही समय का इंतजार मत कीजिए। जो करना चाहते हैं...बस शुरू कीजिए। - मेलोनी रॉबिन्स

## संपादकीय

# देश में टैलेंट तो मिल जाएगा, निखारना सरकार का काम

कुपोषण-जनित नाटापन, दुबलापन और जन्म के समय कम वजन एक बड़ी समस्या है। महिलाओं में एनीमिया भी खत्म नहीं हो रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री का ओलिंपिक में भाग लेने और मेडल जीतने के आशय से टैलेंट हंट का अभियान सामयिक तो है, लेकिन उसके सफल होने की कई शर्तें हैं। जिन एक-तिहाई स्पर्धाओं में भारत भाग लेता है क्या उनमें वह अपेक्षित सफलता पा सका है? दक्षिण कोरिया की आबादी दिल्ली से थोड़ी ही ज्यादा है, पर उनकी पदक-तालिका देखें। इस कमी को कई स्तर पर देखना होगा। कुपोषण से मुक्ति पहला चरण है। खेलों के लिए बेहतर वातावरण, सुविधाएं और भविष्य की गारंटी देनी होगी। जब राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाला हॉकी या फुटबाल का खिलाड़ी भी आजीविका के लिए संघर्ष करता हो तो अभिभावक भी बच्चों को खेल के मैदान पर नहीं भेजने में ही भलाई समझते हैं। टैलेंट हंट से पहले टैलेंट के लिए अपेक्षित न्यूनतम स्वास्थ्य सुनिश्चित करें, फिर उनके लिए खेलों के बेहतर उपकरणों और मैदानों की व्यवस्था करें। साथ ही खेल और चयन में राजनीति या भाई-भतीजावाद के दंश को खत्म करें। चीन ने 2008 में ओलिंपिक कराया और सबसे ज्यादा गोल्ड जीते, लेकिन इसके लिए 15 वर्ष पहले ही बच्चों की क्षमताओं को परखने का काम शुरू कर दिया था। क्या भारत में खेलों पर ऐसा ही ध्यान दिया जा रहा है?

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# सींग में आक्रमण है और पूंछ में सुरक्षा, दोनों का महत्व है

किसी बात को मुहावरे में समझाने में तुलसीदास जी को महारत हासिल थी। गरुड़ जी से बात करते हुए उन्होंने कहा था- रामचंद्र के भजन बिनु जो चह पद निर्बान, ज्ञानवंत अपि सो नर पसु बिनु पूँछ बिषान। राम जी के भजन बिना जो मोक्ष-पद चाहता है, वह मनुष्य ज्ञानवान होने पर भी बिना पूंछ और सींग का पशु है। मोक्ष का अर्थ यहां यह न ले लिया जाए कि मरने के बाद की कोई स्थिति। जीते जी भी मोक्ष मिल सकता है। दुर्गुणों से मुक्ति हो जाए, जीवन में शांति उतर आए, परमात्मा की अनुभूति बनी रहे तो यही मोक्ष है। लेकिन इसके लिए तुलसीदास जी की शर्त है कि भगवान का भजन करते रहना चाहिए। यहां उन्होंने पशु को पूंछ और सींग से जोड़ा है। सींग में आक्रमण है, पूंछ में सुरक्षा है। उनका कहना है कि यदि ये दोनों नहीं हैं तो वह पशु भी किसी काम का नहीं है। मनुष्य में भी ये दो खूबी होनी चाहिए। प्रतिस्पर्धा के युग में आक्रामक होना भी आवश्यक है, लेकिन विनम्रता बनी रहे। सुरक्षा भी करनी पड़ेगी। युवा पीढ़ी को इस पंक्ति को समझना होगा। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## नजरिया • आलोचना और उपहास की अपनी सीमाएं हैं

# देश को विपक्ष से सकारात्मक बातों की भी अपेक्षा होती है

सियासत



आरती जेरथ
राजनीतिक टिप्पणीकार
aratijerath@gmail.com

पिछले सप्ताह राजधानी दिल्ली में 'रचनात्मक कांग्रेस' के एक कार्यक्रम में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं के दौरान दुनिया के नेताओं को गले लगाने की आदत का मजाक उड़ाया। अपेक्षाकृत युवा दर्शक इस मजाक पर हंसे जरूर, लेकिन बात तब अरुचिकर हो गई, जब कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने इसमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को भी घसीट लिया। शायद अब समय आ गया है कि विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी उपहास करने की अपनी इस रणनीति की दीर्घकालिक उपयोगिता पर आत्ममंथन करें। मंच पर इस तरह का हास्य-प्रदर्शन भले ही सुर्खियां बटोरने में सफल रहता हो, लेकिन यह सरकार की विदेश नीति की सुविचारित आलोचना का विकल्प नहीं हो सकता।

जनता विपक्ष के नेता से यही अपेक्षा करती है कि वह उसके सामने कुछ ठोस विचार प्रस्तुत करे, ताकि चुनाव में किसी विकल्प का चयन करने से पहले वह अपना मन बना सके। संसदीय व्यवस्था में विपक्ष का नेता मौजूदा सरकार की आलोचना करते हुए एक वैकल्पिक नीतिगत ढांचा भी प्रस्तुत करता है।

इसमें संदेह नहीं कि पिछले 12 वर्षों में राहुल गांधी की 'पप्पू' वाली छवि गढ़ने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं और संसाधन लगाए गए हैं। ऐसे में ताज्जुब नहीं कि राहुल भी अब प्रधानमंत्री के आभामण्डल में सेंध लगाने के लिए उतनी ही तीव्रता से पलटवार कर रहे हैं। लेकिन इसने देश के राजनीतिक विमर्श को दुर्भाग्यपूर्ण स्तर तक गिराया है। समय के साथ ही राजनीति भी बदलती है और बदलनी चाहिए भी।

राहुल गांधी ने 2022 में 145 दिनों तक चली भारत जोड़ो यात्रा के जरिए अपनी छवि को बदलने की कोशिश की थी। यह यात्रा दक्षिण में कन्याकुमारी से उत्तर में श्रीनगर तक 4,000 किलोमीटर से अधिक चली। तब उनकी प्रतिबद्धता, दृढ़ता और आम लोगों के साथ सहज-संवाद ने भाजपा को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया था। 2024 के आम चुनाव में इसके परिणाम भी देखने को मिले। कांग्रेस ने न केवल लोकसभा में अपनी सीटों की संख्या दोगुनी करके 99 कर ली, बल्कि भाजपा को बहुमत पाने से भी रोक दिया। उसे गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

हाल में देशभर में युवाओं के विरोध-प्रदर्शनों के बाद राजनीति में समीकरण बदलने की संभावना बन सकती है। अगर राहुल गांधी इस आंदोलन से पैदा हुई ऊर्जा का लाभ उठाना चाहते हैं, तो उन्हें अपनी छवि में एक और बदलाव लाना होगा। उनकी 'पप्पू' वाली छवि को तो समाप्त किया जा चुका है, लेकिन राहुल गांधी को अब यह भी स्पष्ट रूप से बताना होगा कि वे किन विचारों और नीतियों के पक्ष में खड़े हैं और कांग्रेस की सरकार या कांग्रेस के नेतृत्व वाली किसी गठबंधन सरकार का भारत के लोगों के लिए क्या मतलब होगा। यह खास तौर पर युवा मतदाताओं के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्होंने पिछले 12 वर्षों में खड़ी की गई खामोशी की दीवार को तोड़ते हुए सत्ता में बैठे लोगों से जवाबदेही की मांग की है। अब वे बेहतर शिक्षा और रोजगार के अपने अधिकार को हासिल करने, असहमति जताने और अपनी भाषा में अपनी बात कहने की आजादी की खुलकर और जमकर आजमाइश करने लगे हैं।

लोकसभा चुनाव में अभी तीन साल बाकी हैं। ऐसे में अगर कांग्रेस को अपनी जीत के अवसरों को उजला बनाना है तो राहुल गांधी को मौजूदा सरकार को लगातार नीचा दिखाने वाले नकारात्मक अभियान पर टिके रहने के बजाय, अधिक गंभीरता और गरिमा के

**राहुल गांधी को स्पष्ट रूप से बताना होगा कि वे किन विचारों और नीतियों के पक्ष में खड़े हैं और भविष्य में कांग्रेस की सरकार का भारत के लोगों के लिए क्या मतलब होगा। यह खास तौर पर युवा मतदाताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।**

साथ एक सकारात्मक एजेंडा सामने रखना होगा। उस व्यक्ति से गंभीरता अधिक अपेक्षित होती है, जो अगली सरकार का नेतृत्व करने की उम्मीद रखता हो।

हमने राहुल को 'एंग्री यंग मैन' के रूप में देखा है। सड़कों पर उतरने वाले जमीनी नेता के रूप में भी देखा है। पिछले सप्ताह हमने उनका ट्रोलिंग करने वाला रूप भी देख लिया। लेकिन देश को अभी तक इस बारे में बहुत कम जानकारी है कि अगर कांग्रेस अगला चुनाव जीतती है तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री कार्यालय में क्या लेकर आएंगे? अभी तक उन्होंने धर्मनिरपेक्षता से लेकर 'मोहब्बत की दुकान', 'पांच न्याय', जाति जनगणना और अब छात्रों के विरोध-प्रदर्शनों तक कई मुद्दों और राजनीतिक नारों को आजमाया है। लेकिन आने वाले समय में राहुल गांधी के सामने सबसे बड़ी चुनौती वे खुद हैं। उन्होंने उपहास और तीखी आलोचना को अपनी राजनीति की पहचान तो बना लिया है, लेकिन क्या वे इसे बदलकर ऐसा विश्वसनीय राजनीतिक नैरेटिव भी तैयार कर सकते हैं, जिससे 2029 में कांग्रेस और बेहतर विकल्प के रूप में सामने आए?

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

## मुद्दा • आधिकारिक यात्राओं से पहले घुसपैठें होती हैं

# एलएसी पर चीन की हरकतों की 'टाइमिंग' समझना जरूरी

भू-राजनीति



मनोज जोशी
विदेशी मामलों के जानकार
manoj1951@gmail.com

पिछले तीन-चार हफ्तों में तवांग के उत्तर-पूर्व और असफी-ला दर्रे के निकट स्थित तक्सिंग क्षेत्र में एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) के पार चीनी फौजों (पीएलए) की घुसपैठ की खबरें सामने आई हैं। यहां पीएलए ने कथित तौर पर भारतीय सेना की अपने पैट्रोलिंग पॉइंट्स तक पहुंच रोक दी है। सरकार ने इस तरह की किसी घटना से इनकार किया है। लेकिन अरुणाचल टाइम्स ने घटनाक्रम की रिपोर्ट प्रकाशित की है और पूर्व गृह सचिव आर.के. सिंह ने आरोप लगाया है कि यह तक्सिंग क्षेत्र में शेरा-5 पैट्रोलिंग पॉइंट को भारत द्वारा छोड़ दिए जाने का परिणाम है।

दरअसल, जो कुछ हुआ है, उसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। चीन यह स्वीकार नहीं करता कि यहां एलएसी मैकमोहन रेखा से निर्धारित होती है। उसका दावा है कि पूरा अरुणाचल प्रदेश ही उसका क्षेत्र है और वह इसे जांगनान या दक्षिणी तिब्बत कहता है। 1962 के भारत-चीन युद्ध में चीन ने पूरे नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (नेफा) पर कब्जा कर लिया था। उस समय अरुणाचल प्रदेश को उसी नाम से जाना जाता था। हालांकि, इसके बाद उसने अपनी सेनाएं मैकमोहन रेखा के उत्तर में वापस बुला ली थीं। लेकिन 1950 के दशक से ही मैकमोहन रेखा के वास्तविक मार्ग को लेकर भी मतभेद रहे हैं और इसी वजह से भारत और चीन के बीच दावे और काउंटर-क्लेम्स होते रहे हैं।

2003 में प्रधानमंत्री वाजपेयी की बीजिंग यात्रा की पूर्व संध्या पर एक चीनी गश्ती दल ने असफी-ला के पास भारतीय सैनिकों के एक छोटे दल से उनके हथियार छीन लिए थे और बाद में उन्हें उनके हथियारों समेत एक भारतीय ऑब्जर्वेशन पोस्ट को सौंप दिया था। दरअसल, एलएसी पर चीनी घुसपैठों में एक विचित्र पैटर्न भी देखने को मिलता है। जब भी कोई आधिकारिक यात्रा प्रस्तावित होती है या करीब आती है, तो एक व्यापक रूप से प्रचारित घटना सामने आने लगती है, जिसका उद्देश्य यह दिखाना होता है कि एलएसी कोई पारस्परिक रूप से मान्य सीमा नहीं है।

2013 में चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग की भारत यात्रा से पहले भी एक चीनी गश्ती दल पूर्वी लद्दाख में एलएसी के भारतीय हिस्से में 19 किलोमीटर अंदर तक आ गया था और राकी नाला के पास एक स्थान पर कब्जा कर लिया था। इससे भारतीय गश्ती दलों के लिए डेपसांग बुल्ज में प्रभावी ढंग से गश्त करना संभव नहीं रह गया था। बाद में चीन ने अपने सैनिक वापस बुला लिए। 2014 में शी जिनपिंग की यात्रा की पूर्व संध्या पर भी चीनी सैनिकों ने एलएसी पार की और विवादित क्षेत्र में सड़क बनाने की कोशिश की। दोनों पक्षों के सैकड़ों सैनिकों के बीच आमना-सामना हुआ और यह गतिरोध शी की भारत यात्रा के दौरान भी जारी रहा। 2019 में, जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के भारत के फैसले पर चीन ने नाराजगी जाहिर की थी। इसलिए, जब शी जिनपिंग, नरेंद्र मोदी के साथ दूसरे अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के लिए चेन्नई आए तो लद्दाख के पैंगोंग झील क्षेत्र में चीनी गश्त बढ़ गई और इसके परिणामस्वरूप भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई। अब फिर अगले महीने शी भारत आ सकते हैं और चीनी हरकतें नजर आने लगी हैं।

इसके पीछे चीन के क्या मनसूबे होते हैं, यह समझ पाना मुश्किल है। नई दिल्ली के लिए यह समझना भी कठिन रहा है कि चेन्नई शिखर सम्मेलन के बाद चीन ने पूर्वी लद्दाख में भारतीय ठिकानों की नाकेबंदी आखिर क्यों की थी, जिसके परिणामस्वरूप गलवान में झड़प

**एलएसी पर चीनी घुसपैठों में एक विचित्र पैटर्न देखने को मिलता है। जब भी कोई आधिकारिक यात्रा होती है, तो ऐसी घटनाएं सामने आने लगती हैं, जिनका उद्देश्य यह दिखाना होता है कि एलएसी पारस्परिक रूप से मान्य सीमा नहीं है।**

हुई। चीन एक और खेल खेल रहा है। 2017 से चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के अपने द्वारा दिए नामों की छह सूचियां जारी की हैं। अब तक 112 नाम घोषित किए जा चुके हैं। 7 अगस्त को हमने जवाब देते हुए 27 स्थानों के मानक नामों की घोषणा की तो चीन भड़क उठा।

हकीकत यही है कि अरुणाचल के लोगों का तिब्बत के साथ कोई जातीय संबंध नहीं है। उसे दक्षिणी तिब्बत कहकर बदलकर चीन भले एक संदेश देना चाहता हो, लेकिन युद्ध शुरू करने के अलावा वह इस बारे में बहुत कुछ नहीं कर सकता। आज की स्थिति 1962 से बहुत अलग है। भारत के पास एक मजबूत सेना है, जो इस क्षेत्र की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। हम एक परमाणु ताकत भी हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

---

दैनिक भास्कर
अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

## इमिग्रेशन • अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन का अवैध रूप से रह रहे लोगों को बाहर निकालने का अभियान तेज

# अवैध प्रवासी : रोज दो हजार गिरफ्तारियों की तैयारी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने का अभियान तेज कर दिया है। हवाई अड्डों पर ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है, जिनके वीसा की अवधि खत्म हो चुकी है, लेकिन उनके इमिग्रेशन से जुड़े मामले अभी लंबित हैं। संघीय कानून के तहत ऐसे लोगों को हिरासत में लिया जा सकता है, हालांकि पिछले राष्ट्रपतियों के प्रशासन ने उन्हें अवैध रूप से रह रहे लोगों की श्रेणी में नहीं रखा था। ट्रम्प प्रशासन रोजाना होने वाली इमिग्रेशन गिरफ्तारियों को लगभग दोगुना कर 2,000 तक पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। इस कार्रवाई में ऐसे हजारों लोगों को हिरासत में लिया जा रहा है, जो मानते थे कि उन्होंने अमेरिका में रहने के नियमों का पालन किया है। इनमें कई ऐसे लोग भी हैं, जिनके देश में स्थायी रूप से रहने के आवेदन पर फैसला होना बाकी है।

कैलिफोर्निया के बरबैंक में पिछले महीने ऐसा ही मामला सामने आया। टेक सेल्समैन ब्रेंट जिन्द्रा ने ट्रम्प के आक्रामक इमिग्रेशन एजेंडे के समर्थन में उन्हें तीन बार वोट दिया था। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि इसका असर उनकी पत्नी पर पड़ेगा। रूस की रहने वाली उनकी पत्नी बोबरेनेवा को विमान से उतरने के कुछ ही देर बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने करीब 15 मिनट पूछताछ के बाद उन्हें हथकड़ी लगाकर हिरासत में ले लिया। वह 16 दिन तक जेल में रहीं। इसके बाद टखने में इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटर लगाने की शर्त और 35 हजार डॉलर के मुचलके पर उन्हें रिहा किया गया। अब वह वीसा अवधि से अधिक समय तक अमेरिका में रहने के संघीय आरोपों के खिलाफ देश में रहने की कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। बोबरेनेवा का ग्रीन कार्ड आवेदन अभी लंबित है। उनके वकील का कहना है कि उन्होंने कभी भी अपना वैध इमिग्रेशन दर्जा नहीं खोया। हालांकि, होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने उन्हें 'अवैध विदेशी' बताते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिका में रहने की निर्धारित अवधि से अधिक समय बिताया है। विभाग के मुताबिक, ग्रीन कार्ड या इमिग्रेशन से जुड़े अन्य लंबित आवेदन अपने आप अमेरिका में कानूनी दर्जा नहीं देते। ट्रम्प प्रशासन का तर्क है कि ऐसे मामलों में कानून के तहत कार्रवाई की जा सकती है। इस नीति के कारण लंबे समय से अमेरिका में रह रहे और अपने इमिग्रेशन मामलों के फैसले का इंतजार कर रहे लोगों में भी गिरफ्तारी का डर बढ़ गया है।



इमिग्रेशन जांच के लिए कतार में लगे लोग।

### मध्यावधि चुनाव में नुकसान की आशंका

डोनाल्ड ट्रम्प के आक्रामक इमिग्रेशन एजेंडा ने उन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए वाइट हाउस तक पहुंचाने में मदद की थी, लेकिन यह एजेंडा मध्यावधि चुनावों से पहले रिपब्लिकन पार्टी के लिए कमजोरी बनता जा रहा है। उनके कुछ मागा समर्थकों ने भी इंफोर्समेंट एजेंसी आईसीई की सख्त रणनीतियों की आलोचना करना शुरू कर दी है। वे कहते हैं कि इमिग्रेशन अभियान से देश को भविष्य में नुकसान होगा।

### हिरासत में बेसिक सुविधाएं भी नहीं

हिरासत के दिनों को याद करते हुए बोबरेनेवा बताती हैं कि हिरासत की जगह में सुविधाएं बहुत कम थीं। 120 महिलाओं के लिए केवल सात शॉवर थे। इनमें से चार ही काम कर रहे थे। पीने के लिए पानी तक मुश्किल से मिल पा रहा था। बीमार लोगों को तब तक इलाज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था जब तक कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता न हो जाए। बाद में उन्होंने रूस से मंगाई गई चॉकलेट को रूस, यूक्रेन, बेलारूस और आर्मेनिया के साथी रूसी-भाषी बंदियों के साथ साझा किया।

© The New York Times

## हेल्थ • बटन के आकार की डिवाइस से सेहत पर नजर

# स्मार्टवॉच, बैंड व रिंग के बाद अब आ रहीं इंप्लांट होने वाली डिवाइस

ब्रेंट क्रेन



वियरेबल डिवाइस का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। स्मार्टवॉच, स्मार्ट रिंग और स्मार्ट बैंड के बाद अब ऐसे उपकरणों पर काम हो रहा है, जिन्हें शरीर में इंप्लांट किया जा सके। बांह में बटन के आकार का यह डिवाइस लगातार ब्लडप्रेशर, तापमान, दिल की गतिविधि और सेहत से जुड़े दूसरे मानकों की निगरानी कर सकेगा। इन उपकरणों से शरीर में किसी गड़बड़ी का तुरंत पता लगाया जा सकता है। व्यक्तिगत एआई सिस्टम संभावित बीमारी के संकेत मिलने पर इसकी जानकारी सीधे डॉक्टर को भेज सकता है। इससे बीमारी का शुरुआती चरण में पता लगने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को भी सुविधाजनक बनाने की उम्मीद है। वर्तमान में वियरेबल डिवाइस का बाजार कारोबार 4.2 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

भविष्य में मरीजों को बीमारी की जांच के लिए हर बार अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वियरेबल डिवाइस से जुटाया गया सेहत से जुड़ा डेटा पहले ही डॉक्टर तक पहुंच जाएगा। इससे डॉक्टर मरीज की स्थिति पर दूर से नजर रख सकेंगे और जरूरत के अनुसार जांच या इलाज की सलाह दे सकेंगे। 2009 में फिटबिट ट्रैकर लॉन्च होने के बाद वियरेबल डिवाइस में लोगों की रुचि तेजी से बढ़ी है। वेंचर कैपिटल फर्मों के साथ एपल, सैमसंग और गूगल जैसी बड़ी टेक कंपनियां भी इस क्षेत्र में निवेश कर रही हैं। टेक्नोलॉजी रिसर्च कंपनी आईडीसी के विश्लेषक जितेश उबरानी के मुताबिक, वियरेबल डिवाइस का अंतिम लक्ष्य हेल्थ सिस्टम का हिस्सा बनना है। इस क्षेत्र में कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है। स्मार्ट रिंग कंपनी औरा ने पेटेंट उल्लंघन के आरोप में सात प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ मुकदमे किए हैं। कंपनी तीन मामलों में जीत चुकी है, जबकि चार मामले लंबित हैं। एक तिमाही में 80 लाख एपल वॉच बेचने वाली एपल भी कम से कम दो पेटेंट मामलों का सामना कर रही है। कंपनियां अब अस्पतालों और हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी बढ़ा रही हैं। एपल ने हेल्थ डेटा कंपनी एपिक सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है। ऑरा ने लगातार ग्लूकोज मॉनिटर बनाने वाली डेक्सकॉम के साथ गठजोड़ किया है। मई में गूगल ने गूगल हेल्थ पेश किया, जबकि सैमसंग ने पिछले साल जील्थ का अधिग्रहण किया था।

मायो क्लिनिक हेल्थ सिस्टम के डॉ. एंड्रयू जैगिम के मुताबिक, वियरेबल डिवाइस की मदद से दुनिया में कहीं भी और किसी भी समय मरीज की निगरानी संभव होगी। इनका इस्तेमाल स्वास्थ्य के अलावा डिजिटल चाबी की तरह भी बढ़ रहा है। एपल वॉच से मैक अपने आप अनलॉक किया जा सकता है। भविष्य में चलने का तरीका, दिल की धड़कन और दूसरे बायोमेट्रिक्स सिस्टम में लॉगिन, इमारतों में प्रवेश और ऑनलाइन खरीदारी की मंजूरी के लिए इस्तेमाल हो सकते हैं।

### ये बता रहे कैसे कसरत करें, कब सोएं और कितना खाएं

वियरेबल्स अब अधिक सक्रिय भी हो रहे हैं। वे केवल स्वास्थ्य और फिटनेस डेटा को ट्रैक करने के बजाय यह भी बताते हैं कि क्या किया जाए, कब और कैसे एक्सरसाइज करें, कब सोएं और कितना खाएं। इंडस्ट्री एनालिस्ट बेन अर्नोल्ड के अनुसार यहीं पर एपल और गूगल जैसे अधिक स्थापित ब्रांडों को बढ़त मिल सकती है। ये कंपनियां अपने इकोसिस्टम के अन्य उत्पादों से जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। © The New York Times

## इस हफ्ते चर्चा में...

### अमेरिकी बास्केटबॉल टीमें अरबों रुपए में बिक रही हैं




**1.19 लाख करोड़ रु.**

में खरीदा है बास्केटबॉल टीम लॉस एंजेलिस लेकर्स को वेंचर कैपिटलिस्ट जोश कुशनर और डिज्नी के पूर्व सीईओ बॉब आइगर ने।

**3.82 लाख करोड़ रु.**

की आय होने की संभावना है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई को इस साल। चैटजीपीटी इसी का प्रोडक्ट है।

**57 करोड़ रु.**

का उपहार स्वीकार करने की जानकारी सामने आने के बाद प्रमुख मैगजीन फोर्ब्स के एक बड़े संपादक ने इस्तीफा दे दिया है।

## मनोविज्ञान • सामने वाले के गुणों का अनुकरण करें

# ईर्ष्या दुश्मन नहीं, आपके भीतर छिपी इच्छा का संकेत भी हो सकती है

किसी सहकर्मी को प्रमोशन मिले या किसी परिचित के पास वह चीज हो, जिसकी हमें चाह है तो मन अनायास तुलना करने लगता है। समाज विज्ञानी स्टेसी एस. किम के मुताबिक, दूसरों से तुलना करना सामाजिक जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है। समस्या तब शुरू होती है, जब हम अपनी ईर्ष्या को समझने के बजाय उसमें उलझ जाते हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि ईर्ष्या हमेशा नुकसानदेह नहीं होती। बोस्टन यूनिवर्सिटी के स्टीवन जे. सैंडेज के मुताबिक, यह हमारे भीतर छिपी किसी गहरी इच्छा की ओर इशारा कर सकती है। यानी जिस चीज से हमें ईर्ष्या हो रही है, शायद वही हमारे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञ 'सौम्य' और 'द्वेषपूर्ण' ईर्ष्या में फर्क करते हैं। किसी के पास मौजूद चीज को पाने की इच्छा हमें आगे बढ़ा सकती है, लेकिन उस व्यक्ति के असफल होने की कामना नुकसानदेह है। ईर्ष्या को समझना कभी-कभी दुख या अधूरी इच्छाओं से भी सामना कराता है। ऐसे में दोस्तों से बात करना मददगार हो सकता है।



### प्रतियोगिता से बचें

ईर्ष्या करने के बजाय इस बात पर ध्यान दें कि आप किस चीज का अनुकरण कर सकते हैं, चाहे वह आपके सहकर्मी द्वारा प्रदर्शित कोई कौशल हो या कोई कसरत की दिनचर्या हो। हालांकि विशेषज्ञ कहते हैं, इसे एक प्रतियोगिता न बनाएं। यदि आप केवल दूसरे व्यक्ति से बेहतर करने की होड़ में हैं, तो आप कभी न खत्म होने वाले ट्रेडमिल पर होंगे। जितना हो सके सहानुभूति और अच्छी भावनाएं रखने का अभ्यास करें।

© The New York Times

## रणनीति

# एआई मॉडल के साथ अपना डेटा भी फैलाना चाहता है चीन

चीन सिर्फ एआई मॉडल निर्यात करने तक सीमित नहीं रहना चाहता। वह दुनिया के एआई सिस्टम को प्रशिक्षित करने वाले डेटा का बड़ा आपूर्तिकर्ता बनने की भी तैयारी कर रहा है। इससे विश्लेषकों को आशंका है कि बीजिंग तकनीक के साथ अपना नैरेटिव और विचार भी दुनिया तक पहुंचा सकता है। चीन ने एआई क्षेत्र में बढ़त बनाने के लिए बड़े पैमाने पर डेटा, इमेज और वीडियो जुटाना शुरू किया है। इसी बीच ओपनएआई और एंथ्रोपिक ने हाल में चीन पर अपने एआई मॉडल की नकल करने का आरोप लगाया है। चीन के राष्ट्रीय डेटा प्रशासन ने 2028 के अंत तक देश को डेटा पावरहाउस बनाने का ब्लूप्रिंट पेश किया। इसमें वैज्ञानिक शोध, औद्योगिक विनिर्माण और स्वायत्त वाहनों समेत दो दर्जन से ज्यादा रणनीतिक क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले डेटा का प्रसार शामिल है। चीन सरकारी प्रयोगशालाओं और सरकारी मीडिया से तैयार विशाल मात्रा में डेटा पहले ही जारी कर चुका है। यह डेटा दुनिया भर में डाउनलोड के लिए उपलब्ध कराया गया है। पश्चिमी विश्लेषकों का कहना है कि चीन के डेटा निर्यात से कम्युनिस्ट पार्टी के दुष्प्रचार का प्रभाव बढ़ सकता है। © The New York Times

## बिजनेस ब्रीफ

### धूत ट्रांसमिशन 38% प्रीमियम के साथ लिस्ट

**मुंबई|** ऑटो कंपोनेंट्स कंपनी धूत ट्रांसमिशन की शेयर बाजार में शुरुआत शानदार रही। 74.21 गुना सब्सक्रिप्शन के बाद एनएसई पर यह शेयर 37.8% के प्रीमियम के साथ ₹1,200 पर लिस्ट हुआ, जबकि प्राइस बैंड ₹871 था। लिस्टिंग के बाद कंपनी का बाजार पूंजीकरण ₹24,418.95 करोड़ हो गया। शॉर्ट-टर्म निवेशक मुनाफा बुक कर सकते हैं।

### चीनी इकोनॉमी में सुस्ती के संकेत, रिटेल बिक्री धीमी

**बीजिंग|** जुलाई में चीन की अर्थव्यवस्था धीमी पड़ गई। कमजोर रिटेल बिक्री और बेरोजगारी बढ़ने से उपभोक्ता खर्च प्रभावित हुआ। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के मुताबिक, जुलाई में रिटेल बिक्री महज 0.6% बढ़ी, जो जून में 1% थी। मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स गिरकर 49.2 पर आ गया, जो 50 के अहम स्तर से नीचे है।

### अब म्यूचुअल फंड लॉन्च के लिए सिंगल फॉर्म

**मुंबई|** सेबी ने म्यूचुअल फंड रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आसान बनाते हुए सिंगल कंसॉलिडेटेड एप्लीकेशन फॉर्म शुरू किया है। इससे पहले इन-प्रिंसिपल अप्रूवल और फाइनल रजिस्ट्रेशन के लिए अलग-अलग आवेदन करने होते थे, जिसे अब खत्म कर दिया गया है। इस बदलाव से कागजी कार्रवाई कम होगी, डुप्लीकेशन रुकेगा और नई कंपनियों के लिए अप्रूवल प्रक्रिया तेज होगी।

### पेटीएम की प्रमोटर एंटिटी बेचेगी 5% हिस्सेदारी

**मुंबई|** पेटीएम के फाउंडर और सीईओ विजय शेखर शर्मा की कंपनी 'रेसिलिएंट एसेट मैनेजमेंट' कंपनी में 4.98% तक की हिस्सेदारी बेचने जा रही है। डील की वैल्यू ₹5,040 करोड़ आंकी गई है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि इससे शर्मा परिवार की प्रत्यक्ष शेयरहोल्डिंग में बदलाव नहीं आएगा। इस बीच पेटीएम के शेयर में मार्च से 70% से अधिक तेजी आ चुकी है।

### बिटकॉइन ईटीएफ से जून के बाद सबसे बड़ी निकासी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में लिस्टेड स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ से 10 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 38.97 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी हुई, जो जून के बाद सबसे अधिक है। इससे पिछले हफ्ते इनमें 85.35 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ था। बिटकॉइन करीब 63,000 डॉलर पर ट्रेड कर रहा है, जो अक्टूबर के रिकॉर्ड स्तर से लगभग 50% नीचे है।

---

**कमाई का नया जरिया • शेयर उधार देने के सिस्टम एसएलबी पर परामर्श पत्र जल्द**

# नीलामी से शेयरों की क्लोजिंग दाम तय करने का सिस्टम 'सीएएस' वापस नहीं होगा: सेबी

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को कहा कि 3 अगस्त से लागू क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (सीएएस) स्थायी व्यवस्था है। जरूरत पड़ने पर सुधार होंगे, पर व्यवस्था वापस नहीं ली जाएगी। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्युरिटीज मार्केट्स में एक कार्यक्रम में पांडे ने कहा कि सीएएस खत्म



नहीं होगा। ट्रैकिंग एरर की आशंका खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था में सौदों के लिए एक ही कीमत तय होती है, जबकि पुरानी वॉल्यूम वेटेड एवरेज प्राइस (वीडब्ल्यूएपी) प्रॉसेस से निकली कीमत मिलती थी। पांडे के मुताबिक वर्षों पुरानी व्यवस्था में बदलाव को लोग अमूमन कुछ इस तरह देखते हैं कि यह टल जाएगा, इसलिए नई प्रणाली सीखने में पूरी ऊर्जा नहीं लगाते। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े ढांचागत बदलाव में शुरुआती दिक्कतें स्वाभाविक हैं। उन्होंने बताया कि सेबी जल्द 'सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग' (एसएलबी) सिस्टम पर भी परामर्श पत्र लाएगा, जिससे सीएएस में भागीदारी और मजबूत होगी।

### भास्कर एक्सप्लेनर — क्लोजिंग ऑक्शन सेशन यानी सीएएस क्या है?

#### सीएएस: जानें कैसे तय हो रही शेयरों की सही क्लोजिंग प्राइस व बाजार पर असर

यह नीलामी आधारित सिस्टम फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (वायदा) कॉन्ट्रैक्ट के लिए है। यह रोजाना दोपहर 3:15 से 3:30 बजे के बीच चलने वाला विशेष सत्र है, जिसमें शेयर की आधिकारिक क्लोजिंग कीमत तय होती है।

- **ये कैसे काम करता है?** सामान्य ट्रेडिंग सेशन में सौदे तुरंत होते हैं, लेकिन सीएएस में तय समय 15 मिनट के भीतर सारे ऑर्डर जमा किए जाते हैं। सत्र खत्म होने पर एक्सचेंज एक कीमत का पता लगाता है, जिस पर सबसे ज्यादा शेयरों का मिलान संभव हो और यह शेयर की क्लोजिंग प्राइस बन जाती है। बीच में दो मिनट की खिड़की रैंडम तरीके से बंद होती है, ताकि आखिरी क्षण में ऑर्डर डालने की ट्रेंड हतोत्साहित हो।
- **सीएएस का मकसद क्या है?** न्यूयॉर्क, लंदन जैसे वैश्विक एक्सचेंजों की तर्ज पर घरेलू बाजार को खड़ा करना।
- **इसके फायदे क्या हैं?** क्लोजिंग प्राइस असल मांग-आपूर्ति को बेहतर तरीके से दिखाती है। बड़े सौदों का असर कम पड़ता है, सभी भागीदार एक जैसी पारदर्शी व्यवस्था में हिस्सा लेते हैं।
- **चुनौतियां क्या हैं?** कई भागीदारों के ट्रेडिंग सिस्टम पुराने हैं। ऐसे में इसे समझने और अपनाने में समय लग रहा है।

#### एसएलबी: बिना इस्तेमाल रखे शेयरों से होगी कमाई, तरीका व नियम जानिए

इसमें निवेशक अपने शेयर एक तय फीस के बदले कुछ समय के लिए दूसरे ट्रेडरों को उधार देते हैं।

- **यह कैसे काम करता है?...** जिस निवेशक के पास शेयर लंबे समय से बिना इस्तेमाल पड़े रहते हैं, वह उन्हें उधार पर देकर फीस कमाता है। उधार लेने वाला ट्रेडर तय अवधि बाद शेयर लौटाता है।
- **शॉर्ट-सेलिंग से अलग कैसे ?** शॉर्ट-सेलिंग ऐसी ट्रेडिंग रणनीति है, जिसमें कोई निवेशक उधार लिए शेयर पहले बेचता है। कीमत गिरने पर उन्हें सस्ते में वापस खरीदकर मुनाफा कमाता है। एसएलबी इस पूरी प्रक्रिया के लिए शेयर उधार देने-लेने का आधार तैयार करता है।
- **एसएलबी का सीएएस से क्या संबंध है?** सेबी के मुताबिक, एसएलबी से बाजार भागीदारी बढ़ेगी। सीएएस के दौरान ज्यादा खरीद-बिक्री ऑर्डर होंगे। और क्लोजिंग प्राइस और भी भरोसेमंद बनेगी।
- **क्या इसमें जोखिम भी है?** उधार लिए शेयर समय पर न लौटने या उसकी कीमत में अचानक बड़े उतार-चढ़ाव का जोखिम बना रहता है। इसलिए एक्सचेंज इसके लिए मार्जिन और गारंटी जैसी व्यवस्थाएं रखते हैं। अब यह व्यवस्था कुछ चुनिंदा शेयरों पर ही है।

**छोटी अवधि के एसएलबी कॉन्ट्रैक्ट्स शुरू**

- सोमवार से एक्सचेंजों ने एसएलबी स्कीम के तहत कम अवधि के कॉन्ट्रैक्ट्स लॉन्च कर दिए। इससे ट्रेडर्स को लेन-देन का उलटा पक्ष (रिवर्स लेग) महज तीन दिन में सेटल करने का विकल्प मिलेगा।
- शेयर उधार देने वाले निवेशकों को भी फायदा होगा। कम अवधि के चलते उनके शेयर जल्दी वापस मिलेंगे। इससे वे बार-बार उधार देकर अतिरिक्त कमाई के ज्यादा मौके बना सकेंगे।

---

**निवेश • अप्रैल-जून में प्रति रीट आय 34% बढ़ी**

# रीट निवेशकों की 1 साल में दोगुनी कमाई, विकल्प भी 4 से बढ़कर 6

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारत के छह लिस्टेड रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) ने अप्रैल जून (Q1) में निवेशकों को 3,136 करोड़ रुपए बांटे। यह एक साल पहले की तुलना में दोगुना है। इंडियन रीट्स एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक, बीती तिमाही 4.85 लाख से ज्यादा यूनिटहोल्डर्स को यह रकम मिली।

सोमवार को जारी डेटा के मुताबिक अप्रैल-जून 2025 में चार लिस्टेड रीट्स ने 1,559 करोड़ रुपए बांटे थे, जो अब बढ़कर 3,136 करोड़ रुपए हो गए हैं। इस दौरान लिस्टेड रीट्स की संख्या भी बढ़कर छह हो गई है। नॉलेज रियल्टी ट्रस्ट और बागमने प्राइम ऑफिस रीट हाल में इस लिस्ट में शामिल हुए। इंडियन रीट्स एसोसिएशन के चेयरपर्सन शिरीष गोडबोले ने कहा कि दोगुनी आय वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद बेहतर किराया वसूली, खाली जगह भरने और अनुशासित पूंजी प्रबंधन का नतीजा है।

**शुरुआत से अब तक सभी रीट्स निवेशकों के बीच 34,800 करोड़ रुपए बांट चुके**

| तिमाही | लिस्टेड रीट्स | वितरण |
|---|---|---|
| Q1 24-25 | 4 | 1,371 |
| Q1 25-26 | 4 | 1,559 |
| Q1 26-27 | 6 | 3,136 |

नोट: वितरण करोड़ रुपए में, स्रोत: इंडियन रीट्स एसोसिएशन

**रिटर्न • प्रति रीट औसत कमाई बढ़कर अब 523 रुपए, 2025 में 343 रुपए था**

- अप्रैल-जून 2025 में प्रति रीट औसत वितरण ₹342.75 करोड़ था।
- अप्रैल-जून 2026 में यह 13.71% बढ़कर ₹389.75 करोड़ हो गया।
- अप्रैल-जून 27 में 1 साल पहले के मुकाबले कमाई 34% बढ़कर ₹522.67 करोड़ हो गई।

**सेक्टर • 3.17 लाख करोड़ रुपए एयूएम, 2.17 लाख करोड़ रुपए मार्केट कैप**

- रीट सेक्टर की कुल एसेट्स (ग्रॉस एयूएम) अप्रैल-जून 2026 में 3.17 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रही।
- 11 अगस्त, 2026 तक सभी रीट्स का संयुक्त मार्केट कैपिटलाइजेशन 2.17 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा।
- छह रीट्स मिलकर देशभर में 21.4 करोड़ वर्ग फीट से ज्यादा ग्रेड-ए ऑफिस और रिटेल स्पेस मैनेज करते हैं। यह साल-दर-साल बढ़ रहा है।

**रीट क्या है... बड़ी कमर्शियल प्रॉपर्टी में छोटे निवेश का तरीका**

रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) ऐसी निवेश व्यवस्था है, जिसमें कई निवेशकों का पैसा जोड़कर किराए पर चलने वाली बड़ी कमर्शियल प्रॉपर्टी (ऑफिस, मॉल आदि) में लगाया जाता है। इसमें कोई भी निवेश 105-120 रुपए (1 यूनिट) तक का छोटा निवेश भी कर सकता है। इससे मिलने वाला किराया और मुनाफा नियमित अंतराल पर निवेशकों के बीच बांटा जाता है। 2023 में सेबी और वित्त मंत्रालय की देखरेख में इंडियन रीट्स एसोसिएशन की स्थापना हुई थी, जो इस सेक्टर के प्रचार-प्रसार के लिए काम करता है।

---

**पश्चिम एशिया में बढ़ रही धमक**

## एलएंडटी को मिले ₹30 हजार करोड़ के 2 प्रोजेक्ट

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को पश्चिम एशिया में 15,000 करोड़ रुपए से अधिक का बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक समुद्र में काम करने वाली कंपनी की विशेष इकाई, एलटीईएच ऑफशोर को यह अल्ट्रा-मेगा ऑर्डर हासिल हुआ है। हालांकि, कंपनी ने ग्राहक के नाम का खुलासा नहीं किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत कंपनी क्षेत्र में कई ऑफशोर सुविधाएं विकसित करेगी। इसमें ऑफशोर सुविधाओं की इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग का कार्य शामिल है।

प्रोजेक्ट से जुड़े ज्यादातर निर्माण कार्य एलएंडटी अपने ही प्लांट में तैयार करेगी। 32 अरब डॉलर (3.06 लाख करोड़ रुपए) की यह कंपनी 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के प्रोजेक्ट्स को अल्ट्रा-मेगा श्रेणी में वर्गीकृत करती है। पिछले चार दशकों में एलएंडटी ने दुनियाभर में कई मुश्किल ऑफशोर प्रोजेक्ट्स सफलता से पूरे किए हैं। इससे पहले 13 अगस्त को कंपनी को अमेरिकी कंपनी टुगेदर एआई से 15 हजार करोड़ रुपए तक का मेगा ऑर्डर मिला था। इस प्रोजेक्ट में कंपनी चेन्नई कैंपस में देश की सबसे बड़ी एआई फैक्टरी बनाएगी।

**नोएल पीएमओ के अफसरों से मिले**

## टाटा संस की आज होने वाली एजीएम टल सकती है

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी 'टाटा संस' की मंगलवार को प्रस्तावित वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को टाला जा सकता है। सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) की अनिवार्य बोर्ड बैठक आयोजित न होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। नियमों के अनुसार, एजीएम के लिए इस ट्रस्ट और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट को संयुक्त रूप से एक प्रतिनिधि नामित करना होता है। महाराष्ट्र के चैरिटी कमिश्नर ने ट्रस्ट के नियमों के उल्लंघन से जुड़ी एक जांच के चलते सर रतन टाटा ट्रस्ट की बैठकों पर रोक लगा रखी है। इस वजह से ट्रस्ट के बोर्ड को बैठक करने और संयुक्त प्रतिनिधि चुनने की अनुमति नहीं मिल पाई है। हालांकि टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा सहित अन्य ट्रस्टियों ने कमिश्नर से अनुमति मांगी है। ये दोनों ट्रस्ट टाटा संस में 66% हिस्सेदारी रखते हैं।

यह घटनाक्रम ऐसे समय आया है जब एन. चंद्रशेखरन के चेयरमैन पद छोड़ने के ऐलान के बाद समूह में नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बीच टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की। माना जा रहा है कि उद्देश्य सरकार को टाटा संस में होने वाले आगामी नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया से अवगत कराना है।

**बुलियन मार्केट में फिर तेजी**

## सोना साल के निचले स्तर से 11%, चांदी 9% महंगी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

घरेलू बाजार में सोना साल के निचले स्तर से 14,598 रुपए (10.5%) और चांदी 20,168 रुपए (9.4%) महंगी हो चुकी है। सोमवार को 24 कैरेट सोना 1,804 रुपए बढ़कर 1,54,167 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच



गया। वहीं, चांदी 1,800 रुपए की तेजी के साथ 2,35,642 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पहले 23 मार्च को सोना 1,39,569 रुपए और 17 जुलाई को चांदी 2,15,474 रुपए के साल के निचले स्तर पर थी। कोटक सिक्युरिटीज की एवीपी (कमोडिटी रिसर्च) कायनात चैनवाला के अनुसार, अमेरिका में सुस्त रिटेल बिक्री से डॉलर 0.2% गिरा है। बाजार अब सितंबर में ब्याज दरें बढ़ने की संभावना 33% से कम मान रहा है, जो पहले 70% से अधिक थी। होर्मुज जलमार्ग में तनाव और केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी से भी कीमतें चढ़ रही हैं।

वहीं, एलकेपी सिक्युरिटीज के कमोडिटी और करेंसी रिसर्च एनालिस्ट (वीपी) जतिन त्रिवेदी के मुताबिक, एमसीएक्स गोल्ड में 1,54,750 के आसपास मजबूत समर्थन है और रेजिस्टेंस करीब 1,55,500 पर है। निवेशक इस हफ्ते आने वाले अमेरिकी फेड की बैठक के मिनट्स पर नजर रखेंगे।

**ब्लूप्रिंट • बैंक अब बड़े सुधार के लिए तैयार: सीतारमन**

# युवाओं, किसानों को सस्ता कर्ज, आसान होंगे क्रेडिट कार्ड के नियम

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

युवाओं को आसान लोन, खेती-बागवानी के लिए सस्ता कर्ज और क्रेडिट कार्ड के नियम सरल बनाने के लिए बैंकिंग नीतियों में बड़े बदलाव की तैयारी है। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सात प्रमुख सेक्टरों पर काम शुरू कर दिया है। 'पीएसबी कॉन्फ्लुएंस 2026' में सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि देश की 29% युवा आबादी (15-29 वर्ष) की जरूरतें ध्यान में रखते हुए ये कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें नए निवेश और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को कर्ज देने में सुधार शामिल है। साथ ही सरकार 'विकसित भारत 2047' मिशन के लिए एक उच्च स्तरीय बैंकिंग समिति गठित करेगी, जो इस दो दिवसीय सम्मेलन में मिले सुझावों के आधार पर भावी सुधारों का खाका तैयार करेगी।

**रिकॉर्ड • एनपीए अब सिर्फ 1.8% पर, यह भारतीय बैंकिंग के इतिहास में सबसे कम**

देश के बैंकों का फंसा कर्ज यानी एनपीए घटकर 1.8% पर आ गया है। यह घरेलू बैंकिंग के इतिहास में सबसे कम है। एक साल पहले तक बैंकों का ग्रॉस एनपीए 2.3% था। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक अब तक की सबसे मजबूत स्थिति में हैं। सरकारी बैंकों का नेट एनपीए घटकर 0.39% रह गया। बैंकों ने कड़े सुधारों से साख बनाई है और अब वे संकट से निपटने के बजाय मजबूती से विकास पर ध्यान दे रहे हैं।

**रिकवरी तेज • मार्च 2018 में कुल बैंक लोन के 11.18% तक पहुंच गया था फंसा कर्ज**

एनपीए में आई गिरावट एक लंबी प्रक्रिया का नतीजा है। आठ साल पहले यानी मार्च 2018 में कमर्शियल बैंकों का ग्रॉस एनपीए 11.18 प्रतिशत के रिकॉर्ड ऊंचे स्तर तक पहुंच गया था। इसके बाद सरकार और रिजर्व बैंक की सख्त नीति, एसेट क्वालिटी रिव्यू, रीकैपिटलाइजेशन और कड़े रिकवरी नियमों के कारण फंसे कर्ज में लगातार गिरावट आई है।

---

**चेतावनी • लाइव सेशन में मिल रही गलत सलाह**

## निवेशक सोशल मीडिया पर 'लाइव ट्रेडिंग टिप्स' से सचेत रहें: नियामक

भास्कर न्यूज़| मुंबई

बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को निवेशकों को सोशल मीडिया पर 'लाइव ट्रेडिंग स्ट्रैटजी' या 'रियल टाइम स्ट्रैटजी' नाम से सलाह पर भरोसा न करने की चेतावनी दी। सेबी के मुताबिक, कुछ लोग खुद को विशेषज्ञ बताकर लाइव सेशन में कब खरीदें, कब बेचें जैसी सलाह दे रहे हैं। लाइव डेटा के आधार पर टारगेट भी बता रहे हैं। ऐसे सेशन बड़ी संख्या में लोग देखते हैं और साथ चल रही लाइव चैट में गैर-पंजीकृत सलाह पर भरोसा भी कर रहे हैं। सेबी ने निवेशकों से सिर्फ पंजीकृत इंटरमीडियरी पर भरोसा करने की सलाह दी है।

**भास्कर नॉलेज**

**नियम क्या कहता है?**

- मई में जारी सेबी के सर्कुलर के मुताबिक, मार्केट प्राइस डेटा सिर्फ शिक्षा-जागरूकता के लिए है, वह भी 30 दिन की देरी से और बिना किसी मौद्रिक प्रोत्साहन (जैसे फीस) के साझा किया जा सकता है।
- सिर्फ शिक्षा देने वाला व्यक्ति पिछले 30 दिन का डेटा इस्तेमाल कर सकता है, वह न तो भविष्य की कीमत बता सकता है और न सलाह दे सकता है।
- लाइव मार्केट के डेटा सिर्फ बाजार के सुचारू संचालन या नियामकीय जरूरतों के लिए ही साझा किए जा सकते हैं।

## यूरोप में वर्जिन ट्रेन की एंट्री, यूरोस्टार की मोनोपोली टूटी



रिचर्ड ब्रैनसन

**लंदन** | 32 साल में पहली बार यूरोस्टार को टक्कर मिलने जा रही है। ब्रिटेन के रेल रेगुलेटर ओआरआर ने सोमवार को रिचर्ड ब्रैनसन की वर्जिन ट्रेन चैनल टनल से चलने की मंजूरी दे दी। 1994 से यूरोस्टार का चैनल टनल पर एकाधिकार रहा है। लेकिन 1 अक्टूबर, 2030 से वर्जिन लंदन से पेरिस, ब्रसेल्स और एम्स्टर्डम के लिए रोजाना 20 राउंड ट्रिप (40 ट्रेनें) चलाएगी। कंपनी इस प्रोजेक्ट में 70 करोड़ पाउंड (₹9,078 करोड़) निवेश करेगी। अभी अन्य सुरक्षा मंजूरियां और नेटवर्क एक्सेस मिलना बाकी है।

## रेरा रजिस्ट्रेशन छिपाने, कैश डील चाहने वालों की फौरन शिकायत करें: ईडी

बिजनेस संवाददाता | अहमदाबाद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घर खरीदने वाले ग्राहकों से कहा है कि वे रेरा रजिस्ट्रेशन छिपाने या कैश में डील चाहने वाले बिल्डरों की तुरंत शिकायत करें। यह चेतावनी एजेंसी ने अहमदाबाद की एक रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ 129.80 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क करते समय दी है। केशव नारायण ग्रुप और उसके प्रमोटर रौनक रावजीभाई सोनानी व विपुलभाई गोवर्धनभाई गंगानी पर लोगों को ठगने का आरोप है। अहमदाबाद पुलिस की एफआईआर और चार्जशीट के आधार पर पीएमएलए कानून के तहत यह कार्रवाई 14 अगस्त को की गई। आरोपियों ने बिना मंजूरी वाली फर्जी योजनाओं के जरिए मध्यम वर्ग और छोटे निवेशकों को फंसाया था। आरोपी बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के ही फ्लैट और दुकानें बेच रहे थे। उन्होंने 54-100% तक रिटर्न का झांसा दिया था।

## आईटी सेक्टर में बड़ी डील की चमक में छिप रहा असली संकट, छोटी डील घट रहीं

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

भारतीय आईटी कंपनियों की बड़ी डील उनकी कुल डील वैल्यू को थामे हुए हैं। लेकिन जो छोटे और तेजी से निपटने वाले प्रोजेक्ट असली ग्रोथ इंजन माने जाते हैं, उन पर दबाव बढ़ रहा है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, जारी युद्धों और एआई के चलते कंपनियां अब निवेश पर ज्यादा बारीकी से नजर रख रही हैं। टीसीएस की तिमाही दर तिमाही डील वैल्यू लंबे समय से 9.3-9.5 अरब डॉलर (₹90,877 करोड़) के बीच अटकी रही है। विप्रो, टेक महिंद्रा और एलटीआईएम की डील वैल्यू भी या तो स्थिर रही है या मामूली गिरावट आई है। एचएफएस रिसर्च के फाउंडर फिल फर्शट के मुताबिक, बड़ी डील लागत घटाने के लिए मिल रहे हैं, लेकिन छोटी डील्स को दबाव झेलना पड़ रहा है।

---

**बिजनेस एंकर** — **आयकर अपीलीय अधिकरण ने नोटबंदी के दौरान अघोषित आय के मामले में दी राहत**

# 11.22 करोड़ रुपए की हेराफेरी पर अनोखा फैसला...कारोबारी को आदेश-500 पेड़ लगाओ, तभी बचेगी अपील, वरना रद्द होगा टैक्स राहत का दावा

भास्कर न्यूज़| नई दिल्ली

**टैक्स के मामले में राहत के साथ सामाजिक जिम्मेदारी जोड़ने का नया प्रयोग**

चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. अभय शर्मा के मुताबिक, यह फैसला इसलिए अहम है कि अधिकरण ने न्यायिक राहत को पर्यावरण को लेकर जिम्मेदारी से जोड़ने का अलग रास्ता अपनाया है। मामले में नकद जमा, बड़े असुरक्षित लोन और लेनदारों की रकम के समर्थन में ठोस दस्तावेज न होना करदाता के लिए भारी पड़ा। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में केवल खाते में रकम दर्ज होना पर्याप्त नहीं है। रकम का स्रोत, संबंधित पक्ष की पहचान, उसकी वित्तीय क्षमता और लेनदेन की वास्तविकता साबित करने वाले दस्तावेज संभालकर रखना जरूरी है। नोटबंदी जैसी संवेदनशील अवधि के दौरान नकद लेनदेन में यह सावधानी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) की चंडीगढ़ खंडपीठ ने ₹11.22 करोड़ की अस्पष्ट रकम से जुड़े मामले में अनोखी शर्त लगाई है। यमुनानगर के कारोबारी रणबीर सिंह को एक महीने के भीतर पानीपत के समालखा में यमुना किनारे 500 पेड़ लगाने होंगे। ऐसा नहीं किया तो आयकर आयुक्त (अपील) का वह आदेश दोबारा लागू हो जाएगा, जिसमें कारोबारी पर देनदारी बरकरार रखी गई थी। अधिकरण ने 14 अगस्त को यह आदेश सुनाया। सुनवाई न्यायिक सदस्य ललित कुमार और लेखा सदस्य विजय वर्मा की खंडपीठ ने की थी। मामला निर्धारण वर्ष 2017-18 का है। सिंह ने ₹1.79 लाख कुल आय और ₹3 लाख कृषि आय घोषित की थी। जांच में सामने आया कि नोटबंदी के दौरान उनके बैंक खातों में ₹85.93 लाख नकद जमा हुए थे। इसके अलावा ₹9.25 करोड़ के असुरक्षित लोन और ₹1.07 करोड़ के लेनदार थे। आदेश के मुताबिक, कारोबारी इस धन के स्रोत के साथ ऋणदाताओं और लेनदारों की पहचान, वित्तीय क्षमता और लेनदेन की वास्तविकता साबित करने वाले पर्याप्त दस्तावेज नहीं दे सके। कृषि आय के समर्थन में भी प्रमाण नहीं दिए गए। निर्धारण अधिकारी ने ₹11.22 करोड़ से ज्यादा रकम जोड़कर कुल आय ₹11.23 करोड़ तय की। आयुक्त (अपील) ने भी इसे बरकरार रखा।

अधिकरण में कारोबारी के चार्टर्ड अकाउंटेंट रोहित गोयल ने एक अंतिम मौका मांगा। इसी दौरान कारोबारी ने सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के तहत 'हरि यमुना सहयोग समिति' की मदद से समालखा में यमुना किनारे 500 पेड़ लगाने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव में एक साल तक रखरखाव के लिए प्रति पौधा 30 रुपए देने की बात भी कही।

राजस्व विभाग की प्रतिनिधि कुसुम बंसल ने कहा कि मौका दिया जाता है तो राहत वास्तविक और समयबद्ध अनुपालन से जुड़ी होनी चाहिए। अधिकरण ने एक अंतिम अवसर देते हुए मामला निर्धारण अधिकारी के पास भेजा है। अधिकारी को यह जांचना है कि एक महीने में 500 पेड़ लगाए गए या नहीं। कारोबारी खुद पौधे नहीं लगा सके तो 'हरि यमुना सहयोग समिति' को पौधरोपण, स्थापना, सुरक्षा और रखरखाव की लागत दे सकते हैं। इसका दस्तावेजी प्रमाण भी देना होगा। यदि शर्त पूरी नहीं हुई तो आयुक्त (अपील) का आदेश स्वतः बहाल होगा और अपील खारिज मानी जाएगी।

## एफसीएनआर स्वैप विंडो बंद, रुपया 19 पैसे टूटा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे कमजोर होकर बंद हुआ। एक डॉलर की कीमत 95.61 हो गई। रुपए में यह कमजोरी रिजर्व बैंक द्वारा रियायती विनिमय (बी) फॉरेक्स स्वैप सुविधा तय समय से 1 माह पहले बंद करने (अब 31 अगस्त) के ऐलान से आई। इस अप्रत्याशित कदम से बाजार में डॉलर की आवक और लिक्विडिटी को लेकर चिंता बढ़ गई। बेंचमार्क 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड की यील्ड बढ़कर 6.81% हो गई। आयातकों की लगातार डॉलर की मांग और 88 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहे ब्रेंट क्रूड के कारण रुपए पर दबाव बना हुआ है। वित्तीय सलाहकार फर्म फिनरेक्स के अनुसार 13 अगस्त तक कुल इनफ्लो 56.8 अरब डॉलर था।

## इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट: केंद्र ने 7,877 करोड़ के 31 नए प्रस्तावों को दी मंजूरी

बिजनेस संवाददाता| नई दिल्ली

सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के तहत 7,877 करोड़ रुपए के 31 नए निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। आईटी सचिव एस. कृष्णन के अनुसार, 10 राज्यों में फैली इन परियोजनाओं से 82,243 करोड़ रुपये का उत्पादन होने और करीब 10,000 नई नौकरियां मिलने की उम्मीद है। इन नई स्वीकृतियों के साथ ही इस योजना के तहत कुल स्वीकृत आवेदनों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है, जिससे कुल संचयी निवेश 69,548 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सरकार देश में मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इकोसिस्टम तैयार करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस योजना का मूल लक्ष्य 2030-31 तक 500 अरब डॉलर का घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तैयार करना है।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍 Hindi Editorials PDF

📍 Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

Click Here